नई दिल्ली
बुधवार, 23 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 08
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 21

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## एफ-15 विमान की विशेषताएं

एफ-15 लड़ाकू विमान को सऊदी अरब की वायुसेना के जंगी बेड़े का एक बेहद महत्वपूर्ण मारक हथियार माना जाता है। उनके पास इन विमानों की संख्या 200 से अधिक है। वर्तमान में इस विमान के दो वेरिएंट एफ-15 ई और एफ-15 एसई सऊदी अरब के पास हैं। इन विमानों को मूलरूप से अमेरिका की मैकडॉनेल डगलस कंपनी (वर्तमान में बोइंग का हिस्सा है) ने डिजाइन के साथ तैयार किया था। ये सभी तरह के मौसम में सैन्य मिशन को पूरा करने में सक्षम दो इंजन वाले लड़ाकू विमान हैं। सऊदी अरब ने करीब 13 साल पहले यानी 2012 में इन्हें खरीदने के लिए अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### खाड़ी क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण देश के दो दिवसीय दौरे के तहत जेद्दा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# सऊदी अरब के आसमान में एफ-15 विमानों ने किया पीएम का 'ग्रैंड वेलकम'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

यूं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों पर उनके भव्य स्वागत की तस्वीरें आम हैं। लेकिन मंगलवार को जो नजारा खाड़ी क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण देश के रूप से पहचाने जाने वाले सऊदी अरब के आसमान में देखने को मिला।

उससे हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। जी हां, यह पूरा घटनाक्रम पीएम की सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा से जुड़ा हुआ है। जिसके तहत 22 अप्रैल को जैसे ही उनके विमान ने जेद्दा के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया तो उसी के साथ सऊदी अरब की वायुसेना के एफ-15 लड़ाकू विमानों ने एक विशेष सम्मान प्रदर्शित करते हुए न केवल पीएम के विमान की अगवानी की।

बल्कि उसे सुरक्षा कवच (एस्कॉर्ट) भी प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर इसका एक वीडियो साझा कर यह जानकारी दी। जिसमें 'दोस्ती ऊंची उड़ान'! शीर्षक के साथ पोस्ट की और उसमें लिखा, शेष पेज 5 पर




### क्षेत्रीय शांति, स्थिरता के प्रति जताई प्रतिबद्धता

*उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सऊदी अरब की यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए बयान में दोनों देशों की क्षेत्रीय शांति, समृद्धि, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए साझा दिलचस्पी और प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत, सऊदी अरब के साथ अपने पुराने और ऐतिहासिक संबंधों को बहुत अधिक महत्व देता है। हाल के वर्षों में संबंधों ने रणनीतिक गहराई और गति हासिल की है। दोनों देशों ने एक साथ मिलकर रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी और ठोस साझेदारी विकसित की है। उन्होंने सऊदी अरब में जीवंत भारतीय समुदाय से मिलने की उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि यह हमारे देशों के बीच सेतु के रूप में काम करना जारी रखे हुए हैं। सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को मजबूत करने में भी यह बहुत बड़ा योगदान देते हैं।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
हैदराबाद मुंबई
शाम 7.30 बजे से


### गोल्ड का नया रिकॉर्ड, 1 लाख हुआ



**नई दिल्ली।** 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम मंगलवार 22 अप्रैल को सर्राफा बाजार में पहली बार 1 लाख रुपए पर पहुंच गया। भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है। जबकि दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,500 रुपए है। इसी तरह मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है। कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 92,900 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है। इसी तरह चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है।

### पीएम बोले पहलगाम में मासूम पर्यटकों पर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा

# आतंकियों ने पर्यटकों को मारी गोली, 20 से अधिक मौतों का दावा, सदमे में देश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले ने लोगों के दिलों को दहला दिया है। हमला पहलगाम के बैसरन घाटी में दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ, जहां आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकियों ने पर्यटकों से उनके नाम और धर्म पूछकर गोली मारी, जिससे यह हमला और भी जघन्य हो गया। हमले में 1-2 पर्यटकों की मौत की पुष्टि हुई, जबकि 12-20 पर्यटक घायल हुए। कुछ स्रोतों ने 20 से अधिक मौतों का दावा किया, लेकिन आधिकारिक आंकड़े अभी स्पष्ट नहीं हैं।

आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोग संगठन टीआरएफ ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब से ही स्थिति पर नजर रखते हुए अमित शाह को त्वरित कार्रवाई, घटनास्थल का दौरा, और सुरक्षा समीक्षा के निर्देश दिए। इस हमले ने देश को झकझोर दिया है, और केंद्र सरकार ने आतंकियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का वादा किया है। पहलगाम हमले पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को सुरक्षा चूक के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कठोर कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की मांग की। शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी के निर्देश पर गृहमंत्री शाह श्रीनगर पहुंचे

आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोग संगठन टीआरएफ ने हमले की ली जिम्मेदारी




### आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें: पीएम मोदी

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे, उन्होंने तुरंत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की। उचित और कठोर कदम उठाने के निर्देश दिये। पीएम मोदी ने अमित शाह को इस हमले से निपटने के लिए सभी आवश्यक और उचित कदम उठाने का आदेश दिया। उन्होंने आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पीएम ने शाह को पहलगाम शेष पेज 5 पर

## तो पहलगाम आतंकी हमले के पीछे नापाक पाकिस्तान की साजिश तो नहीं ?

कविता जोशी ⏭ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीछे कहीं पाकिस्तान का नापाक हाथ तो नहीं है? कहीं यह हमला भारत के निकट पड़ोसी दुश्मन देश के पाले हुए आतंकियों का कारनामा तो नहीं है? यह वो तमाम जरूरी सवाल हैं जो पहलगाम आतंकी हमले के साथ ही देश के सैन्य-सामरिक गलियारों में तेजी से घूमने लगे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि हाल ही में पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर का एक बेहद विवादित बयान सामने आया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि 'कश्मीर' पाकिस्तान के गले की नस है। पाकिस्तान दो राष्ट्र के सिद्धांत का समर्थन करता है और मुसलमान, हिन्दुओं से हर तरह से अलग हैं।' इसके तुरंत बाद पहलगाम में आतंकी शेष पेज 5 पर

### सैन्य अभियान में जुटी सेना

मौजूदा हमले के बाद आतंकियों के समूल नाश के लिए सेना भी बाकी सुरक्षा बलों के साथ संयुक्त अभियान में जुटी हुई है। बल का कहना है कि अगर आवश्यकता पड़ी तो वह अतिरिक्त दक्ष सैन्य बलों की भी अभियान में तैनाती करने के लिए तैयार है।

### पहले भी अमेरिकी राष्ट्राध्यक्षों की यात्रा के दौरान हुआ हमला

सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी (सेवानिवृत) ने कहा कि इस हमले में पाकिस्तान का हाथ है। इसमें कोई शक नहीं है। क्योंकि इसके जरिए वह अमेरिका के साथ ही बाकी दुनिया को यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि भारत का वो दावा खोखला है, जिसमें वो कहता है कि कश्मीर में शांति है और उसके प्रयासों से पर्यटन बढ़ रहा है, लोग बढ़ चढ़कर चुनावों के दौरान मतदान कर रहे हैं और सूबे में शांति और सौहार्द का वातावरण कायम है। उन्होंने कहा कि इतिहास में देखें तो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के वक्त पर भी पाकिस्तान ने भारत पर आतंकी हमला किया था। वर्तमान में अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भारत यात्रा पर हैं और पहलगाम में आतंकी हमला हो गया।

### पहलगाम हमला: जयराम ने की सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग

*हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली*

*पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक जैराम रमेश ने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। इस हमले में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिसमें 1-2 लोगों की मौत और 12-20 लोगों के* शेष पेज 5 पर

### आतंकियों को नहीं बख्शेंगे: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा और कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने श्रीनगर रवाना होने से पहले एक उच्चस्तरीय बैठक की और पीएम मोदी को पूरी जानकारी दी।

**हमला निंदनीय: राजनाथ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हमले को कायरतापूर्ण और निंदनीय बताया और पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

**अपराधियों को सजा दिलाएंगे: सिन्हा:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हमले की निंदा की और अपराधियों को सजा दिलाने का वादा किया।

**हमला अमानवीय: उमर:** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमले को घृणित और अमानवीय बताते हुए कहा कि यह हाल के वर्षों में नागरिकों पर सबसे बड़ा हमला है। उन्होंने घायलों के लिए अस्पतालों में उचित व्यवस्था का जायजा लिया।

**हमला कायरतापूर्ण: महबूबा:** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने हमले को कायरतापूर्ण बताया और कहा कि कश्मीर की आतिथ्य परंपरा को यह हमला दागदार करता है। उन्होंने सुरक्षा चूक की जांच की मांग की।

### दुबे विवाद के बीच उपराष्ट्रपति धनखड़ का बड़ा बयान

# संसद ही 'सुप्रीम' इससे ऊपर कोई नहीं, चुने प्रतिनिधि ही कर सकते हैं संविधान में बदलाव

संविधान कहता है हम, भारत के लोग। इसका मतलब है कि सबसे बड़ी शक्ति लोगों के पास



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय में कहा कि संसद सर्वोच्च है और चुने हुए प्रतिनिधि ही असली मालिक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान में संसद से ऊपर कोई नहीं है, और लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही संविधान में बदलाव कर सकते हैं।


हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद को बंद कर देना चाहिए। अब इस मुद्दे को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर टिप्पणी की शेष पेज 5 पर

### हर व्यक्ति लोकतंत्र का एक परमाणु

धनखड़ ने जोर देकर कहा कि संविधान में संसद से ऊपर कोई नहीं है। संसद उतनी ही सर्वोच्च है, जितना कि देश का हर व्यक्ति। हम, भारत के लोग में हर व्यक्ति लोकतंत्र का एक परमाणु है। इस परमाणु में शक्ति है। यह शक्ति चुनावों में दिखती है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक देश हैं।

### कपिल सिब्बल ने कहा..

## कोर्ट कर सकता है संविधान की व्याख्या



*राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने भी धनखड़ से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ भी कहा है, वह देश के संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है। यह राष्ट्रीय हित में है। सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संसद के पास कानून बनाने की पूरी शक्ति है। सुप्रीम कोर्ट का कर्तव्य है कि वह संविधान की व्याख्या करे और पूरी तरह से न्याय करे।*

### पांच हजार से अधिक धावकों ने की भागीदारी

# सैन्य अस्पताल ने किया सोल्जरथॉन का आयोजन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सेना के नई दिल्ली स्थित रिसर्च एंड रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल ने मंगलवार को पहली सोल्जरथॉन (रन फॉर सोल्जर्स और रन विद सोल्जर्स) का आयोजन किया। जिसमें 5 हजार से अधिक धावकों ने एक साथ भाग लिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह आयोजन सशस्त्र बलों के बहादुर नायकों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। जिसमें पूर्व सैनिकों, जवानों, आम



नागरिकों, छात्रों ने मिलकर भाग लिया। तीन श्रेणियों 10, 5 और 3 किलोमीटर में इस दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी.के. सिंह (सेवानिवृत), नौसेनाध्यक्ष, शेष पेज 5 पर

### मुंबई में भाजपा का 'वक्फ बिल समझाओ' अभियान

# संपत्तियों की लूट रोकना वक्फ बिल का मुख्य उद्देश्य : रिजिजू

एजेंसी ⏭ मुंबई

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम का मुख्य उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना और वक्फ संपत्तियों की लूट व दुरुपयोग को रोकना है। उन्होंने यह बात मुंबई में 'वक्फ सुधार जनजागरूकता अभियान' के तहत

■ भारत में 9 लाख 72 हजार वक्फ संपत्तियां



लोगों को संबोधित करते हुए कही। रिजिजू ने कहा कि भारत एक बड़ा देश है और यहां की हर इंच जमीन का सही उपयोग होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा करीब 9 लाख 72 हजार शेष पेज 5 पर

### ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा

# बिल इस्लामी मूल्यों, शरीयत धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) मंगलवार को दिल्ली में प्रदर्शन किया। वक्फ बचाओ अभियान के तहत तालकटोरा स्टेडियम में तहफ्फुज-ए-औकाफ कारवां (वक्फ की हिफाजत) नाम से आयोजन हुआ है। कार्यक्रम में

■ पहला फेज 11 अप्रैल से 7 जुलाई तक चलेगा



जमात-ए-इस्लामी हिंद समेत देशभर के मुस्लिम संगठनों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि पहुंचे हैं। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल हुए हैं। बैठक में वक्फ कानून के खिलाफ आगे की कानून लड़ाई शेष पेज 5 पर

### 2845 उम्मीदवारों के इंटरव्यू, वैकेंसी 1132.... 1,009 उम्मीदवारों को नियुक्ति दी गई

यूपीएससी के परिणाम घोषित

# यूपीएससी में 'मातृ-शक्ति'

### प्रयागराज की शक्ति दुबे टॉपर दूसरे स्थान पर हर्षिता व तीसरे पर अर्चित


पिछले वर्ष दो नंबर से सफलता न मिलने के बाद शक्ति थोड़ा परेशान थीं, लेकिन हार नहीं मानीं, तैयारी में लगी रहीं और सफलता प्राप्त की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का रिजल्ट घोषित हो गया है। इस साल शक्ति दुबे ने टॉप कर देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। शक्ति दुबे ने अपनी ग्रेजुएशन की डिग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकैमिस्ट्री में की है। ग्रेजुएशन करने शेष पेज 5 पर



शक्ति दुबे
**प्रथम**
प्रयागराज



हर्षिता गोयल
**द्वितीय**
हरियाणा



अर्चित पराग
**तृतीय**
पुणे

### टॉप-10 टॉपर्स

1. *शक्ति दुबे*
2. *हर्षिता गोयल*
3. *डोंगरे अर्चित पराग*
4. *शाह मर्गी चिराग*
5. *आकाश गर्ग*
6. *कोमल पूनिया*
7. *आयुषी बंसल*
8. *राज कृष्ण झा*
9. *आदित्य विक्रम अग्रवाल*
10. *मयंक त्रिपाठी*

### 7 जनवरी से 17 अप्रैल तक चले इंटरव्यू

इंटरव्यू राउंड की शुरुआत 7 जनवरी 2025 से हुई थी, जोकि 17 अप्रैल 2025 तक चले थे। मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले लगभग 2845 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। सिविल सेवा परीक्षा 2024 के तहत आईएएस, आईपीएस समेत सर्विसेज में 1132 पदों पर भर्ती निकाली थी। पहले अधिसूचना में भी 1056 वैकेंसी ही थी लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 1132 कर दिया गया।

### कैंसर व थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए काम कर चुकी हैं हर्षिता

हर्षिता सीए हैं। हर्षिता थैलेसीमिया और कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए अहमदाबाद के बीलीफ फाउंडेशन के साथ काम कर चुकी हैं। परीक्षा में राजनीति विज्ञान और इंटरनेशनल रिलेशंस उनके वैकल्पिक विषय थे। हर्षिता की माता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता में उनके पिता और परिवार का बहुत बड़ा योगदान है। अर्चित पुणे (महाराष्ट्र) शेष पेज 5 पर

### यमुनापार इलाके में लगातार बढ़ रहा क्राइम

# गणेश पार्क में 22 वर्षीय युवक को चाकू मारकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



यमुनापार में हर दिन हत्या और लूट जैसे जघन्य अपराध बढ़ रहे हैं। सड़कों पर सरेआम खून बहाया जा रहा है। सोमवार देर रात भी जगतपुरी के गणेश पार्क में एक 22 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान साजन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को सब्जी मंडी मोर्चरी भिजवाया है।

डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे पीसीआर कॉल मिली कि गणेश पार्क, बाल्मीकि बस्ती, रशीद मार्केट में खून से लथपथ एक घायल व्यक्ति पड़ा है। कॉल प्राप्त होने पर पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और एक घायल व्यक्ति को जमीन पर पड़ा पाया। जांच करने पर वह मृत पाया। उसकी पहचान साजन निवासी रशीद मार्केट, जगतपुरी के रूप में हुई। अपराध स्थल को संरक्षित किया गया। इसके बाद क्राइम टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया और अपराध स्थल की जांच की गई। जगतपुरी थाने में हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। इंस्पेक्टर राजकुमार एसएचओ जगतपुरी के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिरों और स्थानीय निवासियों से जानकारी एकत्र की व घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया। पता चला कि आरोपी 17 अप्रैल से अपने रिश्तेदार राजकुमार के साथ यहां रह रहा था। वह अपने दोस्त अजय का जन्मदिन मनाने के लिए यहां आया था। पूछताछ के दौरान राजकुमार ने खुलासा किया कि आरोपी नाबालिग है और बुराड़ी का रहने वाला है। एक टीम बुराड़ी भेजी गई और 17 वर्षीय नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया गया। आरोपी ने खुलासा किया कि मृतक के पास कुछ नशीला पदार्थ था और वह अपने साथी के साथ गणेश पार्क में बैठा था। आरोपी भी नशे का आदी है। उसने मृतक से नशे की मांग की लेकिन उसने देने से इनकार कर दिया। इसके अलावा मृतक ने आरोपी को गाली देना शुरू कर दिया। मृतक ने आरोपी पर पहला हमला किया और जिसके बाद आरोपी ने चाकू छीन लिया और सागर पर वार कर दिया।

## बीड़ी देने से मना करने पर एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले के पुल प्रहलादपुर इलाके में दो भाईयों को बीड़ी देने से इनकार करने पर चाकू मारे गये। इसमें बड़े भाई की मौत हो गई जबकि छोटा उपचाराधीन है। वारदात के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बीडी देने से इंकार पर यह वारदात सामने आई। पुलिस के अनुसार सोमवार को एक पार्क में सोहेब ने स्थानीय निवासी मुन्ना और सनी को बीड़ी देने से इनकार कर दिया था। जिससे गुस्से में दोनों युवकों ने सोहेब को थप्पड़ मार दिया। उसने घर जाकर अपनी मां सबुक्ता को इस बारे में बताया। इसके बाद सबुक्ता, सोहेब और उसके बड़े भाई मोहसिन के साथ उन दोनों लोगों के पास गयी। सोहेब ने अपने दोस्त अकरम को भी मौके पर बुला लिया था। पुलिस ने बताया कि यह झड़प उस समय हिंसक हो गई जब मुन्ना (26) ने अपने भाई इम्तियाज (30) और भतीजे सनी (20) के साथ मिलकर सोहेब और उसके साथ आए लोगों पर चाकुओं से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि घायलों को ईएसआई अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सोहेब को मृत घोषित कर दिया। सोहेब को कई बार चाकू घोंपा गया था और वह सड़क पर गिर गया था, जबकि मोहसिन को बाद में गंभीर हालत में सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। अकरम मामूली रूप से घायल हुआ है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों फिरोज उर्फ मुन्ना, इम्तियाज और सौदागर उर्फ सनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से खून से सने दो चाकू भी बरामद किए गए हैं।

## पुलिसकर्मी को हिट कर फरार टैक्सी चालक दबोचा

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में कथित हिट-एंड-रन की घटना में दिल्ली पुलिस की यातायात इकाई के एएसआई को घायल कर फरार होने वाले आरोपी को पकड़ लिया गया है। यह दुर्घटना 29 मार्च को हुई थी। इस सिलसिले में मेवात निवासी 51 वर्षीय लियाकत अली को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार ट्रैफिक सर्किल वसंत विहार के पास एएसआई अरविंद कुमार को एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद कुमार को इलाज के लिए इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर ले जाया गया था। वसंत कुंज (दक्षिण) थाने में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को पकड़ने के लिए एक संयुक्त टीम बनाई गई थी। टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया और नंबर प्लेट से उस वाहन की पहचान की जिसने कुमार को टक्कर मारी थी। वाहन का पता लगा लिया गया और उसके मालिक को नोटिस भेजा गया। जांच के बाद अली को गिरफ्तार किया गया। वाहन भी जब्त कर लिया गया है।

## डकैती की योजना बना रहे गोगी गिरोह के तीन बदमाश पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की आरकेपुरम टीम ने दक्षिण दिल्ली में डकैती की योजना बना रहे कुख्यात गोगी गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये बदमाशों के नाम अभिमन्यु उर्फ अभि (22), अमरजीत उर्फ भोलू (27) और शमशेर सिंह (27) बताये गये हैं। तीनों बदमाशों का आपराधिक इतिहास रहा है और वे डकैती, हत्या के प्रयास तथा हत्या के कई मामलों में शामिल थे।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार आरोपी इस साल जनवरी में गुरुग्राम में दर्ज एक डकैती मामले में भी वांछित थे, जहां उन्होंने अन्य साथियों के साथ मिलकर करीब छह लाख रुपये लूटे थे। हाल ही में दक्षिण दिल्ली में गिरोह के द्वारा डकैती की योजना बनाने की सूचना मिलने के बाद सोमवार शाम को इनकी गिरफ्तारियां की गई। पुलिस ने धौला कुआं के निकट राव तुलाराम मार्ग पर जाल बिछाया था। गौतम ने बताया कि पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्धों को रोककर तलाशी ली तो उनके पास से तीन पिस्तौल तथा पांच गोलियां बरामद हुई। अधिकारी ने बताया कि जिस मोटरसाइकिल पर वे सवार थे, वह चोरी की निकली और जनवरी में निहाल विहार थाना इलाके से चोरी की गई थी। पूछताछ के दौरान तीनों ने गोगी गिरोह के गुर्गे मोहित बधानी और मोंटी मान के साथ अपने संबंधों की बात कबूल की और बताया कि वे अक्सर दिल्ली-एनसीआर में गिरोह की आपराधिक गतिविधियों में मदद करते थे। अधिकारी ने बताया कि अभिमन्यु के खिलाफ पहले से ही डकैती और हत्या के प्रयास सहित कम से कम तीन नामजद मामले दर्ज हैं। अमरजीत पर हत्या का आरोप है और शमशेर हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में हमले एवं आपराधिक साजिश सहित कई मामलों में शामिल रहा है।

## दिल्ली विधानसभा की विरासत को संरक्षित कर किया जाएगा प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आईजीएनसीए तीन सप्ताह में प्रस्तुत करेगा अध्ययन रिपोर्ट, गठित होगी एक निगरानी समिति

दिल्ली विधानसभा की समृद्ध विरासत को लोगों तक पहुंचाने के लिए उसकी विरासत को संरक्षित कर प्रदर्शित किया जाएगा। इस पहल के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) तीन सप्ताह के भीतर एक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। परियोजना की प्रगति की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें आईजीएनसीए, राष्ट्रीय अभिलेखागार, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विधानसभा सचिवालय और विभिन्न विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें विशेषज्ञों और अधिकारियों के साथ विधानसभा भवन के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक समग्र विकास योजना तैयार करने की दिशा में चर्चा की गई। इस बैठक में आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के डीन (प्रशासन) डॉ. रमेश सी गौर, राष्ट्रीय संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. बी आर मणि, आईजीएनसीए प्रमुख, संरक्षण एवं कलादर्शन विभाग डॉ. अचल पांडा, विरासत प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त जितेन्द्र यादव, केंद्रीय एवं नई दिल्ली रखरखाव मंडल के अधीक्षण अभियंता कृष्ण कुमार सिंह और एमसीडी विरासत प्रकोष्ठ के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार शामिल थे।

# महापौर ने किया डॉ. बी. आर. अंबेडकर नाम से पॉली क्लीनिक का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार खिंची ने मंगलवार को महरौली विधानसभा के वार्ड 155 में डॉ. बी. आर. अंबेडकर नाम से पॉलीक्लीनिक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पॉली क्लीनिक में सभी टेस्ट, दवाइयां और डॉक्टरों से परामर्श मरीजों को मुफ्त दिया जाएगा। इस पॉली क्लीनिक में खांसी, जुकाम, बुखार, शुगर समेत अन्य बीमारियों का इलाज मिलने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर दक्षिणी जोन वार्ड कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण जाखड़, स्थानीय निगम पार्षद रेखा महेंद्र चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। महापौर महेश कुमार ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है कि यहां पॉलीक्लीनिक का उद्घाटन किया गया है। पॉली क्लीनिक का नाम बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के नाम पर रखा गया है। पार्षद रेखा महेंद्र चौधरी बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की विचारधारा को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रही हैं। इस पॉलीक्लिनिक को खुलने से क्षेत्र के लोग बहुत ही खुश हैं।

महापौर महेश कुमार ने कहा कि पहले इस क्लीनिक का कोई नाम नहीं था। पहले एमसीडी हेल्थ सेंटर के नाम क्लीनिक चल रहा था। लेकिन अब यह बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जाएगा। आज के समय में किसी भी प्राइवेट डॉक्टर के पास जाते हैं तो कम से कम 500 से 700 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। जबकि इस पॉलीक्लीनिक में खांसी, जुकाम, बुखार, शुगर समेत छोटी बीमारियों का इलाज मुफ्त होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### भाजपा खरीद-फरोख्त करके बनाती है अपनी सरकार : महेश

**नई दिल्ली।** पूरे देश में भाजपा खरीद -फरोख्त से ही अपनी सरकार बनाती आई है। जब जनता भाजपा को नकार देती है तो भाजपा विपक्षी दलों के विधायकों, पार्षदों की खरीद-फरोख्त करते हैं, झूठे आरोप लगाते हैं, पैसे का लालच और डराते-धमकाते हैं। दिल्ली के महापौर महेश कुमार ने महापौर चुनाव को लेकर भाजपा पर यह आरोप लगाए। महापौर महेश कुमार ने कहा कि भाजपा इस तरह से गंदी राजनीति करके अपनी सरकार बनाने का प्रयास करती है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के करीब 20 पार्षदों को डरा-धमका कर ही तोड़ा है और अब एमसीडी में अपनी सरकार बनाने में कामयाब हो रही है। महापौर महेश कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चली है और आगे भी सच्चाई के रास्ते पर ही चलेगी। आम आदमी पार्टी खरीद-फरोख्त की राजनीति में विश्वास नहीं करती है। अगर हम लोग भी खरीद-फरोख्त करने लगेंगे तो भाजपा और आम आदमी पार्टी में क्या अंतर रह जाएगा। कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, यह उसकी मर्जी है।

## नौ बंदूक और दो कट्टों के साथ हथियार तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।

रोहिणी जिले के एएटीएस स्टाफ ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देसी कट्टे, चार कारतूस और नौ देसी सिंगल बैरल बंदूकें बरामद हुई है। पकड़े गये बदमाशों के नाम गौरव और उस्मान है। दोनों से पूछताछ जारी है और हथियारों के सोर्स का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार रोहिणी जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एएटीएस स्टाफ ने ऑपरेशन पैंथर-क्लॉ चलाया हुआ है। इसके तहत गुप्त सूचना के आधार पर गौरव और उस्मान नामक दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। आईजीएल सीएनजी पंप, सेक्टर 15-16 रोहिणी के पास जाल बिछाकर पहले एक को पकड़ा गया। गौरव की तलाशी लेने पर उसके पास से दो देसी पिस्तौल और चार कारतूस बरामद हुए। लगातार पूछताछ करने पर आरोपी ने अवैध हथियारों के स्त्रोत का खुलासा किया। इसके बाद मेरठ निवासी उस्मान को गिरफ्तार किया गया। हथियारों की बरामदगी के लिए उस्मान का दो दिन का पीसी रिमांड लिया गया। उसकी निशानदेही पर मेरठ से नौ देसी सिंगल बैरल बंदूकें बरामद की गई। गौरव उत्तर प्रदेश के बागपत जिले का निवासी है। वह हरियाणा के बहालगढ़ में एक कंपनी में मजदूर के तौर पर काम करता है। उस्मान मेरठ में जेसीबी ड्राइवर के तौर पर काम करता था।


**मई' 2025 माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम**

एतद्वारा तिनसुकिया मंडल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत **मई' 2025** माह के लिए रेलवे की रद्दी माल की बिक्री के लिए निम्नलिखित के अनुसार ई-नीलामी कार्यक्रम तय किया गया है।

| क्र.सं. | माह | तय तिथि |
| --- | --- | --- |
| 1 | मई' 2025 | तिनसुकिया मंडल के लिए 09-05-2025, 16-05-2025 और 26-05-2025 जीएसडी/डिब्रुगढ़ टाउन के लिए 07-05-2025, 13-05-2025 और 29-05-2025 |

इच्छुक बोलीकर्ताओं से आग्रह किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिये ई-नीलामी में भाग लें।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिब्रुगढ़

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सन्नी उर्फ सतेंद्र पुत्र श्री सुरेंद्र निवासी 1803/134, शांति नगर, त्रि नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 326/23, U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ सतेंद्र,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ सतेंद्र,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 326/23, U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ सतेंद्र,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री दिव्या अरोड़ा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नंबर 112, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/3897/NW/2025 (Court Matter)**


## आतिशी की सुरक्षा 'जेड' श्रेणी से घटकर 'वाई' श्रेणी करने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी को प्रदान की गई सुरक्षा को 'जेड' श्रेणी से घटाकर 'वाई' श्रेणी करने का निर्देश दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आतिशी को खतरे की समीक्षा के बाद लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों की समीक्षा में यह निष्कर्ष निकला कि उन्हें नया या कोई बड़ा खतरा नहीं है, जिसके लिए 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा जारी रखी जाए। पुलिस के एक सूत्र ने कहा कि यह निर्देश हाल ही में उस समय जारी किया गया, जब दिल्ली पुलिस की सुरक्षा इकाई ने आतिशी की सुरक्षा स्थिति पर गृह मंत्रालय से मार्गदर्शन मांगा था। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा स्थिति पर सवाल करते हुए पूछा था कि क्या इसे जारी रखा जाना चाहिए। केजरीवाल को फिलहाल 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा हासिल है। अधिकारी ने कहा कि हालांकि, मंत्रालय ने शुरू में केजरीवाल और आतिशी दोनों के लिए सुरक्षा व्यवस्था में कोई भी बदलाव न करने की सलाह दी थी, लेकिन बाद में उसने दिल्ली पुलिस को आतिशी की सुरक्षा को घटाकर 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा करने का निर्देश दिया। 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत, आतिशी को अब दिल्ली पुलिस के दो कमांडो सहित लगभग 12 कर्मियों की एक टीम द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

## एक पौधे की देखभाल अपने बच्चे की तरह करें : चहल

**नई दिल्ली।** 'एक पौधे की देखभाल अपने बच्चे की तरह करें। जब वह पेड़ बनेगा, तो वह एक मां की तरह आपकी देखभाल करेगा'। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने मंगलवार को वर्ष 2025-26 के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण के प्रति सजग और सतत विकास भारत के सपने से प्रेरित होकर एनडीएमसी अपने क्षेत्र में 2,039 पेड़



और लगभग 4 लाख 82 हजार झाड़ियां लगाने जा रही है। यह अभियान जुलाई के पहले या दूसरे सप्ताह में, मानसून की शुरुआत के साथ शुरू किया जाएगा। उपाध्यक्ष चहल ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून, 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की शुरुआत की थी। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से मुक्ति पाना और हमारी धरती के भविष्य को सुरक्षित बनाना है। अपने क्षेत्रों में अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ अवश्य लगाएं उपाध्यक्ष चहल ने एनडीएमसी के सभी कर्मियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस वृक्षारोपण अभियान के दौरान भाग लें और अपने-अपने क्षेत्रों में अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ अवश्य लगाएं।

## हर नागरिक में बसती और धड़कती है लोकतंत्र की आत्मा : धनखड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया डीयू में 'कर्तव्यम' का उद्घाटन

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हर नागरिक में लोकतंत्र की आत्मा बसती और धड़कती है। भारतीय संविधान भारत के लोगों के लिए है। उपराष्ट्रपति (दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति) भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "कर्तव्यम" के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। डीयू के ऐतिहासिक वाइस रीगल लॉज में आयोजित इस कार्यक्रम के अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी लोकतंत्र के लिए, हर नागरिक की अहम भूमिका होती है। मेरे हिसाब से नागरिक सर्वोच्च है, क्योंकि कोई राष्ट्र और लोकतंत्र नागरिकों द्वारा ही निर्मित होता है। उनमें से हर एक की अपनी भूमिका होती है। लोकतंत्र की आत्मा हर नागरिक में बसती है और धड़कती है। जब नागरिक सजग होगा, नागरिक योगदान देगा तो लोकतंत्र खिलेगा, उसके मूल्य बढ़ेंगे। नागरिक जो योगदान देता है, उसका कोई विकल्प नहीं है।

### प्रधानमंत्री ने भी अमृत काल को कर्तव्य काल कहा है : कुलपति

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने भारत के उपराष्ट्रपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जगदीप धनखड़ का अभिनंदन किया। कुलपति ने डीयू लॉ फ़ैकल्टी कॅम्पस लॉ सेंटर के द्वारा "कर्तव्यम" श्रृंखला की शुरुआत करने पर धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि "कर्तव्यम" थीम बहुत ही उपयुक्त है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अमृत काल को कर्तव्य काल कहा है। प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत काल को देश के प्रति कर्तव्यों को निभाने का समय बताया है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में लुदास से शाहपुर रोड आरडी 0.000 से 1.260 और 1.760 से 4.500 तक रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 4909) (एससीएसपी के तहत)। | बंद होने की तिथि 24.04.2025 | 217.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | उत्तावर जिला पलवल में राजकीय बहुतकनीकी में फार्मेसी ब्लॉक की विशेष मरम्मत द्वारा पुनरोद्धार (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 25.04.2025 | 169.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में लघु सचिवालय कॉलोनी में जेडी, जेई, जेएफ, ई, एफ, डी टाइप क्वार्टर्स के लिए मेन निच की एस/आर और बी2, सी-टाइप क्वार्टर्स में कॉपर वायरिंग सहित एल्यूमीनियम वायर को बदलना। | 18.04.2025 24.04.2025 | 25.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में ऐलनाबाद में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में एसडीएम ऑफिस बिल्डिंग का एस/आर (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 21.04.2025 28.04.2025 | 7.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज अम्बाला | मिर्जापुर काठ ब्लॉक नारायणगढ़ में मिर्जापुर काठ से अंधेरी गांव तक आईएलपीबी सहित रास्ता का निर्माण + 5 कार्य। | 21.04.2025 28.04.2025 | 96.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | 33.56 - गांव मदाना खुर्द, ब्लॉक बेरी में जिम हॉल में हॉल का अपग्रेडेशन। | 18.04.2025 25.04.2025 | 14.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 629 मदों तक मदें निहित सूची (629 मदों का सिंगल लॉट)*। | 23.04.2025 22.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | कुलासी लिंक ड्रेन आरडी 0 से 27500 तक आंतरिक सफाई (2025-26)। | बंद होने की तिथि 25.04.2025 | 11.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 9 | सीईओ, जैडपी, फतेहाबाद | धाबी खुर्द से रूपाना जाट्टान (एच-946) तक रोड की विशेष मरम्मत + 5 कार्य। | 21.04.2025 28.04.2025 | 987.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 10 | वन विभाग, चरखी दादरी | वानिकी कार्य बाढड़ा ब्लॉक वृक्षारोपण का रखरखाव + 4 अन्य कार्य। | 18.04.2025 25.04.2025 | 153.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |
| 11 | वन विभाग, चरखी दादरी | वानिकी कार्य दादरी ब्लॉक वृक्षारोपण का रखरखाव + 7 अन्य कार्य। | 17.04.2025 25.04.2025 | 231.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | सोनीपत जिले में बाढ़ 2024 के पश्चात गांव पालड़ा में यमुना नदी पर 6 अदद नये स्टोन स्टड्स का निर्माण करके बदोली कॉम्पलैक्स को संरक्षण का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 27.04.2025 | 115.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920236776 xenrew@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रेवाड़ी | पम्प हाउस जेएफ-1 पर पी11 और पी23 (125 सीएस) की मरम्मत + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 02.05.2025 | ईएमडी 20600 | https://etenders.hry.nic.in | 1274298963 xenmech@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/260/34107/I/88/7 दि. 22.04.25

## खबर संक्षेप



### दिल्ली नगर निगम के शौचालय पर जड़ा रहता है ताला

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत अलीपुर वार्ड में अलीपुर मैन बस स्टैंड और डीटीसी बस पास केंद्र के निकट एक ही महिला जन शौचालय बना हुआ है और इस पर ही ताला जड़ा रहता है जिसके चलते महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, साथ ही बने हुए पुरूष जन शौचालयों में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। यहां प्रयोग करने वालों को पानी की सुविधा भी नहीं मिल रही है। जबकि कई बार कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम आयुक्त पर सफाई व्यवस्था को फटकार भी लगाई है। जिसके बाद कुछ दिन निगम प्रशासन जन शौचालयों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देता है और कुछ दिन बीतने के बाद चार दिन की चांदनी के बाद फिर अंधेरी रात जैसा हाल इन शौचालयों का हो जाता है।

### राष्ट्रीय शोक की घोषणा के चलते इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत टली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शोक की घोषणा के चलते मंगलवार को शुरू होने वाली इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरूआत अगली तिथि तक टाल दी गई है। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी है। सीएम ने एक्स पर लिखा कि प्रिय दिल्लीवासियों, धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय शोक की वजह से देवी योजना के तहत शुरू होने वाली इलेक्ट्रिक बसों की लॉन्चिंग को स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। गौरतलब है कि भारत सरकार ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन के बाद तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का सोमवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

### निराश्रित महिलाओं को नहीं मिल रही दो माह से पेंशन : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को आरोप लगाया है कि दिल्ली में दो महीने से विधवा व तलाकशुदा समेत अन्य निराश्रित महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। निराश्रित महिलाएं अपनी पेंशन के लिए लगातार दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। सौरभ ने कहा कि सरकार से निवेदन है कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला होता है। किसी विधवा की पेंशन काट दी जाएगी तो उसके लिए घर चलाना, अपना जीवन यापन करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। इसलिए निराश्रित महिलाओं की पेंशन काटने का फैसला लेने से पहले सरकार यह जरूर सोचे कि किसी जरूरत मंद महिला की सरकार पेंशन न काटे। दिल्ली सरकार जल्द से जल्द निराश्रित महिलाओं की पेंशन को जारी करे। क्योंकि पेंशन न मिलने से महिलाओं और उनके परिवार को काफी दिक्कतें हो रही हैं।

### सीएम ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि ये कायरतापूर्ण, बर्बर हमले बेकार नहीं जाएंगे। सीएम ने एक्स पर कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमलों के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। ये कायरतापूर्ण, बर्बर हमले बेकार नहीं जाएंगे।

---

### दिल्ली सचिवालय में सीएम की मौजूदगी में लाइट की गई बंद

# धरती के लिए 5 मिनट लाइट बंद कर दिल्लीवासियों ने दिया जिम्मेदारी का संदेश : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पृथ्वी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान पर सरकार की थीम हमारी शक्ति हमारी धरती के तहत ने शाम 8:00 से 8:05 तक दिल्ली में अपने घरों, दफ्तरों और प्रतिष्ठानों में स्वेच्छा से अपनी बिजली बंद रखकर जिम्मेदारी का संदेश दिया है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार शाम को कही।

दिल्ली सचिवालय में शाम 8:00 से 8:05 तक बिजली बंद रहने के बाद सीएम ने कहा कि यह सिर्फ 5 मिनट का ऊर्जा बचत का प्रयास नहीं, बल्कि भविष्य के ऊर्जा संरक्षण के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। दिल्लीवासियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब बात पर्यावरण की हो, तो हम सभी एक साथ खड़े हो सकते हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर दिल्ली के लोग सजग, सक्रिय और जिम्मेदार नागरिक भी हैं। सीएम ने बताया कि विश्व के सभी देश निरंतर पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इसमें भारत की भी अग्रणी भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हम इसपर निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस मार्गदर्शन के अनुरूप हमने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा का बड़े पैमाने पर उपयोग करना शुरू कर दिया है। दिल्ली के नागरिकों के रूप में हमारा ये दायित्व है कि हम अपनी धरती की देखभाल करें। पृथ्वी दिवस हमें याद दिलाता है कि यह धरती जो हमें अपने पूर्वजों से विरासत में मिली है, इसे अपने आने वाली पीढ़ियों के लिए संजो कर रखना है। सीएम ने कहा कि 5 मिनट की बिजली बचत से हम लगभग 0.727 तक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन घटा दिए। विगत वर्षों में दिल्ली की बिजली की मांग 8656 मेगावाट पहुँच गई है और आने वाले समय में 9000 मेगावाट पहुंचने का अनुमान है। हमारी सरकार दिल्ली की बिजली की हर बढ़ती हुई मांग को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सांकेतिक अभियान न केवल बिजली की अनावश्यक खपत के खिलाफ संदेश था, बल्कि यह एक जागरूकता अभियान भी था जो भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की दिशा में उठाया गया कदम है।



#### हम सभी आवश्यकता के अनुसार बिजली का उपयोग करें

सीएम ने कहा कि दिल्ली के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी को अपनी आवश्यकता के अनुसार बिजली का उपयोग करना चाहिए। परंतु अनावश्यक बिजली का प्रयोग न केवल हमारे पर्यावरण को क्षति पहुंचाता है अपितु हमारी जेब पर भी भार पड़ता है।

#### इस वर्ष सरकार लगाएगी 70 लाख पौधे

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इस वर्ष दिल्ली में 70 लाख पौधे का लगाए जाएंगे। यह अभियान राजधानी को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा और दिल्ली की जलवायु को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### प्रदेश अध्यक्ष ने पृथ्वी के संरक्षण का दोहराया संकल्प

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को पृथ्वी दिवस के दिन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान पर शाम 8 बजे से 8 बजकर 5 मिनट तक प्रदेश भाजपा कार्यालय की बिजली बंद रख के पृथ्वी के संरक्षण का संकल्प दोहराया। सचदेवा के परिजनों ने उनके निवास पर भी पांच मिनट के बिजली बंद रख के पृथ्वी संरक्षण का एवं बिजली की बर्बादी रोकने का संकल्प लिया। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा के साथ ही सभी दिल्ली भाजपा सांसदों, विधायकों, पार्टी नेताओं एवं पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री की अपील का समर्थन करते हुए अपने घरों एवं कार्यालय पर बिजली बंद कर पृथ्वी के संरक्षण का संकल्प लिया। यहां सचदेवा ने कहा कि पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है, बिजली उपकरणों का अंधाधुंध प्रयोग पृथ्वी एवं पर्यावरण दोनों को अपूर्णीय क्षति पहुंचा रहा है और साथ ही बिजली की बर्बादी कर संसाधनों का नुकसान बढ़ा रहा है, ऐसे में हमने आज पृथ्वी संरक्षण एवं बिजली बर्बादी रोकने का संकल्प लिया है।

---

### 'संगठन सृजन अभियान' के तहत कांग्रेस को मजबूत करने पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के फ्लैगशिप कार्यक्रम 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी और लोकसभा एवं जिला पर्यवेक्षकों की अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित हुईं। प्रदेश कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने प्रारंभिक भाषण के साथ शुरू किया। बैठक में संगठन को जिला, ब्लॉक, बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई और भविष्य की कार्य योजनाओं को कैसे क्रियान्वित करके उन्हें प्रभावी बनाना है। बैठक में संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिए गए 40 दिन के कार्यक्रम पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जिसके तहत संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत 25 अप्रैल को भाजपा मुख्यालय तक संविधान बचाओ रैली पैदल मार्च भी निकाला जाएगा। बैठकों प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी, सदस्यगण सहित लोकसभा एवं जिला पर्यवेक्षक, जिला अध्यक्ष मौजूद रहें।

---

# त्यागराज स्टेडियम में 28 अप्रैल को शुरू होगा 'वय वंदना योजना' कार्ड वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आगामी 28 अप्रैल 2025 को त्यागराज स्टेडियम से 'वय वंदना योजना' के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को कार्ड वितरण शुरू किया जाएगा। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद दी। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण और 'वय वंदना योजना' के प्रभावी और समग्र क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। यह बैठक राजधानी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण और 'वय वंदना योजना' कार्ड के वितरण के साथ वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और उनके लिए स्वास्थ्य एवं कल्याण सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही कार्यों की विस्तृत समीक्षा के संदर्भ में की गई। सीएम ने बताया कि 28 अप्रैल को त्यागराज स्टेडियम से 'वय वंदना योजना' के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को कार्ड वितरण शुरू किया जाएगा। बैठक में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, कानून मंत्री कपिल मिश्रा सहित मुख्य सचिव, आयुक्त एमसीडी, एवं वीसी डीडीए स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि 'वय वंदना योजना' के तहत प्रत्येक पंजीकृत वरिष्ठ नागरिक को एक यूनिक हेल्थ कार्ड प्रदान किया जाएगा। इस कार्ड के द्वारा उनका संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड, नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी और आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए सभी स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह निःशुल्क किए जाएंगे। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि को 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की सूची तैयार करने के लिए कहा गया है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रत्येक जिला कार्यालय एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा चिन्हित जगहों पर 28 अप्रैल से शुरू की जाएगी।



#### आरोग्य मंदिरों के निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निर्माण तेजी से हो। इसके लिए सभी जिला अधिकारी को कल तक फील्ड विजिट तथा जगह तलाश कर लिस्ट देने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ साथ एमसीडी और डीडीए के अधिकारी को भी जगह तलाशने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली में कुल 1139 आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में करीब करीब 15 जन आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे। ये केंद्र सामान्य स्वास्थ्य परामर्श, जागरूकता, प्राथमिक उपचार और निवारक दवाएं जैसी सुविधाएं भी मिलेगी।

#### बन चुके हैं 1 लाख 69 हजार आयुष्मान कार्ड

सीएम ने बताया कि 1 लाख 69 हजार आयुष्मान कार्ड बन चुके है जिन्हे वितरित किया जा रहा है है। जनप्रतिनिधियों को आग्रह किया गया है कि वह इस वितरण में सहयोग प्रदान करे। यह वितरण जिलों के माध्यम से किया जा रहा है। यह कदम सुनिश्चित करेगा कि कोई भी पात्र नागरिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे।

---

### डॉ अम्बेडकर के सम्मान में भाजपा ने किया संगोष्ठियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा ने प्रदेश के तीन स्थानों पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का आयोजन किया और दिल्ली भाजपा के नेताओं ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं दिल्ली भाजपा महामंत्री सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने बताया कि मंगलवार को विभिन्न तीन स्थानों पर हुए कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने गौरी शंकर मंदिर सीमापुरी में, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष सांसद नरेश बंसल एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने आदर्श नगर विधानसभा आजादपुर में और पूर्व सांसद रंजीता कोहली एवं विधायक गजेन्द्र यादव एवं रविकांत ने भाग लिया। बता दें कि दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और इसी कड़ी में 22, 23, 24 और 25 अप्रैल को लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

योगेन्द्र चंदोलिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बाबा भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में कई काम किये हैं खासकर ओबीसी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए कई सारे काम किए हैं। उन्होंने बताया कि सिर्फ दिल्ली में ही केन्द्र सरकार द्वारा कई काम किए गए हैं जिसमें अलीपुर रोड स्थित अम्बेडकर राष्ट्रीय स्मारक का और जनपथ पर डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण प्रमुख है। भाजपा ने डॉ भीमराव अम्बेडकर को सही मायनों में सम्मान देने का काम किया है।

---

# श्री गुरु तेग बहादुर स्मारक परिसर में दूर हुआ अंधेरा

- 8 अप्रैल को कैबिनेट मंत्रियों ने किया था निरीक्षण

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) के अंतर्गत आने वाले श्री गुरु तेग बहादुर स्मारक परिसर में अब अंधेरा दूर हो गया है जबकि पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान परिसर में घोर अंधेरा छाया रहता है। बता दें कि इस माह की 8 तारीख को दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा और कपिल मिश्रा ने निरीक्षण किया था। इस दौरान विभाग के संबंधित आलाधिकारी मौजूद रहे। मंत्रियों ने इस परिसर की बदहाली को लेकर पिछली सरकार पर निशाना साधा और इसको बेहतर बनाने की घोषणा की। वहीं, बताया गया कि इसके बाद यहां परिसर में प्रकाश व्यवस्था की गई है।










#### अब नहीं होता है लेजर लाइट्स शो

बता दें कि कांग्रेस की शीला सरकार के समय दिल्ली देहात और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 (पंजाब से दिल्ली) के सिंघू बॉर्डर स्थित इस स्मारक में विदेशी मशीनों के माध्यम से लेजर लाइट्स शो का आयोजन होता था और इसके तहत तीन भाषाओं (हिंदी, पंजाबी और अंग्रेजी) में श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन पर प्रकाश डाला जाता था। लेकिन दिल्ली में कांग्रेस की शीला सरकार बदलने के बाद आम आदमी पार्टी का शासन हुआ और यहां के हालात भी बहुत बदल गए। यदि दिल्ली में कांग्रेस सरकार होती तो इसका परिसर का काफी विकास हो सकता था, क्योंकि यह शीला दीक्षित सरकार की महत्वाकांक्षी (ड्रीम) परियोजना थी और तत्कालीन सीएम शीला दीक्षित खुद ही इस परियोजना पर ध्यान रखती थीं।

#### सरकार को हो रहा है नुकसान

सूत्रों का कहना है कि दिल्ली सरकार और प्रशासन का अब इस परियोजना पर ध्यान नहीं होने से एक बड़ी राशि के रूप में राजस्व का तो नुकसान हो ही रहा है, इसके साथ ही यहां रोजगार के अवसर भी बंद या कम हो गए हैं। बताया गया कि उद्घाटन के अवसर पर यहां उचित संख्या में कर्मचारी तैनात थे, लेकिन अब उनकी संख्या काफी कम नजर आ रही है।

#### स्मारक के मुख्य प्रवेश द्वार होता है भारी जलभराव

नियमित देखरेख नहीं होने और सरकार की लापरवाही के चलते मानसून के दौरान स्मारक के मुख्य प्रवेश द्वार पर घुटनों तक जलभराव हो जाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो स्मारक में प्रवेश करने के लिए नाव की आवश्यकता महसूस होने लगती है। यदि दिल्ली सरकार या डीटीटीडीसी के आला अधिकारियों ने इस परियोजना पर ध्यान नहीं दिया आने वाले मानूसन के सीजन में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

---

### सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को शीघ्र लागू कर वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

# अनुसूचित जाति व जनजाति बस्तियों में विकास कार्यों को दी जाए प्राथमिकता : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- दिल्ली सचिवालय में एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग की बस्तियों के सुधार से संबंधित दी गई प्रस्तुति

दिल्ली के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में एक अहम बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दिल्ली की अनुसूचित जाति व जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की बस्तियों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। सभी कल्याणकारी योजनाओं को शीघ्रता से लागू किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि इनका लाभ वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और बस्तियों में रहने वाले नागरिकों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन-स्तर प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मंत्री रविंद्र इंद्राज ने बताया कि मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में एससी/एसटी विभाग के प्रधान सचिव की उपस्थिति में अधिकारियों ने एक विशेष पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग बस्तियों के समग्र सुधार से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। इस प्रस्तुति में एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग बस्तियों की वर्तमान स्थिति, आधारभूत सुविधाओं की कमी तथा उनके समग्र सुधार के लिए प्रस्तावित योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के दौरान यह जानकारी भी दी गई कि एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग बस्तियों के सुधारात्मक कार्य स्थानीय विधायकों, निवासियों अथवा उनकी प्रतिनिधि संस्थाओं के अनुरोध पर प्राथमिकता से किए जाएंगे। प्रस्तावित योजनाओं में सार्वजनिक उपयोग के सामुदायिक स्नानगृहों और शौचालयों का निर्माण एवं मरम्मत, कच्ची गलियों में खड़ंजा बिछाने या उनकी मरम्मत, और पहुँच मार्गों की सीमेंट-कंक्रीट फ़्लोरिंग शामिल है। साथ ही बस्तियों में सार्वजनिक पार्कों का विकास किया जाएगा, जिनमें बैठने के लिए बेंचों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। युवाओं और बच्चों के लिए खेल परिसरों के निर्माण की योजना बनाई गई है जिससे उन्हें खेल और स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं मिल सकें। मंत्री इंद्राज ने बताया कि बस्तियों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की जाएगी, ताकि एससी/एसटी/ओबीसी समुदाय की सुरक्षा को और पुख्ता बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, ज्ञान और शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामुदायिक पुस्तकालयों का निर्माण भी प्रस्तावित है। यह पहल निश्चित रूप से एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों के जीवन में एक सकारात्मक और ठोस परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगी।



## खबर संक्षेप

### झूठा प्रचार कर लोगों को भ्रमित कर रही भाजपा



**फरीदाबाद।** अभा कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता मुमताज पटेल ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस राजनीति से प्रेरित है और केंद्र की भाजपा सरकार की राजनीति का हिस्सा है। सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर मनी लॉड्रिंग की झूठी साजिश रच भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। देशभर में कांग्रेस मीडिया के जरिए लोगों के समक्ष सच उजागर कर रही है।

### विश्व भूमि दिवस पर स्कूली बच्चों ने रैली निकाली

**गाजियाबाद।** एसएस के पब्लिक स्कूल चुंगी नंबर 3 मुरादनगर के छात्र व छात्राओं द्वारा विश्व भूमि दिवस पर रैली निकालकर समाज में जागरूकता फैलाई। बच्चों ने संकल्प लिया को प्रदूषण भरे वातावरण में हमें अपनी भूमि को किस प्रकार बचाना है पेड़ पौधे और जल को भी किस तरह बचाना है। स्कूल के प्रबंधक गुलशन भंवरी ने बच्चों एवं समाज से पृथ्वी का संतुलन बनाए रखने को कहा।




### टेलीग्राम टास्क के नाम पर ठगी, 2 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टास्क के नाम पर ठगी के मामले में खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी को साइबर थाना ने गिरफ्तार किया है। सेक्टर-31 में रहने वाले व्यक्ति ने दी शिकायत में बताया कि उसके पास व्हाट्सएप पर कॉल पर ठगों ने टेलिग्राम पर टास्क पूरा कर घर बैठे कमाने के बारे में बताया। टास्क दिए गए, जिनको पूरा करने के एवेज में 4500 रुपए उसके खाता में भेजे।



### क्राइम ब्रांच का वाहन चोरों पर प्रहार, दो काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस की अपराध शाखाओं द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने दो आरोपियों को चोरी की मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया। ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने आरोपी ओमबीर को चोरी की बाइक सहित व आरोपी मोहित बाइक सहित गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।



### ट्रैक्टर चालक की पैस के लेन-देन को लेकर हत्या

**फरीदाबाद।** ट्रैक्टर चालक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतक का हत्यारोपी से पैसे का लेन-देन था। संजय एनक्लेव पुष्पा ने पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में दी अपनी दरखास्त में बताया कि उसके पति मुकेश की जोगिंदर, राकेश, दीपक व सचिन ने रंजिश रखते हुए मिलकर हत्या की है। शिकायत पर थाना मुजेसर में हत्या की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।



### वीडियो बनाने पर रिटायर्ड एसआई को धुना

**गुरुग्राम।** प्लास्टिक जला रहे भतीजे की वीडियो बनाने पर भतीजे ने रिटायर्ड एसआई को धुन दिया। भतीजे ने पत्नी, नौकर के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। भोलूराम ने बताया कि वह रिटायर्ड एसआई हैं। भतीजा जोगिंद्र के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। वह जमीन कब्जा करना चाहता है।



# महापौर ने अधिकारियों के साथ शहर में कई स्थानों का किया निरीक्षण

विजय नगर एन एच 9 से तिगरी गोल चक्कर तक के रोड के दोनों तरफ में सौन्दर्यकरण किया जाएगा जिसमे सड़क,ग्रीन बेल्ट, और साज सज्जा हेतु कार्य किया जाना है जिससे शहर में प्रवेश करते समय सुंदर शहर दिखाई पड़े, जिससे गाजियाबाद शहर के प्रति अच्छा संदेश भी मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

**एनएच 9 से तिगरी गोल चक्कर तक होगा सौंदर्यकरण**

महापौर सुनीता दयाल ने मंगलवार को मुख्य अभियंता एन के चौधरी की टीम के साथ विजय नगर स्थित तिगरी गोल चक्कर,पुराने शहर में और पटेल मार्ग रोहन मोटर्स के सामने निगम की भूमि का निरीक्षण किया। विजय नगर एन एच 9 से तिगरी गोल चक्कर तक के रोड के दोनों तरफ में सौंदर्यकरण किया जाएगा जिसमे सड़क, ग्रीन बेल्ट, और साज सज्जा हेतु कार्य किया जाना है जिससे शहर में प्रवेश करते समय सुंदर शहर दिखाई पड़े, जिससे गाजियाबाद शहर के प्रति अच्छा संदेश भी मिलेगा।

उपरोक्त कार्य की रूप रेखा नक्शे पर तैयार करली गयी है और जल्द ही कार्य योजना के साथ कार्य भी किया जाएगा। पटेल मार्ग स्थित रोहन मोटर्स के सामने नगर निगम की रिक्त भूमि है जिसपर नगर निगम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारियां कर रहा है। निरीक्षण में कॉम्प्लेक्स बनाने की भूमिका भी तैयार की जाएगी, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि होगी और शहरवासियों को व्यापार करने के लिए स्थान मिलेगा।

## रोहन मोटर पटेल मार्ग पर नगर निगम की भूमि में बनेगा कमर्शियल मार्केट: महापौर



विजय नगर में तिगरी गोल चक्कर पर महापौर ने देखा कि कुछ समय पहले जो अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त की गई थी वह फिर कब्जा हो गया है जिसको लेकर सम्पत्ति के अधिकारियों को वही से फ़ोन वार्ता की और उनको बताया कि अगर यहाँ दोबारा कब्जा हो गया है तो आप क्या कर रहे थे, आपकी जिम्मेदारी है कब्जा हटवाने की, आप जल्द कब्जा हटवाए और अपनी भूमि की देख रेख भी रोजाना करें।

महापौर ने बताया कि शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमे सभी की भूमिका अहम है, शहर के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपना शहर साफ रखें, गंदगी न होने दे। जिस प्रकार शहर को साफ स्वच्छ रखने का कार्य किया जा रहा है जिसमे जनता के सहयोग की भी आवश्यक रहेगी और नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए पूर्व में भी कार्य किया गया है और लगातार आगे भी किया जाएगा जिसके क्रम में आज उपरोक्त स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना तैयार की जा रहा है जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि की जा सके।

### गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की चेतावनी

# शिविर में आई शिकायतों का 24 घंटे में अधिकारी कराएं समाधान

निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमे समाधान शिविर में नगर निगम से संबंधित अभी तक आई हुई शिकायतों में से लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे में शिकायतों का समाधान करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में फरीदाबाद जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावशाली समाधान सुनिश्चित करने के लिए समाधान शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने आज अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमे समाधान शिविर में नगर निगम से संबंधित अभी तक आई हुई शिकायतों में से लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे में शिकायतों का समाधान करें। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एस्टीमेट वाली शिकायतों को दूर करने के लिए एक सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है।

**खास बातें**

- निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने समीक्षा बैठक की
- प्रत्येक कार्य दिवस में लगाए जा रहे समाधान शिविर

### आमजन की समस्याओं में लापरवाही नहीं चलेगी



उल्लेखनीय है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भर में आमजन की समस्याओं को सुनने के लिए जिला स्तर और सब डिविजन पर प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को सरकार के दिशा निर्देशों पर जल्द से जल्द निपटाया जा रहा है, लेकिन कुछ शिकायतें लंबित रह जाती हैं उसी को मद्देनजर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने यह समीक्षा बैठक की गई। बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शहर वासियों को प्रॉपर्टी आई डी सेल्फ सर्टिफिकेशन से संबंधित कार्य और लाल डोरा सर्टिफिकेट और हरपथ पोर्टल पर रोड से संबंधित कार्य में कोई लापरवाही नहीं आनी चाहिए।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

शहर वासियों को छोटे-छोटे कार्यों को लेकर कार्यालय में बार-बार बुलाकर परेशान करने की यदि शिकायतें मिलती है तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एडिशनल कमिश्नर स्वप्निल रविन्द्र पाटिल, एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर विजयपाल यादव, एनआईटी के जॉइंट कमिश्नर जितेन्द्र कुमार, चंद्रावली जॉन की जॉइंट कमिश्नर द्विजा, ओल्ड जोन के जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार, चीफ इंजीनियर बीके कर्दम, एसई ओमवीर सिंह कार्यकारी अभियंता पदम भूषण, आर्किटेक्ट बीएस ढिल्लो सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### दोनों को गंभीर हालत में कराया एडमिट

# गैस सिलेंडर से हुआ रिसाव, लाइट ऑन करते ही धमाका, मां-बेटे झुलसे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भौड़ाकलां में मंगलवार की सुबह गैस सिलेंडर में आग लगने के कारण नेपाल मूल के मां-बेटा बुरी तरह से झुलस गए। सुबह उठने के बाद जैसे ही लाइट जलाई गई पूरे कमरे में धमाके के साथ आग लग गई। इसके पीछे गैस सिलेंडर लीकेज कारण बताया गया है। गंभीर हालत झुलसे हुए मां-बेटे को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ति महिला यहां एक मकान में किराए पर रह रहे थे। इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गैस सिलेंडर पहले से लीक था

मूल रूप से नेपाल निवासी 48 वर्षीय शांति देवी अपने बेटे दशरथ के साथ भौड़ाकलां गांव में फास्ट फूड बनाने का काम करते थे। सोमवार की रात वो अपना कमरा बंद कर सो गए। घर के अंदर रखा गैस सिलेंडर लीक था। सुबह उठने के बाद बिजली जलाने के लिए स्विच ऑन किया तो स्विच से उठी चिंगारी के कारण और पूरे कमरे में गैस भरी होने के कारण घर में धमाके के साथ आग लग गई। आग में मां-बेटे बुरी तरह जल गए।

### आसपास के लोग मौके पर पहुंचे

चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इस दौरान दमकल विभाग के साथ साथ पुलिस को सूचित किया गया। दोनों को गंभीर हालत में पटौदी के सामान्य अस्पताल में भेजा गया। ज्यादा जलने के कारण गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते का सूचना मिली की गुरुग्राम की तरफ से फरीदाबाद के पाली क्रेशन जोन में काफी वाहन क्षमता से अधिक भार लादकर लाते है जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती है तथा सड़क को भी नुकसान होता है। यदि संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारियों के साथ इस प्रकार के वाहनों को अचानक देखें तो काफी ओवरलोड वाहन काबू आ सकते है जिन पर भारी जुर्माना भी किया जा सकता है।

इसके बाद मुख्यमंत्री उड़नदस्ता द्वारा हर्ष कुमार आरटीए स्टॉफ फरीदाबाद की टीम के साथ संयुक्त रूप से गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर मांगर व पाली चौक के बीच गुरुग्राम की तरफ से आने वाले ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान 7 ओवरलोड़ वाहनों को काबू किया गया। जिनमे क्षमता से अधिक वजन लदा हुआ पाया गया। जिसके संबंध में आरटीए फरीदाबाद की टीम द्वारा सभी 7 ओवरलोड वाहनों पर 5,69,000 रुपए का जुर्माना किया गया।



थाइलैंड की राजधानी बैंकाक में आयोजन

# फरीदाबाद की बेटी रिद्धिमा कौशिक ने किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में जीते 4 स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद की बेटी रिद्धिमा कौशिक ने थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में आयोजित हो रही वर्ल्ड कप किक बॉक्सिंग में 4 स्वर्ण पदक जीत कर भारत देश, हरियाणा प्रदेश, फरीदाबाद जिले का नाम रोशन करने का काम किया।भाजपा के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने घर पहुंच कर फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वशिष्ठ ने कहा कि रिद्धिमा कौशिक एक होनहार खिलाड़ी हैं उसने छोटी सी उम्र में यह मुकाम हासिल किया है इस की इस सफलता से फरीदाबाद के अलावा पूरे ब्लॉक निवासी उत्साहित है। सीमा वशिष्ठ ने कहा कि अभी तो रिद्धिमा कौशिक नौवीं कक्षा की छात्रा है। अभी तो उसे बहुत खेलना है। वह 31 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल हरियाणा की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी है।

### मेजबान थाइलैंड की खिलाड़ियों को हराया



उसने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान थाइलैंड की खिलाड़ियों को हराकर फाइनल राऊंड में भारत के लिए 4 स्वर्ण पदक जीते। वॉको इंडिया किक बॉक्सिंग महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि वल्ड कप किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लगभग 42 देशों के 1 हजार से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और भारतीय टीम ने दूसरे दिन शानदार सफलता हासिल की है। रिद्धिमा ने किक लाइट इवेंट के 55 किग्रा, 60 किग्रा वजन भार वर्ग में 2 स्वर्ण पदक जीते। टीम में शामिल दूसरे खिलाड़ियों ने भी मेडल जीते हैं। बेटी की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए पिता सुरेंद्र कौशिक, माता रितु कौशिक ने कहा कि रिद्धिमा कौशिक निरंतर किक बॉक्सिंग में मैडल जीत रही है। इस वल्ड कप प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण पदक जीतकर फरीदाबाद प्रदेश, देश, का नाम रोशन किया है।

# इंदिरापुरम में अवैध निर्माण पर चला जीडीए का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

अवैध निर्माण व कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को 2 प्रभारी प्रवर्तन जोन-6 के नेतृत्व में भवन संख्या-955, नीतिखण्ड-1, इन्दिरापुरम के अग्रभाग में किए गए अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। भवन को अवैध रूप से दैनिक वस्तुओं के गोदाम के रूप में प्रयोग किया जा रहा था, जिसे एक सप्ताह का समय प्रदान किया गया। इसके पश्चात विपिन कुमार द्वारा भवन संख्या-54, इंडिया मून सिटी, अहिंसा खण्ड-2 में अपने भवन में सार्वजनिक पार्क की ओर अवैध रूप से दरवाजे व खिड़कियों का निर्माण किया गया था, जिनको सील करा दिया गया है।



### दो युवकों की मौत, तीन घायल

# डी-एम एक्सप्रेसवे पर सड़क किनारे खड़ी कार में दूसरी कार ने मारी टक्कर, दोनों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने मंगलवार की दोपहर सड़क किनारे खड़ी इको कार में पीछे से आई सेलेरियो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों कारों में भीषण आग लग गयी और दो लोग जिंदा जलकर मर गए, कई घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब इको कार चालक पंचर होने के बाद स्टेपनी बदल रहा था। इस दौरान स्टेपनी बदल रहे इको कार चालक की टक्कर लगने से मौत हो गई। जबकि उसका साथी दोनों कारों के बीच में फंस गया और दोनों कारों के बीच फंसा युवक जिंदा जलकर मर गया। सेलेरियो में सवार तीन सवारी घायल हुई हैं। इस घटना में सेलेरियो में सवार एक कुत्ते की भी मौत हुई है। इको कार में रखे सवारी के एक लाख रुपये भी जल गए।

### टायर पंचर होने पर चालक स्टेपनी बदल रहा था



एसीपी वेव सिटी प्रिय श्रीपाल ने बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएमई पर मेरठ से दिल्ली जाने वाली लेन पर एबीईएस कॉलेज के सामने अमरोहा से आनंद विहार जा रही इको कार में चालक समेत 11 सवारी थीं। टायर पंचर होने पर चालक स्टेपनी बदल रहा था। इसी बीच पीछे से आई तेज रफ्तार सेलेरियो कार ने इको कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक टक्कर लगने से कार के नीचे आ गया जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर बेहोश हो गया।

### मृतकों की अभी पहचान नहीं हुई

इस दौरान दोनों ही कारों में आग लग गयी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। दोनों मृतकों की अभी पहचान नहीं हुई है। सवारी टक्कर लगने पर धुआं निकलते ही बाहर आ गई। जबकि एक कुत्ता कार में ही रह गया। आग लगने से कुत्ता भी झुलसकर मर गया। सेलेरियो सवार घायल बबीता, सुनीता और शिव कुमार को नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | भिवानी जिले में जुई में नई सब्जी मण्डी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 28.04.2025 | 1.11 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 eebhiwani2025.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34099/1/88/7 दि. 22.04.25

**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)**
परिसमापक का पता : 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400093
संपर्क : +91 8693053567, ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com

**ई-नीलामी - आईबीसी के तहत परिसंपत्तियों की बिक्री, 2016**
**ई-नीलामी की तिथि और समय: 19 मई 2025 (सोमवार)**
**सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ( परिसमापन में) के स्वामित्व वाली संपत्तियों की बिक्री, जो आईबीसी 2016 की धारा 35 (एफ) के तहत परिसमापन प्रक्रिया विनियमों के विनियमन 33 के साथ परिसमापन संपत्ति का हिस्सा है। ई-नीलामी **"जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" के आधार पर, "जो कुछ भी है" और "कोई वापसी नहीं"** के आधार पर आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी बिक्री ई-नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से ई-बिक्रय नीलामी मंच वेबसाइट https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home के माध्यम से हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

भारतीय राशि में

| क्रमांक | विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | वृद्धिशीत बोली राशि |
|---|---|---|---|---|
| विकल्प A: पार्सल में परिसंपत्तियों की बिक्री नीलामी की तिथि और समय: 19 मई 2025 (सोमवार) सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | | | | |
| 1. | मर्सिडीज़ बेन्ज़ एस-350 (MH04 HD 0006) | 41,31,000 | 4,13,100 | 40,000 |
| 2. | 3 टनल बोरिंग मशीन ईपीबी कैप 6600 एमएम, मुंडका, नई दिल्ली में स्थित, नंबर एस-723, एस-883 और एस-890 | 4,39,83,000 | 43,98,300 | 4,00,000 |
| विकल्प बी: रुचि की अभिव्यक्ति का निमंत्रण प्रस्ताव / बोली प्राप्ति की तिथि और समय : 19 मई 2025 (सोमवार) शाम 06:00 बजे तक | | | | |
| 1. | आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्ति का हस्तांतरण 2020 के आईए 1420 में 08 अक्टूबर 2024 के एनसीएलटी आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी के समक्ष अपील दायर की गई 71.99 करोड़ रुपये की राशि के लिए 'पीयूएफई आवेदन। | आईबीबीआई परिसमापन प्रक्रिया विनियमन 2016 के विनियमन 37ए के अंतर्गत आसानी से प्राप्त न होने वाली परिसंपत्तियों के हस्तांतरण के लिए बोलीदाताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। | | |

नोट:
1. विकल्प ए में बोली लगाने की अनुमति ईएमडी जमा करने पर दी जाएगी।
2. परिसमापक बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह एक गैर- बाध्यकारी प्रक्रिया है और परिसमापक / हितधारक परामर्श समिति के विवेक के अधीन होगी अधिक जानकारी के लिए प्रक्रिया ज्ञापन देखें।
3. संभावित बोलीदाताओं को यह वचन देना होगा कि वे संहिता की धारा 29ए के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अयोग्यता से ग्रस्त नहीं हैं, जहां तक लागू हो और यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाते हैं, तो जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।

बोली दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि (विकल्प ए) या अभिरुचि की अभिव्यक्ति (विकल्प बी): 07 मई 2025 (बुधवार)
निरीक्षण की अंतिम तिथि (विकल्प ए और बी ): 14 मई 2025 (बुधवार)
ई-नीलामी के लिए ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि (विकल्प ए ) : 16 मई 2025 (शुक्रवार)
ई-नीलामी की तिथि और समय (विकल्प ए ) / बोली जमा करने की अंतिम तिथि (विकल्प बी) : 19 मई 2025 (सोमवार)
नोट: विस्तृत नियम व शर्तें ई-नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi / home और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।

तारीख- 23 अप्रैल 2025
स्थान: मुम्बई

हस्ता /-
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 31 दिसंबर 2025 तक वैधता
पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
पंजीकृत पता: 106 प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2 क्रॉस रोड ए. कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई 400093
ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com

**आर श्याम इंडिया इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : स्पेस नं. 920, कीर्ति शिखर बिल्डिंग, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, जनक पुरी, नई दिल्ली-110058
CIN: L67120DL1983PLC015266, Email Id: info@aarshyam.in

**वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु 01वीं (प्रथम) असाधारण सामान्य बैठक, ई-वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि आर श्याम इंडिया इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड ("दि कंपनी") के सदस्यों की वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 01वीं (प्रथम) असाधारण सामान्य बैठक ("ईजीएम") शुक्रवार, 16 मई, 2025 अप. 04:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में स्पेस नं. 920, कीर्ति शिखर बिल्डिंग, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, जनक पुरी, नई दिल्ली-110058 में कंपनी की ईजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिए आयोजित की जानी निर्धारित है।

ईजीएम की सूचना, अन्य बातों के साथ-साथ दूरस्थ ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके को इंगित करते हुए, उपस्थिति पर्चों और प्रॉक्सी फॉर्म के साथ, 22 अप्रैल, 2025 को उन सदस्यों को प्रेषण पूर्ण कर लिया गया है, जिनके नाम डिपॉजिटरी से प्राप्त सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थियों की सूची में निम्नलिखित तरीके से दर्ज हैं:
ए. सदस्य, जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत की है, को ई-मेल के माध्यम से ;
बी. अन्य सदस्य, जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं की है, को डाक के माध्यम से ;

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014, संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित, कंपनी अधिनियम, 2013 (दि 'एक्ट') की धारा 108 के और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 (दि 'लिस्टिंग रेगुलेशंस') के नियमन 44 और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर पर सचिवीय मानक (एसएस-2) के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से कंपनी की ईजीएम आयोजित करने की सूचना में निर्दिष्ट किसी भी या सभी व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान (दूरस्थ ई-वोटिंग) करने के उनके अधिकार का उपयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार विवरण निम्नानुसार हैं :
ए) या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य और जिनके नाम डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 09 मई, 2025 ('पात्र सदस्य') के अनुसार दर्ज है, वे दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के हकदार होंगे, साथ ही कंपनी की ईजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट किसी या सभी व्यवसायों पर ईजीएम में होने वाली वोटिंग के लिए भी पात्र होंगे ;
बी) दूरस्थ ई-वोटिंग मंगलवार, 13 मई, 2025 को पूर्वा. 09:00 बजे प्रारम्भ होगी ;
सी) दूरस्थ ई-वोटिंग बृहस्पतिवार, 15 मई, 2025 को अप. 5:00 बजे समाप्त होगी ;
डी) इसके बाद दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल मतदान के लिए अक्षम कर दिया जाएगा और इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक बार कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर मतदान कर देता है, तो सदस्य को तदोपरांत इसको परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ;
ई) सदस्य ध्यान दें कि :
- मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा ईजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी और बैठक में उपस्थित वे सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं कर चुके हैं, मतपत्र के माध्यम से बैठक में अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए सक्षम होंगे ;
- कोई सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के बाद भी ईजीएम में भाग ले सकता है, परन्तु ईजीएम में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

एफ) यदि कोई व्यक्ति ईजीएम सूचना के प्रेषण के पश्चात परन्तु कट ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025 को या इससे पूर्व कंपनी का सदस्य बनता तो, https://www.evoting.nsdl.com पर आग्रह भेजकर लॉगन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
जी) कोई व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा मैनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि के अनुसार दर्ज है, केवल वे ही दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा के साथ-साथ मतपत्र के माध्यम से ईजीएम में मतदान करने का लाभ प्राप्त करने के हकदार होंगे।
एच) किन्हीं प्रश्नों के मामले में, आप सदस्यों द्वारा बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूस) और https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध सदस्यों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं।
आई) निदेशक मंडल ने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से दूरस्थ ई-वोटिंग और इंस्टा पोल प्रक्रिया के माध्यम से मतदान की संवीक्षा करने के लिए संवीक्षाकर्ता के तौर पर श्री आकाश गोयल, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव को नियुक्त किया है।
जे) कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक ईजीएम के प्रयोजन हेतु शनिवार, 10 मई, 2025 से शुक्रवार, 16 मई, 2025 (दोनों दिन मिलाकर) तक बंद रहेंगे।

सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग पर विस्तृत प्रक्रिया और तरीके हेतु ईजीएम के लिए सूचना को पढ़ सकते हैं। इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग के सम्बन्ध में कम्पनी के सदस्यों की कोई शिकायत अथवा प्रश्नों को ऊपर उपलब्ध करवाए गए विवरण के अनुरूप भेजा जा सकता है।

ईजीएम आयोजित करने की सूचना और अन्य संबंधित दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.aarshyam.in और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध होंगे।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते आर श्याम इंडिया इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड
हस्ता/-
(दृष्टि सिधवा)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 22.04.2025

## खबर संक्षेप

### यूपीएससी टॉपर शक्ति दुबे का पहला रिएक्शन

**प्रयागराज।** शक्ति दुबे ने संघ लोक सेवा आयोग 2024 की परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है। शक्ति के पिता प्रयागराज में ट्रैफिक विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर पोस्टेड हैं। शक्ति दुबे की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा, 'ये मेरी काफी सालों की मेहनत है। पिछले साल इंटरव्यू के बाद मैं कट ऑफ से 12 अंक से चूक गई थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि पहला रैंक आएगी।



### शराब बेचने का आरोपी हथकड़ी निकाल फरार

**पटना।** शराबबंदी वाले बिहार में शराब बेचने का आरोपी पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया। सासाराम में आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। सिविल कोर्ट परिसर के समीप से उत्पाद विभाग की पुलिस कस्टडी से एक आरोपित फरार हो गया। उत्पाद पुलिस शराब बिक्री मामले में आरोपित को कोर्ट में पेश करने के लिए लाई थी। तभी आरोपित मौका देख हथकड़ी निकालकर फरार हो गया।



### कारोबारी विमल व पुनीत के ठिकानों पर छापेमारी

**रांची।** झारखंड में मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीम रांची पहुंची। टीम यहां कारोबारी विमल अग्रवाल और पुनीत अग्रवाल के कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। दोनों के राजवीर कंस्ट्रक्शन पर ईडी छापेमारी कर रही है। इससे पहले 26 सितंबर 2023 को इनके ठिकानों पर जीएसटी की छापेमारी हो चुकी है। ये सभी बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट से जुड़े हुए हैं।



# यूपी के धार्मिक शहरों के लिए चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें, बनेंगे चार्जिंग स्टेशन

योगी सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों से धार्मिक शहरों की यात्रा कराएगी। इनमें वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या, सोनभद्र शामिल हैं। इसके लिए राज्य सरकार वाराणसी और सोनभद्र में चार्जिंग स्टेशन बनवा रही है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी की योगी सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों से धार्मिक शहरों की यात्रा कराएगी। इनमें वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या, सोनभद्र शामिल हैं। इन जिलों का सफर इलेक्ट्रिक बसों से होगा। इसके लिए राज्य सरकार वाराणसी और सोनभद्र में चार्जिंग स्टेशन बनवा रही है। सरकार के इस पहल से ईवी वाहनों की बढ़ावा मिलने के साथ पर्यावरण को भी प्रदूषण से बचाया जा सकेगा।

### पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने की कोशिश



उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने जानकारी दी है कि प्रयागराज और अयोध्या रीजन से वाराणसी और सोनभद्र के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रस्तावित है। इसके लिए कुल पांच चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं, जिनमें चार स्टेशन वाराणसी कैंट डिपो की वर्कशॉप में और एक स्टेशन सोनभद्र में स्थापित किया जाएगा। इन सभी चार्जिंग स्टेशनों को एक महीने के भीतर तैयार कर लिया जाएगा, ताकि प्रयागराज और अयोध्या से आने-जाने वाली बसों की चार्जिंग आसानी से हो सके।

### आधे घंटे में होगी बस फुल चार्ज

इन बसों की खासियत यह है कि यह मात्र आधे घंटे में पूरी तरह चार्ज हो जाएंगी और एक बार चार्ज होने के बाद लगभग 150 किलोमीटर की दूरी तय कर सकेंगी। एसी युक्त इन इलेक्ट्रिक बसों में कुल 28 सीटें होंगी।

### सुरक्षा के होंगे खास इंतजाम

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन बसों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस सिस्टम और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन जैसी आधुनिक सुविधाएं भी दी गई हैं। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना है।

### प्रयागराज के स्थाई स्टेशन पर दोगुनी हो जाएगी चार्जिंग क्षमता

उधर, प्रयागराज के राजापुर वर्कशाप में बन रहा स्थायी चार्जिंग स्टेशन तीन महीने में बनकर तैयार होने की संभावना है। जिसके बाद बसों के चार्ज होने की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। इस चार्जिंग स्टेशन की क्षमता एक साथ करीब दर्जन भर बसों को चार्ज करने की होगी। वर्तमान में अस्थायी व्यवस्था के तहत एक बार में केवल छह बसें ही चार्ज हो पा रही हैं।

---

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बड़ा बयान

# मुसलमान चुनाव के दौरान हिंदू मतदाताओं को धमकाते हैं, उन्हें वोट डालने से रोकते हैं


गिरिराज सिंह ने कहा कि इस बार चुनाव आयोग ने अगर कोई स्पेशल एक्शन नहीं लिया तो बंगाल के हिंदू वोटरों को बड़ी कठिनाई होगी। हिंदू मतदाता ममता बनर्जी के व्यवहार से डरे हुए हैं।

एजेंसी ▶▶ बेगूसराय

पश्चिम बंगाल भाजपा द्वारा हिंदू मतदाताओं के लिए अलग मतदान केंद्र की मांग पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की प्रतिक्रिया आई है। बेगूसराय में मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा ने जो मांग की है उससे पता चलता है कि ममता बनर्जी के नेतृत्व और संरक्षण में बंगाल के मुसलमान चुनाव के दौरान हिंदू मतदाताओं को धमकाते हैं और उन्हें वोट डालने से रोकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंगाल भाजपा ने जो मांग की है उसकी मांग में दम है। वहां के हिंदू मतदाता ममता बनर्जी से व्यवहार से डरे हुए हैं। इस बार चुनाव आयोग ने अगर कोई स्पेशल एक्शन नहीं लिया तो वहां के हिंदू वोटरों को बड़ी कठिनाई होगी।

### बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग



- हिंदू मतदाता ममता बनर्जी से व्यवहार से डरे हुए हैं
- सुप्रीम कोर्ट में बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग वाली अर्जी पर नहीं हुई सुनवाई

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में अगले साल मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव होना है। उससे पहले बंगाल भाजपा लगातार ममता बनर्जी सरकार को घेर रही है। मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई भी होनी है। पश्चिमी बंगाल निवासी देवदत्त माजी और मणि मुंजाल ने इसी महीने वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में भड़की हिंसा और हिंदुओं पर हुए हमले का हवाला देते हुए प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

### सांसद इकरा हसन के घर के बाहर हनुमान चालीसा पाठ करने जा रहे हिंदू संगठनों के लोगों को रोका



**शामली।** हिंदू रक्षा दल और अन्य संगठनों के लोग हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए बनत गांव से कैराना के लिए रवाना हुए। मगर बीच रास्ते में ही उन्हें पुलिस ने रोक दिया। ये लोग इकरा हसन का विरोध कर रहे थे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से कैराना में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। यती परमात्मानंद गिरी ने कहा कि कैराना सांसद इकरा हसन ने कुछ दिन पूर्व कहा था कि सड़कों पर नमाज अदा करेंगे। हिंदू संगठनों के लोगों ने कहा था कि वे कैराना में आकर हनुमान चालीसा पाठ करेंगे। आज कैराना में हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए जा रहे थे, मगर पुलिस ने उन्हें विभिन्न चेकपोस्ट पर रोक लिया। कैराना में हर हाल में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। उधर, सुरक्षा की दृष्टि से कैराना में पुलिस तैनात कर दी गई है। हिंदू रक्षा दल के उत्तराखंड के प्रांतीय अध्यक्ष ललित शर्मा ने कहा कि हर हाल में हनुमान चालीसा पाठ होगा। इकरा को तो हमारा स्वागत करना चाहिए था, टेंट लगवाने चाहिए थे। हिंदुओं का भी तो वोट इकरा को मिला है। मगर पुलिस ने हमें रोककर गलत किया है।

---

### सीएम नीतीश के विधायक गोपाल मंडल बोले-

# निशांत को मैं राजनीति में ले आया नहीं आएंगे तो जेडीयू खत्म हो जाएगी





एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इस चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, अभी तक खुद नीतीश कुमार या उनके बेटे निशांत ने राजनीति में एंट्री को लेकर कुछ भी नहीं कहा है। लेकिन अब जनता दल यूनाइटेड के एक विधायक ने निशांत को लेकर बड़ा दावा किया है। जदयू विधायक गोपाल मंडल ने दावा किया है कि निशांत को राजनीति में वह लेकर आए हैं।

विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि अगर निशांत जदयू में नहीं आए तो जेडीयू खत्म हो जाएगा।

### जेडीयू में वैसा लीडर नहीं जो सीएम का पद संभाल सके

मीडिया से चर्चा में गोपाल मंडल ने कहा, 'निशांत को मैने लाया है, निशांत का आना तय है। अगर निशांत नहीं आएंगे तो जेडीयू समाप्त हो जाएगी। कोई किसी का बात नहीं समझेगा। जेडीयू में वैसा कोई लीडर नहीं है जो इस पोस्ट (मुख्यमंत्री के पोस्ट) को संभाल सके।' जब जेडीयू विधायक से पूछा गया कि क्या आप लोग इसे लेकर मुख्यमंत्री से मिलते हैं? तब इसपर गोपाल मंडल ने कहा कि हां मिलते रहते हैं। वो आ चुके हैं और पोस्टर भी निकलना शुरू हो चुका है।

### निशांत चुनाव लड़ेंगे या नहीं, नेता वही रहेंगे

मंडल ने कहा कि देखिए जब हीरो निकलता है तो उसका पहरा जूता नजर आता है. फिर चलते-चलते हल्का पैजामा, चलते-चलते घुटना। उसके बाद एकाएक घड़ी और तब आता है चश्मा। तो आ रहे हैं निशांत जी। अचानक कैसे आ जाएंगे। पहले रिहर्सल होता है। क्या निशांत चुनाव लड़ेंगे? इस सवाल के जवाब में गोपाल मंडल ने कहा कि वो चुनाव लड़ेंगे या नहीं, यह मैं नहीं कह सकता हूं लेकिन नेता वो रहेंगे।

---

## पेज एक का शेष

### सऊदी अरब के आसमान...

प्रधानमंत्री की राजकीय यात्रा के विशेष सम्मान के रूप में उनके विमान को सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही रॉयल सऊदी एयरफोर्स द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत 22 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा पहुंचे।

**जेद्दा की पहली यात्रा:** पीएम ने यह भी कहा कि बीते दस वर्षों में मेरी यह सऊदी अरब की तीसरी यात्रा होगी। लेकिन ऐतिहासिक जेद्दा शहर की यह पहली यात्रा है। मैं रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी बैठक में भाग लेने और 2023 में सऊदी अरब के प्रिंस और मेरे भाई मोहम्मद बिन सलमान की भारत यात्रा की तर्ज पर अपनी इस यात्रा को सफल बनाने के लिए उत्सुक हूं।

**भारत का विश्वसनीय मित्र 'सऊदी अरब':** प्रधानमंत्री ने अरब न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सऊदी अरब को भारत का एक विश्वसनीय मित्र और रणनीतिक सहयोगी बताते हुए वर्ष 2019 में रणनीतिक साझेदारी परिषद के निर्माण के बाद से द्विपक्षीय संबंधों के महत्वपूर्ण विस्तार पर बल दिया।

### आतंकियों ने पर्यटकों ...

आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग: पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा, इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा...उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

**कांग्रेस पार्टी सहित सभी दलों ने आतंकियों के कायराने हमले को बताया शर्मनाक...घटना दुर्भाग्यपूर्ण और दिल दहलाने वाली: कांग्रेस:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए इस घटना को सुरक्षा में बड़ी चूक करार दिया। कांग्रेस ने इस हमले की कड़ी निंदा की और इसे दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बताया। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी हमले की निंदा करते हुए इसे कायराना और दिल दहलाने वाला बताया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

**आतंकियों को कड़ी सजा दें: जेकेपीसीसी:** जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा के नेतृत्व में पार्टी ने एक बयान जारी कर कहा कि निर्दोष पर्यटकों पर इस तरह का हमला बेहद दुखद है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से इस हमले में शामिल आतंकियों को कड़ी सजा देने की मांग की और सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करने की सलाह दी। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने केंद्र सरकार से अपील की कि इस हमले में शामिल किसी भी आतंकी को बख्शा न जाए और उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी वारदातों को अंजाम देने वाले आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी है। हालांकि, कर्नाटक कांग्रेस के नेता बीके हरिप्रसाद ने नोटबंदी के बाद सरकार के आतंकवाद खत्म होने के दावे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के बाद भी आतंकी हमले जारी हैं, जो सरकार की नीतियों पर सवाल खड़ा करता है। इस बयान ने विवाद को जन्म दिया।

### तो पहलगाम आतंकी...

हमला हो गया। रक्षा सूत्रों का कहना है कि इस हमले से जुड़ी टाइमिंग इस बात की ओर साफ इशारा कर रही है कि हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। क्योंकि बीते वक्त में पाक सेनाप्रमुख के बयान के साथ ही केंद्रशासित प्रदेश में स्थित भारत-पाक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्षविराम समझौते के लागू होने के बाद भी पाक की तरफ से आतंकी घुसपैठ और भारतीय सेना की चौकियों पर गोलीबारी की जा रही है। हाल में इसे लेकर हुई एक फ्लैग मीटिंग में भारत ने मामले पर पाकिस्तान के समक्ष कड़ी नाराजगी जताते हुए उसे समझौते की अनुपालना को लेकर चेताया भी था।

**दुनिया में भारत की छवि खराब करने की कोशिश:** सूत्रों ने कहा, अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान हुए इस हमले के जरिए पाकिस्तान अमेरिका सहित बाकी दुनिया को यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू कश्मीर में अशांति है। भारत के वहां से धारा-370 को हटाने का कदम स्थानीय लोगों के लिए नकारात्मक साबित हुआ है। घायल होने की खबर है, हालांकि कुछ स्रोतों ने 20 से अधिक मौतों का दावा किया। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली।

जयराम रमेश का बयान और मांग: जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी मांग रखी और केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने इस हमले को सुरक्षा में गंभीर चूक करार देते हुए कहा कि यह घटना जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। रमेश ने कहा कि इतने बड़े आतंकी हमले के बाद सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर लाकर स्थिति पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह तुरंत एक ऑल-पार्टी बैठक बुलाए, जिसमें जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति, हमले के कारणों, और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपायों पर विचार-विमर्श हो। रमेश ने केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय पर निशाना साधते हुए पूछा कि पहलगाम जैसे पर्यटक स्थल पर इतना बड़ा हमला कैसे हो गया। उन्होंने इसे "खुफिया तंत्र की विफलता" और "सुरक्षा व्यवस्था में कमी" का परिणाम बताया। रमेश ने गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले पर संसद में बयान देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को इस हमले की पूरी जांच करानी चाहिए और जनता को यह बताना चाहिए कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

### संसद ही 'सुप्रीम'...

है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद सबसे ऊपर है। संविधान की प्रस्तावना में ही इसका सार है। संविधान कहता है हम, भारत के लोग। इसका मतलब है कि सबसे बड़ी शक्ति लोगों के पास है। कोई भी भारत के लोगों से ऊपर नहीं है। धनखड़ ने आगे कहा कि भारत के लोगों ने संविधान के तहत अपने प्रतिनिधियों को चुना है। ये प्रतिनिधि ही लोगों की इच्छा और आकांक्षाओं को व्यक्त करते हैं। लोग चुनावों के दौरान इन प्रतिनिधियों को जवाबदेह ठहराते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि ही संविधान के असली मालिक हैं। वे ही तय करते हैं कि संविधान में क्या लिखा जाएगा।

### सैन्य अस्पताल...

उप सेनाध्यक्ष, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के डीजी, दिल्ली क्षेत्र के जीओसी व अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### संपत्तियों की लूट ...

वक्फ संपत्तियां हैं, लेकिन इसका लाभ गरीब मुसलमानों को नहीं मिल पा रहा। उन्होंने चिंता जताई कि कई संपत्तियां बाहुबलियों द्वारा कब्जा कर ली गई हैं, जिनका गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने बताया कि वक्फ कानून में जो संशोधन किए गए हैं, वे पूरी तरह से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमने जो संशोधन किए हैं, वे कांग्रेस शासन के समय बनी समितियों की सिफारिशों पर आधारित हैं, जैसे 1976 की वक्फ जांच रिपोर्ट, सच्चर समिति रिपोर्ट और के रहमान खान रिपोर्ट। सभी रिपोर्टों ने वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन की जरूरत बताई थी। रिजिजू ने यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय का बड़ा वर्ग इस कानून का समर्थन कर रहा है।

**वक्फ कानून पर अफवाहफैला रहे कुछ लोग: मेघवाल:** वक्फ कानून पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि जनता को इस तरह के लोगों से सावधान रहना चाहिए जो गुमराह करने की कोशिश करते हैं। ये सभी लोग अफवाह फैला रहे हैं। भाजपा के नेताओं ने जनता को यह समझाने का जिम्मा उठाया है कि यह कानून क्या है और हमारी पार्टी के लोग इसके बारे में जनता को विस्तार से बताने का काम कर रहे हैं।

### बिल इस्लामी मूल्यों....

लड़ने को लेकर चर्चा हुई। सुबह 10 बजे से शुरू हुई बैठक करीब 2 बजे तक चली। एआईएमपीएलबी के वक्फ बचाओ अभियान का पहला फेज 11 अप्रैल से शुरू हुआ, जो 7 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे, जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी।

**एआईएमपीएलबी ने वीडियो जारी किया:** एआईएमपीएलबी महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने वीडियो मैसेज जारी किया। वीडियो में मुजद्दिदी ने सरकार पर सांप्रदायिक एजेंडा चलाने और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो में कहा- यह अभियान वक्फ संपत्तियों की रक्षा और विधेयक को निरस्त करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा है। यह विधेयक वक्फ संपत्तियों की प्रकृति और स्वायत्तता को नुकसान पहुंचाएगा, जिसे वे इस्लामी मूल्यों, शरीयत, धार्मिक स्वतंत्रता और भारतीय संविधान के खिलाफ मानते हैं।

### यूपीएससी में...

के बाद बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से बायोकैमेस्ट्री में एमएससी की है। 2018 में पोस्ट ग्रेजुएट होने के बाद शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। आयोग द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि दुबे ने इस परीक्षा में राजनीतिक विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुना और सफलता हासिल की। उन्होंने 2018 से ही सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू कर दी थी। दूसरे स्थान पर हर्षिता गोयल और तीसरे स्थान पर डोंगरे अर्चित पराग हैं। पिता देवेंद्र दुबे बताते हैं कि पिछले वर्ष दो नंबर से सफलता न मिलने के बाद शक्ति थोड़ा परेशान थीं, लेकिन हार नहीं मानीं, तैयारी में लगी रहीं और सफलता प्राप्त की। शक्ति दुबे के पिता देवेंद्र कुमार दुबे पुलिस विभाग में हवलदार हैं। उनकी माता प्रेमा दुबे गृहिणी हैं। नंबर 2 पर हर्षिता गोयल रही हैं। हर्षिता मूल रूप से हरियाणा की हैं और कई वर्षों से गुजरात के वडोदरा में रह रही हैं।

### कैंसर व थैलेसीमिया...

के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा मुंबई से प्राप्त की और 12वीं की पढ़ाई पुणे से की। उन्होंने ने वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) की डिग्री ली है। उनका एक ऑप्शनल सब्जेक्ट फिलॉसफी (दर्शनशास्त्र) था।

---

### डिप्टी सीएम का अखिलेश पर निशाना, बोले-

# सपा सरकार में पैसे लेकर और जाति देखकर होती थी पुलिस भर्ती

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



पुलिस भर्ती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से उठाए गए सवाल पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव 2027 का सत्ताधीश बनने का सपना देख रहे हैं। उनका स्वप्न चकनाचूर हो गया है। वे बौखला गए हैं। ऐसे में उल्टे सीधे बयान दे रहे हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार के समय पैसे लेकर और जाति देख कर पुलिस समेत सभी सरकारी भर्तियां की जाती थीं। हमारी सरकार पारदर्शी भर्ती कर रही है। प्रदेश में हर वर्ग का युवा संतुष्ट है। असंतुष्ट अगर कोई है तो वे सिर्फ सपाई हैं।

डिप्टी सीएम भाजपा की ओर से आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे थे। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि आने वाले चुनाव में न तो टीएमसी को बहुमत मिलेगा और न ही ममता बनर्जी को। तुष्टिकरण की राजनीति की सारी हदें पश्चिम बंगाल की सरकार पार कर चुकी है। दंगाइयों को सत्ता का संरक्षण है। हिंदुओं की हत्याएं की गईं हैं। उनको पलायन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

महिलाओं के साथ अमानवीय अत्याचार हुए हैं, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। वक्फ संशोधन कानून पर केशव मौर्य ने कहा कि यह देश के 90% मुस्लिमों की भलाई के लिए है।

### बिहार में कामाख्या एक्सप्रेस में लूटपाट

# छात्रा को चलती ट्रेन से फेंका, मौत के बाद पुलिस पर संगीन इल्जाम

एजेंसी ▶▶ भागलपुर



बिहार में अपराधियों ने बड़े कांड को अंजाम दिया है। बिहार में अज्ञात लुटेरों ने कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन से 21 साल की एक छात्र को बाहर फेंक दिया। बताया जा रहा है कि डकैती लड़की का बैग लूटने का प्रयास कर रहे थे लेकिन जब छात्रा ने इसका विरोध किया तो लुटेरों ने उसे चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया। इस घटना में छात्रा की मौत हो गई है मंगलवार की सुबह कामाख्या-गया एक्सप्रेस में यह वारदात हुई है। घटना मालदा रेल डिवीजन के भागलपुर-जमालपुर रेल सेक्शन के पास हुई है। यहां आपको बता दें कि पिछले तीन महीनों में यह तीसरी ऐसी घटना है जिसमें ट्रेन में डकैतों ने यात्री को चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया है। छात्रा की पहचान काजल कुमारी के तौर पर हुई है। काजल मूल रूप से खगड़िया जिले की रहने वाली बताई जा रही है। काजल बैंकिंग से जुड़ी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। जानकारी के मुताबिक, काजल अपने परिजनों तथा छोटी बहन और भाई के साथ कामाख्या से भागलपुर तक की यात्रा कर रही थीं।

काजल के परिवार के सदस्यों के मुताबिक, काजल के बैग में आधार कार्ड, एटीएम, मोबाइल फोन और कैश था। घटना उस वक्त हुई जब काजल और उसके परिजन भागलपुर स्टेशन पर उतरने की तैयारी कर रहे थे। यहां उतरने के बाद उन्हें खगड़िया जाने के लिए दूसरी ट्रेन पकड़नी थी।


---

### सूचना निदेशक शिशिर सिंह की सबसे ज्यादा चर्चा

# यूपी में 11 डीएम समेत 33 आईएएस बदले, शिशिर की जगह विशाल सिंह बने नए सूचना निदेशक

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रदेश सरकार ने सोमवार की देर रात 33 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया। इनमें वाराणसी, हापुड़, आजमगढ़, बरेली, अंबेडकरनगर, गाजीपुर, झांसी, महोबा, कुशीनगर, संतकबीरनगर व भदोही के डीएम और वाराणसी के मंडलायुक्त बदले गए हैं। निदेशक सूचना शिशिर की भी जिम्मेदारी बदल दी गई है।




एल वेंकटेश्वरलू से प्रमुख सचिव परिवहन और अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का प्रभार हटा दिया गया है। उनके पास समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग तथा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी व दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम विकास संस्थान तथा निदेशक अनुसूचित जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा निदेशक छत्रपति शाहूजी महाराज का प्रभार रहेगा। अमित गुप्ता को प्रमुख सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन के साथ प्रमुख सचिव परिवहन और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा चर्चा शिशिर सिंह के नाम की है क्योंकि वो न सिर्फ पिछले 7 सालों से सूचना निदेशक के तौर पर तैनात थे. बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबसे करीबी अधिकारियों में शुमार थे। यूं तो शिशिर सिंह का कार्यकाल काफी पहले ही खत्म हो चुका था और उन्हें किसी जिले का डीएम बनाकर भेजे जाने की चर्चा 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से ही चल रही थी। लेकिन अब जाकर सरकार ने उनका तबादला किया और उन्हें लघु एवं सूक्ष्म उद्योग और खादी उद्योग का सचिव बनाया गया है।

नवनीत सिंह चहल डीएम आजमगढ़ से विशेष सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय, अविनाश सिंह डीएम अंबेडकर नगर से डीएम बरेली, अनुपम शुक्ला विशेष सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग,

### विशाल सिंह विशेष सचिव संस्कृति विभाग, निदेशक सूचना एवं संस्कृति बनाए गए

शिशिर विशेष सचिव संस्कृति एवं निदेशक सूचना तथा संस्कृति से विशेष सचिव सूचना लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड बनाए गए हैं। विशाल सिंह जिलाधिकारी भदोही से विशेष सचिव संस्कृति विभाग एवं निदेशक सूचना तथा संस्कृति बनाए गए हैं।

### एस राजलिंगम वाराणसी के नए मंडलायुक्त, सत्येंद्र कुमार डीएम बने

वाराणसी के डीएम रहे एस राजलिंगम को वाराणसी का मंडलायुक्त बनाया गया है। मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा को सचिव मुख्यमंत्री बनाया गया है। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव सत्येंद्र कुमार को वाराणसी का नया डीएम बनाया गया है। यह दूसरा मौका है, जब वाराणसी के डीएम को ही वाराणसी का मंडलायुक्त बनाया गया है।



# 'रेट्रो' का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। 'रेट्रो' एक मई को रिलीज होने वाली है। 'रेट्रो' के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

## लाइफ Style



# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।


यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, "फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।

## हॉलीवुड मसाला




# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# 'डॉन-3' में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री


**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन 3' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

## टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा


**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो 'लाफ्टर शेफ' में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें



निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, 'शादी कब कर रही हैं?' वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, 'आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।' इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।' शो 'लाफ्टर शेफ'में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। 'एक हजारों में मेरी बहना है' जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

# अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, 'वह मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!' अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।



# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। 'कल्पना' बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।



### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।

### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# 'आमा-बुबू' की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स' के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म 'पायर' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। 'पायर' फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म 'पायर' को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर '28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को '16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## 'ग्राउंड जीरो' में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्भूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 'ग्राउंड जीरो'से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।





**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर 'मिशन कश्मीर' उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 'शिकारा' भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म 'फितूर' की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म 'कश्मीर की कली' में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



सीएम ने प्रदेश के सिविल सेवकों को दी लोक सेवा दिवस की बधाई

# सिविल सेवा सिर्फ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का एक प्रभावी माध्यम

## प्रशासन अकादमी में किया सिविल सर्विस डे का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिविल सेवा सिर्फ़ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का प्रभावी माध्यम है। सिविल सेवकों का दायित्व है कि वे अपने अधिकारों का सदुपयोग करें, लेकिन अपने कर्तव्यों से कदापि विमुख न हों। उन्होंने कहा कि लोक प्रशासन एक वृहद विषय है। इसका मूल मंत्र है- 'लोगों की हर संभव तरीके से सेवा'। मुख्यमंत्री सोमवार को राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस (नेशनल सिविल सर्विस डे) के अवसर पर प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी सिविल सेवकों को लोक सेवा दिवस की बधाई दी और सभी से अपने उत्तरदायित्वों के प्रति संकल्पबद्ध रहने का आह्वान किया।



### कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बेहद जरूरी

सीएम ने कहा कि कुशल सिविल सेवक वह होता है, जो न केवल शासन के नियमों, उपनियमों का पालन करे, बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को समझे और उनका समुचित समाधान भी प्रदान करे। उन्होंने सभी सिविल सेवकों से अपेक्षा की कि वे नागरिकों की तत्पर सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और शासन को जनकल्याण की दिशा में अधिक प्रभावी बनाने की ओर अग्रसर करें। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, नरोन्हा व्याख्यान श्रृंखला के मुख्य वक्ता डॉ दीपक बागला, राज्य शासन के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### करप्शन फ्री और गुड गवर्नेंस के लिए करें कार्य

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि हर साल 21 अप्रैल अधिकारी, कर्मचारियों के लिए आत्ममंथन करने का दिन है। लोक सेवकों को सोचना चाहिए कि सालभर में उन्होंने प्रशासन की मजबूती के लिए क्या अच्छा किया और इसके आगे क्या बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन को पूरा करने में प्रदेश की भूमिका और विकसित मध्यप्रदेश के लिए सभी लोकसेवक कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### साझा किए सुशासन से जुड़े अनुभव

सिविल सेवा दिवस समारोह 2025 के अवसर पर प्रशासन अकादमी में नरोन्हा व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश भर के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ दीपक बागला ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को विकसित भारत के लिए सुशासन से जुड़े अनुभव साझा किए। प्रशासन अकादमी के संचालक मुजीबुर्रहमान ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

सीएम ने घाटों की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान में दी सहभागिता

सीएम ने किया पंच कोशी यात्रियों और ननि स्वच्छता मित्रों का सम्मान

# दो वर्ष में तैयार होंगे क्षिप्रा के 29 किमी घाट, परिक्रमावासियों को होगी सुविधा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे विश्व में हमारे प्रदेश की मां नर्मदा ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है, मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा नदी के परिक्रमा स्थल को सुव्यवस्थित कर तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं बनाएंगे। मां क्षिप्रा के 29 किलोमीटर घाटों को दो साल में बना दिया जाएगा, इससे मां क्षिप्रा के परिक्रमा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी। डॉ. यादव ने सोमवार को उज्जैन में क्षिप्रा के रामघाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत क्षिप्रा नदी में उतरकर घाटों की सफाई की। उन्होंने क्षिप्रा में स्नान कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। डॉ यादव द्वारा सलामतपुर से आए पंचकोशी यात्रियों का सम्मान किया गया और उनकी यात्रा का शुभारंभ कराया गया। उन्होंने नगर निगम के स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया।

### क्षिप्रा को प्रवहमान, स्वच्छ रखने कई योजनाएं



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में मां क्षिप्रा को प्रवहमान बनाने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी जलाशय योजना, मां क्षिप्रा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए खान डायवर्सन नदी परियोजना भी चल रही है। इसका लगभग 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है, आने वाले 2 वर्षों में मां क्षिप्रा कल-कल होकर बहेगी, इसी संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल के पास बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित कर दिया गया है, इस अभियान की यह विशेषता है कि हम अपनी ऐतिहासिक, पुरानी बावड़ी, कुएं, तालाब, जल स्त्रोत को पुनर्जीवित कर रहे हैं।

### उज्जैन पौराणिक नगरी के साथ काल गणना का केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन ऐतिहासिक पौराणिक नगरी के साथ-साथ काल गणना का प्रमुख केंद्र रहा है। अकबर, शाहजहां, जहांगीर ने भी उज्जैन में प्रवास किया था और भर्तहरी गुफा पहुंचकर काल गणना के ज्ञान को समझा था। यहां उन्होंने टकसाल भी स्थापित कराई थी। उज्जैन एक वैज्ञानिक नगरी भी है। हम इसके वैभव को पुनः स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजा भृतहरि, सम्राट विक्रमादित्य, सम्राट अशोक के साथ-साथ अन्य महान राजाओं के द्वारा उज्जैन के लिए अनेक प्रकार के प्रमाणिक कार्य किए गए हैं। श्रीमंत महाद जी सिंधिया ने पानीपत के युद्ध के बाद इसके गौरव को पुनर्स्थापित किया।



जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल

## जल संरक्षण सामूहिक की जिम्मेदारी एकजुट हो अभियान को बनाएं सफल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल है, जिसका उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन करना है। इस अभियान में नदियों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इनमें नदी तटों की सफाई, पौधरोपण, जल संचयन और औद्योगिक कचरे पर नियंत्रण की पहल की जा रही है। साथ ही नागरिकों को जल की महत्ता और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है। कि जल संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी की जिम्मेदारी है, एकजुट होकर अभियान को सफल बनाएं।

### राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने की सहभागिता

नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी डिण्डोरी जिले की शहपुरा जनपद पंचायत के ग्राम बरगांव में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में शामिल हुई। श्रीमती बागरी ने कहा कि जल संरक्षण केवल अभियान तक सीमित प्रक्रिया नहीं है, यह एक सतत प्रक्रिया है। इसमें शासन प्रशासन की भूमिका के साथ ही हम सभी का सहयोग आवश्यक है।

### केन्द्रीय मंत्री एल मुरुगन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल. मुरुगन ने सोमवार को मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर एवं अंग वस्त्रम ओढ़ाकर केंद्रीय मंत्री मुरुगन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री ने मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।

### मुख्यमंत्री से मिले श्री आनंदपुर धाम के पदाधिकारी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को स्टेट हैंगर पर अशोकनगर जिले के श्री आनंदपुर धाम के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गुरु महाराज का श्रीप्रसाद प्रदान किया और श्री आनंदपुर धाम पधारने के लिए आभार व्यक्त कर पुनः पधारने का आग्रह भी किया।

# बेझिझक निवेश कीजिए, आपके हितों की चिंता सरकार करेगी

- सीएम ने टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग के संबंध में बैठक कर निवेशकों से चर्चा
- प्रदेश में टेलीकॉम सेक्टर के विकास में पूरे सहयोग का किया वादा



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार टेलीकॉम सेक्टर के विकास के लिए निवेशकों को हर संभव सहयोग करेगी। बेझिझक निवेश कीजिए, आपके हितों की चिंता सरकार करेगी। डॉ. यादव ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव होने जा रही है। इच्छुक निवेशक इसमें अपना प्रस्ताव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के निर्माण के लिए बड़े लैण्ड बैंक की आवश्यकता होगी। निवेशकों से कहा कि कम जमीन में ज्यादा निर्माण इकाईयां स्थापित करने से लागत भी कम होगी और प्रबंधन में भी आसानी होगी।

### निवेशक राज्य की केन्द्रीय नीतियों का लाभ उठाएं

सीएम ने कहा है कि दूरसंचार सुविधाओं का विकास एवं विस्तार आज की बड़ी जरूरत है। टेली कम्यूनिकेशन फेसिलिटीज को बेहतर बनाकर हम प्रदेश के हर क्षेत्र व केन्द्रीय दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ाना चाहते हैं। मप्र देश का हृदय स्थल है। निवेशक राज्य की देश में केन्द्रीय स्थिति का भरपूर लाभ उठाएं। टेलीकॉम सेक्टर में इन्वेस्ट करने के लिए प्रदेश आने वाले हर निवेशक के हितों का सरकार पूरा ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि मप्र में ग्वालियर, जबलपुर जैसे क्षेत्रों में टेलीकॉम सेक्टर के विकास की असीम संभावनाएं हैं। डॉ यादव ने निवेशकों के साथ टेलीकॉम सेक्टर के उत्तरोत्तर विकास के लिए विस्तार से चर्चा की।

## 'एक्सप्रेशंज 25' में एसजीटीयू के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, जीते 7 पदक



**नई दिल्ली।** एसजीटी यूनिवर्सिटी के मास कम्युनिकेशन के प्रतिभाशाली छात्रों ने एलपीयू (लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी), फगवाड़ा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मीडिया फेस्टिवल 'एक्सप्रेशंज 25' में अपनी रचनात्मकता और कौशल का लोहा मनवाते हुए कुल 7 पुरस्कार जीतकर एसजीटीयू को गौरवान्वित किया। फेस्टिवल का उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेता संजय मिश्रा ने किया। देशभर की 43 यूनिवर्सिटीज और संस्थानों के छात्रों के बीच मुकाबला काफी कड़ा था, लेकिन एसजीटी विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, रचनात्मकता और आत्मविश्वास से पुरस्कारों के साथ-साथ ऑडियंस का दिल भी जीत लिया। एसजीटी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ मॉस कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी के डीन अभिषेक दूबे ने समस्त एसजीटी परिवार की ओर से सभी विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई दी।

**ये रहे विजेता छात्रः** रील मेकिंग (विजेता) – विपिन, रील मेकिंग (प्रथम उपविजेता) – तपस, मीडिया क्विज (प्रथम उपविजेता)– अमन और अंशित, एंकर हंट (प्रथम उपविजेता) – इशिता होटा, एड-मैड शो (विजेता टीम) – अमन, अंशित, विपिन, इशिता, तापस, आरजे हंट (विजेता) – विपिन, आरजे हंट (प्रथम उपविजेता) – अंशित।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कपड़ा कारोबारी की गई जान

# कोंडागांव में सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मंगलवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना में कार चालक रोशन कोठरिया उम्र 45 वर्ष की मौत हुई। शेषमल सुराणा उम्र 57 वर्ष घायल हुए। दोनों कोंडागांव निवासी है। घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। उसका उपचार जारी है।

पुलिस के मुताबिक लौह अयस्क से भरी हाइवा रायपुर की ओर जा रही थी। बलेनो कार सीजी 27एन 2733 कांकेर से कोंडागांव की और तरफ आ रही थी। जैसे ही दोनों वाहन लंजोडा कोसापारा के पास पहुंचे, हाइवा चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और गलत साइड में जाकर कार को जोरदार टक्कर मार दी।




### टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए

*टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के तुरंत बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने हाइवा वाहन को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। सड़क दुर्घटना में जिसकी मौत हुई, वह नगर का कपड़ा कारोबारी था, वही घायल व्यक्ति नगर का प्रतिष्ठित सोना चांदी कारोबारी था। व्यवसायियों के सड़क हादसे का शिकार होने के बाद नगर के व्यवसायियों में शोक का माहौल है।*

रायपुर व कोरबा जिले में हुई कार्रवाई

# रिश्वत लेते बिजली कंपनी के अभियंता और पटवारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए रायपुर और कोरबा जिलों में दो सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

दोनों मामलों में शिकायतकर्ताओं की रिपोर्ट के आधार पर एसीबी की टीमों ने ट्रैप की कार्रवाई की। रायपुर जिले के छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी चंगोराभाठा जोन में पदस्थ सहायक अभियंता प्रवीण साहू को 25,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता शिवाजी राव, निवासी चरोदा, भिलाई ने बताया कि वह एसी सर्विस का व्यवसाय शुरू करना चाहता था और इसके लिए 12 किलोवाट थ्री-फेस बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। अभियंता ने कनेक्शन देने के बदले रिश्वत की मांग की थी। एसीबी रायपुर द्वारा शिकायत के सत्यापन के बाद सोमवार को अभियंता प्रवीण साहू को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

### पटवारी ने मांगी थी जमीन के रिकार्ड के लिए रिश्वत

*कोरबा जिले के पाली तहसील में पदस्थ पटवारी सुल्तान सिंह बंजारा को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए एसीबी बिलासपुर की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता समर सिंह, निवासी दुल्लापुर ने बताया कि वह पिछले 40 वर्षों से सवा तीन एकड़ भूमि पर काबिज है। उसका नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने के लिए पटवारी ने 25 हजार रुपए की मांग की थी। एसीबी बिलासपुर की टीम ने प्रथम किश्त के रूप में दी जा रही रकम के साथ पटवारी को गिरफ्तार किया।*

तेल चोरी के शक में की दसवीं पत्नी की हत्या

# महिलाएं मिलती गईं और विवाह करता गया, 9 साल में 10 पत्नियां कर लीं, हत्याकांड से खुली आरोपी की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जशपुरनगर के 45 साल के ढुलू राम की चर्चा जमकर हो रही है। उसने अपनी पत्नी बसंती बाई की हत्या की। पकड़ा गया तो पता चला कि इससे पहले 9 शादियां और कर चुका है। पहले पत्नी की मौत हो गई थी। उसके बाद की पत्नियां छोड़कर चली गईं। घर से कपड़ा और खाने का तेल चोरी कर भागने के संदेह में आरोपी पति ने पत्थर से वार कर पत्नी की हत्या कर दी। महिला आरोपी की दसवीं पत्नी थी। इससे पहले एक पत्नी की बीमारी से मौत हो चुकी है, जबकि दूसरी पत्नी आरोपी के शराब के नशे और मारपीट किए जाने से डर कर भाग चुकी है। मामला जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के सुलेशा गांव का है। थाना प्रभारी संत लाल आयाम ने बताया कि 20 अप्रैल को पुलिस को सुलेशा के कोटवार सर्वनाथ राम से सूचना मिली थी कि गांव के रोपाक्यारी नदी के किनारे के जंगल में एक महिला की सड़ी हुई लाश मिली है। सूचना पर बगीचा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। महिला की पहचान बसंती बाई के रूप में हई। शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृतका के सिर में गहरे चोट के निशान पाएं जाने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धार 103 (2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी पति के कई विवाह करने और पत्नी बसंती के साथ विवाद की बात पता चली। संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति ढुलु राम (45) को हिरासत में लेकर पूछताछ की।



### शक था पत्नी छोड़कर भाग रही है

*कुछ देर मामले को घुमाते रहने के बाद आरोपी ढुलू राम ने पत्नी की हत्या का अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि 17 अप्रैल को वह पत्नी बसंती बाई के साथ गांव में अपने भतीजे के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया हुआ था। यहां से घर लौटा तो पता चला कि शादी घर से उससे पहले आ कर पत्नी कपड़ा, चावल और खाने का तेल लेकर घर से निकली है। पत्नी के घर छोड़ कर भागने की आशंका पर आरोपी पत्नी का पीछा करते हुए रोपाक्यारी नदी के किनारे के जंगल में पहुंच गया। यहां घर छोड़ने को लेकर आरोपी और बसंती बाई के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आकर आरोपी ने पास में पड़े पत्थर के टुकड़े से बसंती पर वार कर दिया। सिर में आए गंभीर चोट की वजह से बसंती की मौके पर ही मौत हो गई। शव को जंगल में पत्ते से ढंक कर आरोपी चुपचाप घर आ गया।*

### 9 साल में 10 शादी

*आरोपी ढुलू राम का कहना है कि उसने नौ साल के भीतर 10 शादियां की हैं। उसकी पहली पत्नी का निधन लगभग दो साल पूर्व हुआ है। बसंती उसकी 10 वीं पत्नी थी और उसने लगभग तीन साल पूर्व बसंती से विवाह किया था। एक पत्नी के रहते हुए इतने सारी महिलाओं से विवाह रचाने के संबंध में पूछे जाने पर आरोपी ढुलू राम का कहना है कि महिला से उसका संपर्क होता गया और वह एक के बाद एक विवाह करता गया। किसी महिला से तीन माह तो किसी के साथ छह माह रह कर उन्हें छोड़ दिया करता था।*

### सीधी भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित

**भोपाल।** सीधी जिले के भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान को भाजपा द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। यह कार्यवाही सुरेश सिंह पर एक युवती द्वारा छेड़छाड़ के आरोप लगाने के बाद की गई है। घटना बीते शुक्रवार की बताई जा रही है। हालांकि मामले की फिलहाल थाने में शिकायत नहीं की गई है, लेकिन सुरेश सिंह का नाम बीते दो दिनों से सोशल मीडिया पर काफी तेजी से उछला। जिसके बाद यह कार्रवाई भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा की ओर से की गई है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी भगवानदास सबनानी की ओर से जारी निष्कासन पत्र में कहा गया है कि सुरेश सिंह द्वारा अशोभनीय कृत्य किया गया है, उससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है।


☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☛

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पहले से घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

रेलगाड़ी सं. 07077/07078 चर्लपल्ली-देहरादून-चर्लपल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07077 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07078 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | ---- |
| 19:20 | ---- | देहरादून | ---- | 07:00 |

चलने के दिन : 07077 चर्लपल्ली से दिनांक 29.04.2025 से 27.05.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार) को और 07078 देहरादून से दिनांक 01.05.2025 से 29.05.2025 (प्रत्येक वीरवार) को।

ठहराव: काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जं., इटारसी जं., रानी कमलापति, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, आगरा कैंट जं., मथुरा जं., हजरत निजामुद्दीन, मेरठ सिटी, रुड़की एवं हरिद्वार जं. स्टेशन।

स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान

रेलगाड़ी सं. 05577/05578 सहरसा जं.-आनंद विहार ट.-सहरसा जं. गरीबरथ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 66 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05577 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05578 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | सहरसा जं. | 10:30 | ---- |
| 00:30 | ---- | आनंद विहार ट. | ---- | 05:15 |

चलने के दिन : 05577 सहरसा जं. से दिनांक 16.05.2025 से 30.06.2025 तक (प्रत्येक सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि) को और 05578 आनंद विहार ट. से दिनांक 18.05.2025 से 02.07.2025 (प्रत्येक मंगल, बुध, वीर, शुक्र, रवि) को।

ठहराव: गढ़ बरुआरी, सुपौल, सरायगढ़ जं., निर्मली, घोगरडिहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., दरभंगा जं., जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं, नरकटियागंज जं, बगहा, कप्तानगंज, गोरखपुर जं, बस्ती, घोण्डा जं., सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन।

स्थान: 3 टियर वाता.

रेलयात्रियो से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1194/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद की जड़ों को काटने का वक्त

आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत को उसकी जड़ पर वार करना होगा। केवल ऑपरेशन क्लीन जैसे सफाई अभियान से बात नहीं बन रही है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पीछे जो भी जड़ें काम कर रही हैं, उन जड़ों को काटना जरूरी है। आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया है। आतंकियों ने नाम पूछ कर गैर मुस्लिमों को गोली मारी है। अमरनाथ यात्रा से पहले यह कायराना आतंकी हमला इस यात्रा में बाधा डालने की कोशिश है। पवित्र अमरनाथ यात्रा पर ज्यादातर हिंदू जाते हैं। इस बार यात्रा 3 जुलाई से शुरू है। सरकार बेशक जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से एक्शन ले रही है, सेना व अन्य सुरक्षा बल सम्मिलित रूप से ऑपरेशन क्लीन चला रही हैं, टेरर फंडिंग के स्रोतों पर वार किया गया है, अलगावादियों को कॉर्नर किया है, इसके बावजूद घाटी में आतंकी हमले बंद नहीं हो सके हैं। राज्यपाल शासन के बाद अब एक चुनी हुई सरकार है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त करना जरूरी है, इसके लिए सदियों तक इंतजार नहीं किया जा सकता है। अस्सी के दशक से इस राज्य के बेकसूर आवाम आतंकी दहशत में जी रहे हैं, पर्यटक डरे रहते हैं। बेखौफ होकर न कृषि होती है और न ही उद्योग-व्यापार। कश्मीर में आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई संलिप्त है, इन्हें दंतहीन-विषहीन बनाना जरूरी है। भारत को आतंक के मददगार और आतंकवाद में शामिल गुटों पर एक साथ वार करना होगा। भारत साढ़े चार दशक से आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, आगे कब तक लड़ना होगा, यह भी पता नहीं है, लेकिन एक मजबूत विकसित राष्ट्र के लिए जरूरी है कि देश अपने दुश्मनों को कड़ा सबक सिखाए। हाल के वर्षों में कश्मीर में आतंकवाद का एक पैटर्न देखने को मिला है, जिसमें गैर मुस्लिमों पर हमला किया गया है। वर्ष 2022 में भी शोपियां व कुलगाम में हुए आतंकी हमले में भी नाम पूछ कर गोली मारी गई थी। मुंबई 26/11 आतंकी हमले में भी ऐसा ही देखने को मिला था। यह सीरियाई आतंकी गुट इस्लामिक स्टेट का तरीका था, जिसे अब पाक के आतंकी गुट लश्कर व जैश ने भी अपना लिया है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। लश्कर पाक स्थित आतंकी गुट हैं, इसलिए साफ है कि पहलगाम हमले में पाक के आतंकी गुट का हाथ है। कश्मीर में इतनी सुरक्षा व ऑपरेशन क्लीन के बावजूद टीआरएफ का वजूद चिंता पैदा करता है। पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह ने उच्च स्तरीय बैठक की है, सऊदी अरब की यात्रा पर गए पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह से बात की है, जेएंडके के सीएम उमर अब्दुल्ला और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा हमले के बाद की स्थिति पर चौकस हैं, लेकिन सवाल भी है कि पर्यटन के महीने में क्या सरकार के पास आतंकी हमले का खुफिया या सीआईडी इनपुट नहीं था? तमाम सुरक्षा के बीच मुट्ठी भर आतंकियों का गुट टीआरएफ इतने बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने में कैसे सफल हो जाते हैं, उन तक फंड व असलाह कैसे पहुंच रहे हैं? प्रशिक्षण कैसे मिल रहा है और बाहर से आ रहे हैं तो घुसपैठ कैसे हो रही है? जबकि लेजर प्रोटेक्टेड बाड़ है। अगर टीआरएफ को स्थानीय मदद मिल रही है, तो भी इसका पर्दाफाश जरूरी है। अब आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस केवल नीति में नहीं बल्कि एक्शन में जरूरी है। सर्जिकल स्ट्राइक से आगे की रणनीति की आवश्यकता है।

## पर्यावरण
विकेश कुमार बडोला



# प्राकृतिक असंतुलन को लेकर गंभीर हो मनुष्य

जहां राजधानी और महानगरों वाला भारत न्यायालयों के जंजाल में फंसा हुआ है, वहीं प्राकृतिक असंतुलन समानांतर रूप में देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विनाश-लीला रचने में लगा हुआ है। 20 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के रामबन जनपद में सूर्योदय से पहले हुई तीव्र वर्षा के कारण अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई। बाढ़ की घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और बाढ़ में फंसे सौ से अधिक लोगों को किसी प्रकार सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नाशरी और बनिहाल के बीच बारह से अधिक स्थानों पर भूस्खलन, मृदाधंसाव और भारी पत्थर गिरने-लुढ़कने की घटनाएं हुईं। ढाई सौ किलोमीटर लंबे राजमार्ग के बंद होने के कारण इस पर सैकड़ों यात्री और वाहन चालक फंसे हुए हैं। समीप ही स्थित ग्लेशियर सुरंग के अंदर-बाहर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। सुरंग सहित लगभग तीन किलोमीटर राजमार्ग की पृष्ठभूमि में स्थित पूरा पर्वत भरभराकर धंस गया। इसके बाद राजमार्ग का दूसरा हिस्सा धंसाव के बाद बहे पर्वतों के मलबे के साथ सरपट खाई में बदल गया है। घटना के चलचित्र देखकर प्राकृतिक आपदा की गंभीरता भली-भांति समझी जा सकती है। जलवायु की निरंतर विकृत एवं विनाशक होती स्थितियों की भी हमारे द्वारा अनदेखी की जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ दिनों के लिए स्थितियां सामान्य होते ही हम पिछला सब कुछ भूल जाते हैं और फिर जलवायु असंतुलन के कारण एक नई दुर्घटना घट जाती है। विगत कई दशकों से हिमालयी पर्वत क्षेत्र में यही हो रहा है। विद्युत उत्पादन के लिए बांधों के निर्माण, पर्यटन में वृद्धि हेतु रहने-घूमने की संरचनाओं के निर्माण और इन निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने व इनके भोगोपभोग के लिए इन तक जाने-पहुंचने हेतु मार्गों के निर्माण के कारण पर्वतों की प्राकृतिक शक्ति समाप्त हो चुकी है। पर्वतों पर विकास के परिणामस्वरूप बढ़े आवागमन, भारी मोटर वाहनों के चालन-परिचालन और तरह-तरह की संरचनाएं खड़ी करने के लिए विस्फोटकों की सहायता से तोड़े गए पर्वतीय पठार पारस्परिक नैसर्गिक पर्वत-बंधन से मुक्त हो चुके हैं। विभिन्न पर्वतीय भाग अब पारस्परिक अवलंबन की अवस्था से पृथक हो चुके हैं। इसीलिए उनमें अत्यधिक या तीव्र वर्षण का भार वहन करने का शक्तिगुण नहीं बचा। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तरखंड में माह डेढ़ माह के अंतराल में कोई न कोई प्राकृतिक विपदा घट ही रही है। यह घटनाक्रम तीन-चार दशकों से निरंतर चला आ रहा है और विगत दस-पंद्रह वर्षों में तो ऐसी घटनाएं भयंकर रूप में घटी हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक परिव्याप्त हिमालयी गिरिमाला पर आधुनिक विकास के कारण पड़ने वाले जो भी प्रतिकूल प्रभाव हैं, वे पर्वतों के सबसे ढलान वाले अंशों पर अधिक हैं। उत्तराखंड में सर्वाधिक पर्वत-विचलन हुआ है। इसके बाद उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बीच स्थित हिमाचल प्रदेश में अधिक पर्वतीय अस्थिरताएं हो रही हैं। पर्वतों के सर्वाधिक निचले और मध्य भाग में दीर्घ समय तक होने वाले ऐसे विचलनों व अस्थिरताओं के कारण एक दुर्भाग्यशाली दिन वह भी आएगा जब जम्मू-कश्मीर में स्थित हिमालय का सर्वोच्च शिखर जलवायु असंतुलन का अकल्पनीय विनाश झेलेगा। क्या इससे सुरक्षित रहने के लिए भारत और हिमालय पट्टिका के दोनों ओर स्थित देशों की कोई तैयारी है? संभवतः कोई तैयारी नहीं है और ना ही हो सकती है। अर्थव्यवस्था बढ़ाने पर केंद्रित दुनिया हर संभव औद्योगिक व भौतिक अनुसंधान कर देना चाहती है। फिर चाहे इसके लिए समग्र पृथ्वी की पूरी प्रकृति ही ध्वस्त क्यों न हो जाय। कुछ देश तो इस संबंध में दिखावटी-बनावटी चिंता भी नहीं कर रहे। वे तो निर्मम आधुनिकता पर सवार होकर पृथ्वी से अंतरिक्ष तक विस्तारित क्षेत्र को वैज्ञानिक प्रयोगों से इस सीमा तक अप्राकृतिक कर चुके हैं कि संवेदनशील व्यक्ति को यदि आंख उठाकर आकाश की नीलिमा देखने की इच्छा होती है तो वायुमंडल में पसरी हुई मटमैली कुरूपित धुंध उसे दुखित आहें भरने को ही विवश करती है। अधिसंख्य मनुष्यों को असंतुलित जलवायु के कारण उत्पन्न ऐसे वातावरण के बारे में कोई स्वाभाविक समझ ही नहीं है। प्राकृतिक असंतुलन के कारण आए दिन वे किसी न किसी असाध्य रोग से ग्रस्त ही रहते हैं मनुष्य चाहे साधारण व्यक्ति, नागरिक, पारिवारिक सदस्य के रूप में हो अथवा विद्वान, पदाधिकारी या धन-संसाधन संपन्न विशिष्ट व्यक्ति के रूप में, उसे गंभीर होकर यह जान लेना होगा कि अंधाधुंध आधुनिक विकास आने वाले कुछ वर्षों में महाविनाश का ही पर्याय होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## नेशनल हेराल्ड
प्रमोद भार्गव

# अदालत का सम्मान करे कांग्रेस

**ईडी ने नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी।**

देश के प्रथम व प्रतिष्ठित राजनीतिक गांधी परिवार की पुत्रवधू सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहला आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और पत्रकार सुमन दुबे भी आरोपी हैं। दुबे राजीव गांधी फाउंडेशन के ट्रस्टी भी हैं। यह आरोप पत्र 9 अप्रैल 1925 को विशेष जज विशाल गोगने की अदालत में पेश किया गया। अब इस पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी ने इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी। इस समय भी केंद्र में यूपीए की सरकार थी। अतएव कांग्रेस को ईडी और अदालती कार्यवाही का सम्मान करने की जरूरत है। नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे।

दरअसल दो हजार करोड़ रुपये के नेशनल हेराल्ड से संबंधित स्वामित्व व परिसंपत्तियों के हस्तांतरण से जुड़ा एक मामला निजी इस्तगासे के तहत निचली अदालत में विचाराधीन है। याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी ने अदालत में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करके यह दावा किया था कि अखबार का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी 'द एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड' के स्वामित्व और परिसंपत्तियों के हस्तांतरण में धोखाधड़ी की गई है। इससे लाभान्वित होने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी हैं। न्यायालय ने पहली नजर में इस मामले को सुनने योग्य माना और प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। तभी से कांग्रेस राजनीतिक प्रतिशोध के चलते इस मामले को झूठा ठहराने में लगी हुई है। साफ है, सोनिया, राहुल अपने को फंसता देख जानबूझकर मामले को सियासी साजिश करार देने में लगे हैं। यहां सोचने की जरूरत है कि वाकई न्यायपालिका राजनीति की कठपुतली है तो फिर 2013 में जब स्वामी ने अदालत में याचिका दाखिल की थी,तब अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल इस याचिका को खारिज कराने में क्यों नहीं किया? याचिकाएं लगाने में सिद्धहस्त स्वामी ने कोई इकलौती यही याचिका दाखिल नहीं की, वे कई जनहित याचिकाएं लगाकर अपनी कानूनी लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। यदि न्यायालय राजनेताओं के दिशा-निर्देशन के अनुसार चलती हैं तो सोनिया गांधी संप्रग सरकार की भद पिटवाने वाली इस कार्यवाही को क्यों




नहीं रोक पाईं ? गोया पूरा देश जानता है कि अदालतों का राजनीतिक हस्तक्षेप से कोई वास्ता नहीं है। न्यायालयीन प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से कानूनी दायरे में गतिशील रहते हुए अंतिम परिणाम तक पहुंचती है।

इस लिहाज से कांग्रेस द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को दोषी ठहराना उचित नहीं है। नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला बेहद गंभीर है। प्रथम दृष्टया दस्तावेजी साक्ष्यों की पड़ताल करने से ही यह साफ हो जाता है कि दाल में कुछ काला है। दरअसल एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने एजेएल को 90 करोड़ का कर्ज दिया। इसके बाद 5 लाख रुपये की अंश पूंजी से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया व राहुल की 38-38 फीसदी भागीदारी तय की गई। शेष बची 24 प्रतिशत की हिस्सेदारी कांग्रेस नेता और पार्टी के कोषाध्यक्ष मोतीलाल बोरा और ऑस्कर फर्नांडीज को दी गई। अब दोनों नेता दिवंगत हो चुके हैं। इसके बाद एजेएल के 10-10 रुपये के नौ करोड़ शेयर यंग इंडियन को दे दिए गए।

इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का कर्ज भी चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन का एजेएल की 99 फीसदी हिस्सेदारी मिल गईं। कांग्रेस ने 90 करोड़ जैसी बड़ी धनराशि का ऋण भी माफ कर दिया। मसलन कागजों में एक कंपनी का कृत्रिम वजूद खड़ा करके एजेएल का स्वामित्व बड़ी आसानी से हस्तांतरित कर दिया गया। स्वामी ने अदालत में अपनी दलील पेश करते हुए इस प्रकरण में हवाला करोबार को अंजाम देने का संदेह भी जताया था। जाहिर है, मामला बेहद गंभीर है। अब 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति यंग इंडियन को गलत तरीके से स्थानांतरित की गई थी, आरोप है कि संपत्तियों का उपयोग करके फर्जी लेन-देन के जरिए लाखों-करोड़ों की रकम जुटाई गई। फर्जीदान, फर्जी अग्रिम किराया और फर्जी विज्ञापन के रूप में अवैध आय अर्जित की गई। जांच में पाए गए ऐसे ही दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। ईडी 2021 से इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने जून 2022 में राहुल गांधी से पांच दिन में पचास घंटे और जुलाई 2022 में सोनिया गांधी से तीन दिन में करीब 12 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में मां-बेटे दिसंबर 2019 से जमानत पर हैं। वास्तव में अब जरूरत तो यह है कि एक जिम्मेदार और अनुभवी राजनीतिक दल होने के नाते सोनिया और राहुल समेत सभी आरोपियों को अपने निर्दोष होने के साक्ष्यों के साथ अदालत में अपना पक्ष रखना चाहिए। केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने और संसद से सड़क तक हंगामे की बजाय कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप व्यवहार जताने की आवश्यकता है। अदालती कार्यवाही पर भी उंगली उठाना,सर्वथा अनुचित आचरण का प्रतीक है। इस मामले में सोनिया गांधी को अपनी सास इंदिरा गांधी से भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अदालत की कार्यवाही का सामना करने में कभी हिचक नहीं दिखाई। रायबरेली चुनाव में धांधली के आरोप की सुनवाई के दौरान श्रीमती गांधी 18 मार्च 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हाजिर हुई थीं,वह भी प्रधानमंत्री रहते हुए। हालांकि मनमाफिक फैसला नहीं होने पर इंदिरा गांधी जून 1975 में आपातकाल घोषित करने से भी नहीं चूकी थीं। संभव है जिरह और न्यायिक प्रक्रिया की कसौटी पर स्वामी के दस्तावेजी साक्ष्य और ईडी के आरोप बेदम साबित हो जाएं और अदालत मामला ही खारिज कर दे ? यह एक उम्मीद है,लेकिन यदि स्वामी जैसी कि दलील दे रहे हैं कि प्रस्तुत साक्ष्य कूटरचित और कथित रूप से व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने वाले हैं और अदालत उन्हें सही पाती है तो कानून में ऐसे आरोप में जिस सजा का प्रावधान है, अतएव आरोपियों का बच निकलना मुश्किल होगा ?

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## मर्यादा के दायरे में कर्तव्यों का पालन



संकलित
**दर्शन**

भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा के दायरे में रहकर कर्तव्यों का पालन करने की सीख देता है। उनके जीवन से हम कई चीजों की प्रेरणा ले सकते हैं, जो जीवन में हमें सही मार्ग प्रशस्त करते हैं। भगवान श्रीराम ने कठिन से कठिन हालातों में भी आत्मसंयम, धैर्य और साहस से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कभी भी क्रोध में आकर कोई निर्णय नहीं लिया, बल्कि हर चुनौती का सामना शांति और विवेक के साथ किया। श्रीराम अपने वचनों के प्रति अत्यंत निष्ठावान थे। उन्होंने जीवन भर अपने वचनों और दायित्वों का पूरी निष्ठा से पालन किया। वनवास के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता ने सिर्फ कंद-मूल और फल खाकर जीवन बिताया। उन्होंने कभी भी मांसाहार या तामसिक भोजन को नहीं अपनाया। शबरी के प्रेमपूर्वक दिए बेर भी उन्होंने आदरपूर्वक ग्रहण किए। राजसी वैभव छोड़कर वनवास के समय भगवान राम ने तपस्वियों का वेश धारण किया। उन्होंने सादगी से जीवन जिया जहां जो मिला उसी में संतुष्ट रहकर आगे बढ़ते गए। श्रीराम हर कार्य सोच-समझकर और पूर्व नियोजन के साथ करते थे। माता सीता को वापस लाने के लिए उन्होंने समुद्र पार करने हेतु रामसेतु का निर्माण कराया, जो उनके रणनीतिक कौशल को दर्शाता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में अनेक जनजातीय और वनवासी समुदायों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया। शबरी, केवट और अहिल्या जैसे प्रसंग उनके करुणा और सेवा भाव को दर्शाते हैं।


## ऐसे लोगों से कभी न करें दुश्मनी



संकलित
**प्रेरणा**

आचार्य चाणक्य के अनुसार राजा और सत्ताधारी या शक्तिशाली व्यक्ति से शत्रुता नहीं करनी चाहिए। आधुनिक संदर्भ में देखा जाए तो बड़े राजनीतिक नेताओं या प्रशासन से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अनबन करने से गंभीर नुकसान हो सकता है, क्योंकि जिनके पास अधिकार होते हैं, वे परिस्थितियों को अपने अनुरूप मोड़ सकते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार धनवान व्यक्ति से शत्रुता करना भी अपने लिए नुकसानदायक होता है। धन से व्यक्ति की शक्ति बढ़ती है और इससे वह दूसरों पर अधिक हावी होने की क्षमता रखता है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि शारीरिक या मानसिक रूप से बलवान व्यक्ति से टकराव मोल लेना हानिकारक हो सकता है। ऐसा व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इसलिए ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाए रखनी चाहिए। धन और बल में श्रेष्ठ व्यक्ति से शत्रुता करना अनावश्यक संकट को आमंत्रित करने जैसा है। चाणक्य की इन नीतियों का अनुसरण कर व्यक्ति अपने जीवन को सुरक्षित और सफल बना सकता है। उनके विचारों को समझना और व्यवहार में लाना, जीवन में संतुलन और समृद्धि लाने में सहायक हो सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*-विजय कुमार सेन*

## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण



इस पृथ्वी दिवस पर, आइए हम स्वच्छ, हरित और टिकाऊ दिल्ली के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हम जलवायु जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### हर बच्चे को शिक्षा



जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### थोरियम से बनाएं बिजली



आने वाले दिनों में, भारत में बिजली का सबसे ज़्यादा कन्ज़म्प्शन होगा। सबको सस्ती बिजली चाहिए। ईश्वर ने हमें न्यूक्लियर पॉवर का ईंधन, "थोरियम", बहुत बड़ी मात्रा में दिया है। थोरियम को यूज करके सस्ती बिजली बन सकती है। ये छोटे रिएक्टर जगह भी कम लेते हैं।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

### माफी मांगता हूं




मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। मैं तहेदिल से माफी मांगता हूं, इस समाज से जिनको मैं ये नहीं कहना चाह रहा था।

**-अनुराग कश्यप, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

### व्यापार के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को किया परिभाषित



सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और व्यापार समझौतों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को परिभाषित किया। आयातकों को शुल्क रियायतें पाने के लिए एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदार से किसी उत्पाद का प्रमाण या उत्पत्ति का प्रमाण पत्र लेना होगा। राजस्व विभाग के परिपत्र के अनुसार, उत्पत्ति के प्रमाण का अर्थ है कि व्यापार समझौते के अनुसार जारी किया गया प्रमाण पत्र या घोषणा, जिससे यह प्रमाणित होता है कि माल उत्पत्ति के देश के मानदंडों को पूरा करता है। उत्पत्ति का प्रमाण पत्र उन देशों को निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिनके साथ भारत के व्यापार समझौते हैं। एक निर्यातक को आयात करने वाले देश के बंदरगाह पर प्रमाण पत्र जमा करना होता है। मुक्त व्यापार समझौतों के तहत शुल्क रियायतों का दावा करने के लिए यह दस्तावेज महत्वपूर्ण है। इस प्रमाण पत्र से यह पता चलता है कि माल मूल रूप से कहां से आया है। इस कदम पर टिप्पणी करते हुए परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि सीमा शुल्क परिपत्र के जरिये मूल प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता को साबित करने के लिए अच्छी तरह परिभाषित तंत्र और एक मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई है।

## ऑफ बीट

### वृद्धों को अस्पताल में भर्ती होने 45 किमी तक की यात्रा



भारत में वृद्धों को बाह्य-रोगी सेवाओं के लिए 15 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ सकती है तथा अस्पताल में भर्ती होने के लिए लगभग 45 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ सकता है। यह जानकारी एक नए शोध से मिली है। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ-साउथ ईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित अनुमानों में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता भी दिखाई गई है। इसके मुताबिक, शहरी बुजुर्गों को 10 किलोमीटर की दूरी के भीतर बाह्य-रोगी सुविधाएं मिल जाती हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले वृद्धों के लिए यह दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के शोधकर्ताओं ने 2017-2018 में भारत के अनुदैर्ध्य आयु अध्ययन (एलएएसआई) की पहली लहर के दौरान एकत्र किए गए 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 32,000 वृद्धों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। भारत में करीब 13.8 करोड़ बुजुर्ग हैं। जब स्वास्थ्य सुविधाएं 10 किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध थी तो बाह्य-रोगी और अस्पताल में भर्ती होने, दोनों प्रकार की सेवाओं का इस्तेमाल करने की दरें उच्च थी, जो क्रमश: 73 प्रतिशत और 40 फीसदी थी।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग औसत प्रति घंटे के वोटिंग ट्रेंड से काफी कम

## राहुल के दावे को ईसी ने बताया बेबुनियाद

### बोस्टन में नेता प्रतिपक्ष के दावे पर ईसी ने कहा उतने समय में डाले जा सकते थे 116 लाख वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर उठाए सवालों का इलेक्शन कमीशन ने जवाब दिया है। ईसीआई सूत्रों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 6,40,87,588 मतदाताओं ने सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वोट डाला। औसतन प्रति घंटे लगभग 58 लाख वोट पड़े। इस एवरेज ट्रेंड के अनुसार आखिरी 2घंटों में करीब 116 लाख मतदाता वोट डाले जा सकते थे। इसलिए, दो घंटों में 65 लाख मतदाताओं की ओर से वोट डालना औसत प्रति घंटे के वोटिंग ट्रेंड से काफी कम है।



#### राहुल ने महाराष्ट्र में मतदान पर खड़े किए थे सवाल

*राहुल ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए भारत की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की सरकार के साथ मिलीभगत है। उन्होंने अमेरिका के बोस्टन में दावा किया कि भारत की चुनावी प्रणाली में कुछ न कुछ गड़बड़ है। राहुल ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि सरल शब्दों में कहें तो महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राज्य में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया।'*

#### आयोग को बदनाम करना गलत

*चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की ओर से गलत सूचना फैलाना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है। यह उन हजारों प्रतिनिधियों को भी बदनाम करता है जो अपनी राजनीतिक पार्टी से नियुक्त किए जाते हैं। हमें बदनाम करने की कोशिश पूरी तरह से बेतुकी है। चुनाव से ठीक पहले या हर साल एक बार वोटिंग लिस्ट में संशोधन किया जाता है। मतदाता सूची की अंतिम कॉपी सभी राष्ट्रीय/राज्य राजनीतिक दलों (जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी शामिल है) को सौंपी जाती है। उन्होंने बताया, 'देश में सभी चुनाव कानून के अनुसार कराए जाते हैं। भारत में जिस पैमाने और सटीकता के साथ चुनाव आयोजित किए जाते हैं, उसकी विश्व भर में प्रशंसा होती है। येबयान लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोड़ते हैं जो पारदर्शी रूप से काम करते हैं।*

#### राहुल ने बताया था असंभव



राहुल ने कहा कि इतने समय में इतने अधिक लोगों का मतदान केंद्र तक पहुंच कर वोट डालना संभव नहीं है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर हिसाब लगाएं तो इसका मतलब है कि मतदाताओं की कतारें देर रात 2 बजे तक लगी रही होंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्रॉफी के लिए कहा तो उन्होंने न केवल इनकार कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया।

## श्रीनगर में अनुराग का ऐलान- 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' देश के लिए फायदेमंद होगा



श्रीनगर। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' फॉर्मूला लागू करना देश के लिए फायदेमंद साबित होगा क्योंकि यह न केवल विभिन्न चुनावों पर होने वाले खर्चों में कटौती करेगा, बल्कि इससे काफी समय भी बचेगा। ठाकुर ने कहा कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर में (विधानसभा) चुनाव पिछले साल लोकसभा चुनाव के कुछ महीनों के भीतर हुए थे। इसके बाद महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में (विधानसभा) चुनाव हुए। इस प्रकार, साल भर में कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव हुए। संवाददाताओं से कहा कि यदि सभी चुनाव एक साथ कराए जाते हैं तो इससे खर्च में कमी आएगी, समय की बचत होगी और मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। एक साथ चुनाव कराने से उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों का खर्च कम होगा और देश को धन की बचत करने में मदद मिलेगी। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, अन्य संस्थानों और केंद्र द्वारा (2024) लोकसभा चुनावों में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, जिसे बचाया जा सकता है। यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.5 प्रतिशत जोड़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### मैं मर्यादा भूल गया था कश्यप का माफीनामा



**मुंबई।** फिल्म निर्माता-निर्देशन अनुराग कश्यप ने बीते दिनों एक जाति समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उनकी इस टिप्पणी पर जमकर विवाद हो रहा है और कश्यप की आलोचना हो रही है। कश्यप को भी अब अपनी गलती का एहसास हो गया है, जिसके बाद उन्होंने माफी मांगी है। कश्यप ने पोस्ट साझा कर लिखा है, मैं गुस्से में मर्यादा भूल गया'। कश्यप ने माफीनामा दिया है।

### पूर्व खुफिया प्रमुख अंजनेयुलु गिरफ्तार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सीआईडी ने मुंबई स्थित एक्ट्रेस-मॉडल कादंबरी जेठवानी उत्पीड़न केस में कथित भूमिका के लिएनिलंबित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पूर्व खुफिया प्रमुख पीएसआर अंजनेयुलु को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। वे 3आईपीएस अधिकारियों में से एक हैं, जिन्हें एक मामले में उचित जांच के बिना गिरफ्तार करने निलंबित किया गया है।

## वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में बंगाल जल रहा

# मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद जाएंगी ममता, हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेंगी

**हुजूर आते आते बहुत देर कर दी**

### मुर्शिदाबाद, मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में लोग बेघर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद जिले का दौरा करेंगी। यह दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए होगा। एक सरकारी कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई थी। हिंसा में 3लोगों की जान चली गई थी और कई घर छोड़कर भाग गए। विरोध प्रदर्शन मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जैसे कई अन्य जिलों में भी फैल गया। इन इलाकों से आगजनी, पत्थरबाजी और सड़क जाम की खबरें आईं।

पिछले हफ्ते, राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने ममता के अनुरोध को दरकिनार करते हुए मुर्शिदाबाद का दौरा किया था। राज्यपाल बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को सुरक्षा की भावना चाहिए। उन्होंने यह भी वादा किया कि वे उनकी चिंताओं को केंद्र और राज्य सरकारों के सामने उठाएंगे। बोस ने कहा था कि वे (पीड़ित) सुरक्षा की भावना चाहते हैं और निश्चित रूप से कुछ अन्य मांगें या जो भी सुझाव उनके द्वारा दिए गए हैं, उन सभी पर विचार किया जाएगा... हम उनके संपर्क में रहेंगे। निश्चित रूप से, बहुत प्रभावी सक्रिय कदम उठाए जाएंगे।



#### हिंदुओं को मुस्लिम-बहुल मुर्शिदाबाद से भगाया

मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखे हमले किए हैं। उन्होंने सत्ता में आने पर कार्रवाई करने का वादा किया है। बीजेपी ने ममता बनर्जी की आलोचना तेज कर दी है। सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा के पीछे के लोगों के खिलाफ बुलडोजर चलाने की धमकी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुओं को मुस्लिम-बहुल मुर्शिदाबाद से भगाया जा रहा है। उन्होंने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने बेनर्जी पर स्थिति को संभालने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने उन पर जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया।



#### वेतन की व्यवस्था हम करेंगे, आप स्कूल आएं: ममता



यहां शिक्षक भर्ती विवाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया और 26 हजार शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द हो गई। अब सभी शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच सीएम ममताने शिक्षकों को वेतन का आश्वासन दिया है। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग मुख्यालय के बाहर शिक्षकों का प्रदर्शन जारी है। इस बीच ममता ने शिक्षकों से कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।

#### सीपीआईएम ने न्यायिक जांच की मांग

*सीपीआईएम ने इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की है। उसने भाजपा और टीएमसी दोनों पर बेरोजगारी और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए सीबीआईएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने दावा किया कि दोनों पार्टियां 2026 के राज्य चुनावों से पहले मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने के लिए मिलीभगत कर रही हैं। लेफ्ट पार्टी ने ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक बड़ी रैली के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।*

#### हिंसा के 8 आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद दंगों के सिलसिले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. हिंसा के तार ओडिशा से जुड़े हैं। दंगाई यहां मजदूर बनकर छिपे थे। इधर जम्मू-कश्मीर के रामबन में भारी बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है, जिससे कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और सड़कें अवरुद्ध हैं। पकड़े गए लोग मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में शामिल थे। बंगाल की स्पेशल टास्क फोर्स की एक 6 सदस्यीय टीम ने झारसुगुड़ा में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की। पुलिस को इनपुट मिला था।

#### बंगाल में मुस्लिम भी मारे गए: सिन्हा



*शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि आप 100 करोड़ हैं, यहां 25 करोड़ मुस्लिम रहते हैं। उनका तो सुनते रहते थे कि इस्लाम खतरे में है। अब ये कह रहे हैं कि हिंदू खतरे में हैं। हिंदू- मुस्लिम नहीं मारे गए। भारत माता की संतान मारे गए। दो मौत हिंदुओं की हुई तो एक मुस्लिम भी मारा गया। आप कितनी जगह सुन रहे हैं कि एक मुस्लिम भी मारा गया? जो लोग पकड़े जाते हैं, उनको बंगाली भी नहीं आती.। क्या इसके पीछे साजिश नहीं थी?*

## कर्नाटक उच्च न्यायालय का फैसला

# आरक्षण के लिए किसी जाति को अलग अलग श्रेणियों में नहीं रखा जा सकता



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि एक ही समुदाय को शिक्षा और रोजगार के लिए दो अलग-अलग आरक्षण श्रेणियों के अंतर्गत नहीं रखा जा सकता। यह निर्णय पूर्ववर्ती मैसूरु जिले के कोल्लेगल तालुक की निवासी वी. सुमित्रा द्वारा दायर याचिका पर आया। उन्होंने राज्य द्वारा बालाजिगा/बनाजिगा समुदाय के वर्गीकरण को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सूरज गोविंदराज ने कर्नाटक सरकार को निर्देश दिया कि वह समुदाय को शिक्षा और रोजगार उद्देश्यों के लिए समान रूप से समूह 'बी' के अंतर्गत वर्गीकृत करे। समुदाय को शिक्षा के लिए समूह 'बी' (अनुच्छेद 15(4) के तहत) और रोजगार के लिए समूह 'डी' (अनुच्छेद 16(4) के तहत) के अंतर्गत रखने वाला राज्य का मौजूदा वर्गीकरण भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है।

#### याची का जाति प्रमाण पत्र हो गया था अमान्य

*उन्हें 1996 में एक नोटिस मिला जिसमें कहा गया था कि उनके समुदाय को रोजगार के लिए समूह 'डी' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, जिससे नौकरी से संबंधित आरक्षण के लिए उनका जाति प्रमाण पत्र अमान्य हो गया। विभागीय अपीलों और कर्नाटक प्रशासनिक न्यायाधिकरण के माध्यम से निवारण के कई असफल प्रयासों के बाद, सुमित्रा को 1986 की एक सरकारी अधिसूचना मिली, जिसमें यह दोहरा वर्गीकरण किया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के पीछे संवैधानिक मंशा सुसंगत है और इसका उद्देश्य समान वंचित समूहों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने राज्य के वर्गीकरण को चुनौती दी और इसे विरोधाभासी बताया।*

#### संवैधानिक सुरक्षा का उल्लंघन बताया

अदालत ने कहा कि इस प्रकार का कोई भी विभेदकारी व्यवहार संवैधानिक सुरक्षा का उल्लंघन करता है तथा सकारात्मक कार्रवाई को एक समान तरीके से लागू किया जाना चाहिए। यदि किसी समुदाय को शिक्षा के मामले में पिछड़ा माना जाता है, तो रोजगार के मामले में उसके साथ अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता। दोहरे वर्गीकरण को आरंभ से ही अमान्य घोषित करते हुए न्यायालय ने उन आदेशों को रद्द कर दिया, जिनमें रोजगार में समूह 'बी' के तहत आरक्षण को सुमित्रा के दावे को खारिज कर दिया था।

## अब 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल' की बजाय ऑफलाइन माध्यम से फसल की खरीदी की जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान हित में एक और बड़ा फैसला लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अब तक जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों के किसानों की फसल 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल की बजाय ऑफलाइन माध्यम से खरीदी जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज यहां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे। सैनी ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। हमारी सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों का 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर डाटा न होने के चलते वहां के किसानों को फसल बेचने में परेशानी हो रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए अब सरकार ने निर्णय लिया है कि पोर्टल की बजाए इन गांवों में ऑफलाइन माध्यम से खरीद करवाई जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत 17.40 लाख महिलाओं ने पंजीकरण करवाया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उज्जवला स्कीम और बीपीएल परिवारों का डाटा घर-घर जाकर वेरीफाई किया जाए। इसके अलावा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एलपीजी सिलेंडरों के लिए डिपो पर गैस कंपनियों द्वारा शिविर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि बीपीएल परिवारों को एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में ही मिलता रहेगा।

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक राजेश जोगपाल तथा गैस कम्पनियों के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मंडियां अनाज से भरी फिर भी किसान के हाथ खाली क्यों?: कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की अनाजमंडिया गेहूं से अटी पड़ी है, मंडी में जगह न होने पर मंडी के बाहर सड़को और मैदान में गेहूं की ढेरियां लगी हुई है क्योंकि कही पर भी उठान नहीं हो पा रहा है। सरकार जल्द भुगतान की बात तो कर रही है पर हो नहीं रहा है। मंडियां अनाज से भरी होने के बावजूद किसान के हाथ खाली है। सरकार के 48 घंटे में उठान के आदेश हवाई साबित हो रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि जब मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सरकार को पूरा आंकडा मिल चुका था कि गेहूं की कितनी बिजाई हुई है और कितना उत्पादन हुआ है उसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रबंध क्यों नहीं किया। मौजूदा हालात के लिए सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार की लापरवाही का खामियाजा किसानों को नहीं भुगतना चाहिए। किसान से गेहूं खरीद ली जाती है पर उठान न होने पर पड़ी हुई गेंहू को अगर कोई नुकसान होता है तो उसकी भरपाई किसान से की जाती है जो पूरी तरह से अनुचित है। गेहूं खरीद के बाद एजेंसी की ही जिम्मेदारी होनी चाहिए।

#### किसके इशारे पर सर्वोच्च न्यायालय पर टिप्पणी कर रहे हैं भाजपा सांसद

सैलजा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय पर टिप्पणी कर भाजपा देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है, भाजपा को बताना होगा कि उनके नेता किसके इशारे पर सर्वोच्च न्यायालय पर टिप्पणी कर रहे है। पर भाजपा न्यायपालिका पर अस्वीकार्य टिप्पणियों पर पूरी तरह से चुप हैं। संविधान पर बार-बार हो रहे हमलों को लेकर पीएम भी मौन है। उधर भाजपा ने अपने सांसदों द्वारा सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई पर किए गए हमलों से खुद को अलग तो कर लिया, अगर ये सांसदों के अपने विचार है तो पार्टी ने दोनों सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी क्यों नहीं किया। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने तो सर्वोच्च न्यायालय को भी नहीं बक्शा उस पर भी उंगली उठाई जा रही है, भाजपा संवैधानिक संस्थाओं पर भी भरोसा नहीं कर रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि 11 साल से भाजपा सत्ता में है, उसके नेताओं को जवाब देना चाहिए कि वे किसके इशारे पर सर्वोच्च न्यायालय और कांग्रेस पर उंगली उठा रहे हैं। अगर भारतीय संविधान पर लगातार हो रहे हमलों पर प्रधानमंत्री की लगातार चुप्पी इन हमलों का मौन समर्थन तो नहीं है। भाजपा ने अपने सांसदों द्वारा सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई पर किए गए हमलों से खुद को अलग कर लिया, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह कहना कि कि ये टिप्पणियां उनके निजी विचार हैं। कुमारी सैलजा ने भाजपा अध्यक्ष से पूछा है कि दोनों सांसदों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई और उन्हें कारण बताओ नोटिस क्यों नहीं जारी किया गया।

## शहीद पुलिसकर्मी की विधवा को बनाया डीएसपी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने 26/11 के आतंकवादी हमलों में शहीद हुए पुलिस कांस्टेबल अंबादास पवार की विधवा कल्पना पवार को मंगलवार को परिवीक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षक नियुक्त किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कल्पना की सीधी नियुक्ति को लेकर यह आदेश जारी किया। कल्पना ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस स. टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं दिनांक 21.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

| क्र. सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82252378A | नैनो डोसेटेक्सेल इंजेक्शन 80mg | 584 | 13.05.2025 |
| 2. | 82252090A | रामूसिरूमब इंजेक्शन 500mg | 48 | 13.05.2025 |
| 3. | 82251142A | इंसुलिन बाइफेसिक एस्पार्ट इंजेक्शन (इंसुलिन स्पार्ट और इंसुलिन एस्पार्ट प्रोटैमाइन 30/70) कैट्रिज 100 IU प्रति एमएल 3mL प्रत्येक (इंटरमीडिएट एक्टिंग इंसुलिन)। | 7266 | 13.05.2025 |
| 4. | 82252173A | टेबलेट समग्लूटिड 3 मिग्रा | 9500 | 14.05.2025 |
| 5. | 82252174A | टेबलेट समग्लुटिड 7 मिग्रा | 22500 | 14.05.2025 |
| 6. | 82252175A | टेबलेट समग्लुटिड 14 मिग्रा | 19600 | 14.05.2025 |
| 7. | 82251196B | इंसुलिन एस्पार्ट और इंसुलिन डेग्लुडेक इंजेक्शन 30/70 100IU प्रति एमएल 3mL कार्ट्रिज में (इंटरमीडिएट एक्टिंग इंसुलिन) | 8502 | 15.05.2025 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

1179/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**E-TENDER NOTICE**

वरि. मं. वि. इंजी./ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 232-Elect-EMU-WC-10-24-25 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | 3–फेज या पारंपरिक ईएमयू/एमईएमयू कोच और 08 व्हीलर टावर के लिए बोगी का पूर्ण विघटन, एयर स्प्रिंग लगे बोगियों आदि का बोल्स्टर ओवरहालिंग, हाइड्रा/जेसीबी मशीन को किराये पर लेना और ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में 03 वर्ष की अवधि के लिए ब्रेक सिलेंडर को हटाना, विघटित करना और साफ करना। |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 3,09,50,814.96 inclusive of GST |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 3,04,800.00 (online payment mode available on IREPS website) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 Months |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 days |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (on IREPS website) | 22.04.2025 15:57 Hrs. |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (on IREPS website) | 01.05.2025 to 15.05.2025 12:00 Hrs. |
| 10 | निविदा समापन की तिथि एवं समय | 15.05.2025 12:00 Hrs. |
| 11 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 15.05.2025 12:00 Hrs. |

**Note 1**: All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the tender. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void". **Note 2**: Duplicate documents should not be enclosed/up loaded. निविदा सुचना website **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **232-Elect-EMU-WC-10-24-25 Date: 22.04.2025**

1189/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एचईपीबी ने मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट के लिए 37.68 करोड़ की स्वीकृति दी

# नए प्रोजेक्ट्स से बड़े पैमाने पर निवेश को मिलेगा बढ़ावा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी होंगे सृजित: सीएम नायब

**7,083 करोड़ के निवेश के साथ लिथियम सेल/बैटरी परियोजना की अवधि बढ़ाने को भी दी मंजूरी, 6,700 से अधिक को मिलेगा रोजगार**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जिला झज्जर में हरियाणा का पहला मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट तथा जिला अंबाला में कैप्टिव सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए मेसर्स वायु प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 37 करोड़ 68 लाख रुपए के विशेष प्रोत्साहन पैकेज को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड (एचईपीबी) की 17वीं बैठक के दौरान यह स्वीकृति प्रदान की गई।

इस परियोजना के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में कार्यकारी अधिकार प्राप्त समिति (ईईसी) की सिफारिश के आधार पर एचईपीबी द्वारा अनुमोदित किया गया है। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा और सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे।



#### राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

बैठक में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि रसायन एवं पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में इस परियोजना की स्थापना से न केवल राज्य में महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर भी पैदा होंगे, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इस परियोजना के तहत कुल 125.49 करोड़ रुपए के निवेश में से 72.24 करोड़ रुपए की राशि मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट के लिए जबकि 48.25 करोड़ रुपए कैप्टिव सोलर पावर प्लांट में निवेश किए जाएंगे। यह हरियाणा का पहला मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट होगा, जिससे राज्य में लगभग 100 रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।

#### प्रोत्साहन विशेष पैकेज को दी स्वीकृति

बोर्ड ने मेसर्स पैनासोनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मूल रूप से स्वीकृत 25.58 करोड़ के प्रोत्साहन के विशेष पैकेज को मेसर्स पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित करने और जारी करने को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके तहत झज्जर जिले के बीड-दादरी गांव के टेक्नोपार्क में मेगा प्रोजेक्ट स्थापित होगा, जहां रेफ्रिजरेटर निर्माण के लिए 114 करोड़ का निवेश होगा। इससे 150 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

#### निवेश समयसीमा 3 साल बढ़ाने की मंजूरी

*बोर्ड ने मेसर्स एटीएल बैटरी टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के लिए निवेश समयसीमा को तीन साल से आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की। यह कंपनी हरियाणा के नूंह जिले के आईएमटी सोहना में लिथियम-आयन सेल/बैटरी के निर्माण के लिए एक मेगा परियोजना स्थापित कर रही है, जिसमें दो चरणों में कुल 7,083 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। परियोजना के तहत प्रथम चरण में 3,595 करोड़ रुपए और दूसरे चरण में 3,488 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा, जिससे 6,700 से अधिक स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।*

## शेयर बाजार में बढ़त हुई दर्ज 187 अंक चढ़कर बंद हुआ सेंसेक्स

**मुंबई।** देश का शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन 22 अप्रैल मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख भारतीय इक्विटी सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही हरे निशान पर रहे। बंबई स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सेंसेक्स 187.09 अंक यानि कि 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,595.59 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी भी 41.70 अंक यानि कि 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,167.25 के स्तर पर बंद हुआ।

# एक फोन-पे से अब पांच लोग करें ट्रांजैक्शन, खाता होना जरूरी नहीं

## लॉन्च हुआ यूपीआई सर्कल, अब बिना बैंक अकाउंट के भी कर सकेंगे पेमेंट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गांवों से लेकर शहरों तक, हर जगह ऑनलाइन भुगतान की सुविधा आम हो चुकी है। इसी कड़ी में फोन पे ने एक नया और उपयोगी फीचर 'यूपीआई सर्कल' लॉन्च किया है। इस फीचर के ज़रिए आप अपने परिवार या दोस्तों को अपने यूपीआई अकाउंट से पेमेंट करने की सुविधा दे सकते हैं- चाहे उनके पास खुद का बैंक अकाउंट हो या नहीं।

यह सुविधा फोन पे ऐप पर बेहद आसानी से उपलब्ध है और खास तौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो अभी बैंकिंग सिस्टम से नहीं जुड़े हैं। यह फीचर आपको अपने यूपीआई अकाउंट से किसी अन्य व्यक्ति (जिसे सेकेंडरी यूज़र कहा जाता है) को सीमित सीमा तक पेमेंट करने की अनुमति देता है। सेकेंडरी यूज़र आपके खाते से एक निर्धारित राशि तक ट्रांजैक्शन कर सकता है और इसके लिए दो तरह के डेलीगेशन विकल्प उपलब्ध हैं।

### दूसरे यूजर के लिए पहला विकल्प

पहले विकल्प में, सेकेंडरी यूज़र बिना प्राइमरी यूज़र की हर बार अनुमति लिए रुपये 15,000 प्रति माह और 5,000 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन तक भुगतान कर सकता है। यह विकल्प उन स्थितियों के लिए बेहतर है जहां आपको किसी विश्वसनीय व्यक्ति को सीमित वित्तीय स्वतंत्रता देनी हो।




### ऐसे करें यूपीआई सर्कल फीचर का इस्तेमाल

सबसे पहले अपने फोन में फोन पे ऐप ओपन करें। मेनू में जाकर 'यूपीआई सर्कल' विकल्प पर टैप करें। अब सेकेंडरी यूज़र की यूपीआई आईडी दर्ज करें या उसका क्यू आर कोड स्कैन करें। इसके बाद आप डेलीगेशन का प्रकार चुनें – आंशिक, या पूर्ण। अब सेकेंडरी यूज़र को कंट्रोल भेजें। जैसे ही वह एक्सेप्ट करेगा, सेटअप प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### प्राइमरी यूजर के लिए दूसरा विकल्प

दूसरे विकल्प में, हर भुगतान के लिए प्राइमरी यूज़र की अनुमति ज़रूरी होती है। इससे आप हर ट्रांजैक्शन पर नजर रख सकते हैं और अधिक नियंत्रण में रह सकते हैं। सेकेंडरी यूज़र को हर बार भुगतान से पहले बायोमेट्रिक या पासकोड से ऑथेंटिकेशन करना होगा। एक प्राइमरी यूज़र अधिकतम 5 सेकेंडरी यूज़र्स को जोड़ सकता है। हर ट्रांजैक्शन की नोटिफिकेशन और डिटेल्स प्राइमरी यूज़र को तुरंत मिलेंगी।

## अमेरिका में बोले भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन

# विकसित भारत का सपना पूरा करने हर साल 80 लाख नौकरियां पैदा करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन ने कहा कि भारत को 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले 10-12 सालों तक हर साल 80 लाख नौकरियां पैदा करनी होंगी। इसके साथ ही, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को बढ़ाना होगा। कोलंबिया विश्वविद्यालय में आयोजित 'कोलंबिया इंडिया शिखर सम्मेलन 2025' में नागेश्वरन ने यह बात कही।

नागेश्वरन ने कहा, हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है। भारत के विस्तृत क्षेत्र के अलावा सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अगले 10-20 सालों तक बाह्य वातावरण उतना अनुकूल नहीं रहने वाला है, जितना 1990 से शुरू होकर पिछले 30 वर्षों में रहा होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा, जो आज के विकसित देशों को अपनी विकास यात्रा में नहीं झेलना पड़ा।



### विनिर्माण और एमएसएमई का महत्व

*उन्होंने बताया किया कि, 'भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारतीय व्यवसायों को शामिल करना होगा और एक मजबूत लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र विकसित करना होगा। नागेश्वरन ने कहा, जो देश विनिर्माण क्षेत्र में महाशक्ति बन गए, वे लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के बिना ऐसा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निवेश दरों को बढ़ाने या मौजूदा निवेशों से अधिकतम लाभ प्राप्त करने की आवश्यकता है, क्योंकि वैश्विक पूंजी प्रवाह पर भी असर पड़ सकता है।*

### नौकरियों पर एआई का प्रभाव

नागेश्वरन ने चेतावनी दी कि एआई और प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव से शुरूआती स्तर की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। उन्होंने कहा, अगर आप उन नौकरियों की संख्या पर गौर करें जिन्हें हमें सृजित करने की जरूरत है, तो यह सालाना करीब 8 मिलियन यानी 80 लाख नौकरियां हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआती स्तर की नौकरियों को खत्म करने में बड़ी भूमिका हो सकती है।

### निर्यात और आर्थिक वृद्धि की चुनौती

उन्होंने कहा कि भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता अब पहले जितनी आसान नहीं होगी। गुणवत्ता, अनुसंधान एवं विकास, और आंतरिक रूप से लॉजिस्टिक्स और अंतिम-मील कनेक्टिविटी पर अपना काम बढ़ाना होगा। नागेश्वरन ने बताया कि कोविड के बाद भारत ने पिछले तीन सालों में 8% से अधिक की औसत वृद्धि दर हासिल की है, लेकिन इसे बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास के मुताबिक, 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.5% रहने की उम्मीद है।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामोद्योग आयोग ने रचा नया कीर्तिमान.

**नई दिल्ली।** देश में आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त करने वाले खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र ने बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई)मंत्रालय के मार्गदर्शन में न केवल नई ऊँचाइयों को छुआ है, बल्कि करोड़ों ग्रामीणों के जीवन में भीनयी रोशनी का संचार किया है। पूज्य बापू की विरासत खादी अब केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के निर्माण का प्रतीक बन चुकी है। सोमवार को नई दिल्ली के राजघाट स्थित कार्यालय में खादी और ग्रामोद्योग के वित्तवर्ष 2024-25 के अनंतिम आंकड़े (**Provisional Data**) जारी करते हुए यह बातें अध्यक्ष केवीआईसी श्री मनोज कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि केवीआईसी ने वित्तवर्ष2024-25 में उत्पादन, बिक्री और नये रोजगार सृजन का नया रिकॉर्ड बनाया है। बीते 11 वर्षों में बिक्री में 447 प्रतिशत, उत्पादन में 347 प्रतिशतऔररोजगार सृजन में 49.23 प्रतिशतकी बढ़ोत्तरी हुई है।

- **खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार 1 लाख 70 हजार करोड़रुपये के पार**



## डीपीजी आईटीएम कॉलेज ने 'हमारी शक्ति हमारा ग्रह' की थीम पर पृथ्वी-दिवस मनाया

**नई दिल्ली।** सेक्टर 34 गुरूग्राम में स्थित डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में 'पृथ्वी-दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूथ एंड बायोस्फीयर क्लब के द्वारा स्पांसर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पृथ्वी का संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर छात्रों का ज्ञानवर्धन करना था। इस अवसर पर महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक की प्रोफेसर और डीन ऑफ लाइफ साइंसेज प्रोफेसर राजेश धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कॉलेज की एमडी डॉ. प्रीति गहलोत एवं डॉयरेक्टर एवं पर्यावरणविद् प्रो. आरसी कुहाड ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और इस आयोजन की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



## सोना-चांदी की कीमतें छू रहीं आसमान

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में आज भी बढ़त देखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना महंगा होकर पहली बार लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया और चांदी 95,900 रुपये प्रति किलो बिक रही है। खबर लिखे जाने तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरोपीय शेयर बाजार में सीएसी और डीएएक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार के एस एंड पी 500 और नैस्डेक गिरावट के साथ लाल निशान पर थे।

**तिनसुकिया मंडल पर आरसीसी ओवर हेड टैंक का प्रावधान एवं रख-रखाव का कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. TSK/Engg/12 of 2025 तारीखः 17-04-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी -द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **आईटम संख्या. 1। आईटम का संक्षिप्त विवरणः** न्यू तिनसुकिया अधिक्षेत्र के अधीन 60,000 गेलन क्षमतावाले आरसीसी ओवरहेड टैंक का प्रावधान कराना (न्यू तिनसुकिया पर 2 संख्यक 20000 गेलन क्षमतावाले एवं 2 संख्यक 10000 गेलन क्षमतावाले)। **निविदा राशिः ₹2,15,29,832/- धरोहर राशिः ₹2,57,700/-। आईटम संख्या. 2। आईटम का संक्षिप्त विवरणः** तिनसुकिया मंडल पर- 2 सालों के लिए एडीईएन/तिनसुकिया, एडीईएन/डिब्रुगढ़ टाउन, एडीईएन/सरुपथार एवं एडीईएन/मरियणि जंक्शन अधिक्षेत्र के अधीन अधिकारी एवं अधीनस्थ अधिकारियों के विश्राम गृह का रख-रखाव। **निविदा राशिः ₹2,52,75,728/-। धरोहर राशिः ₹2,76,400/-। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 09-05-2025** तारीख के 15.00 बजे में एवं खुलेगीः **09-05-2025** तारीख के **16.00** बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण आगामी **09-05-2025** तारीख के **15.00** बजे तक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**डीआरएम (डब्ल्यू), तिनसुकिया**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल महासंघ ने डीसीजीआई सुधारों और उद्योग पर प्रभाव को लेकर सेमिनार किया

**पंचकुला।** अंतर्राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल महासंघ ने केसी क्रॉस, पंचकूला में एक सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें भारत के औषधि नियंत्रक महापरीक्षक (डीसीजीआई) द्वारा किए गए नए सुधारों और उनके दवा उद्योग पर असर पर चर्चा हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संजय सिन्हा (अध्यक्ष, महासंघ) ने की। इस अवसर पर श्री गुलशन रावत (अध्यक्ष), श्री नीरज गिरी (महासचिव) और श्री एम. के. भाटिया (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) भी मौजूद रहे। आयोजन में श्री मनोज निगम, श्री विवेक नासा और श्री सुरेंद्र राठी की अहम भूमिका रही।सेमिनार का मुख्य आकर्षण डॉ. राजेश गुप्ता, राज्य अध्यक्ष, हिमाचल ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (बद्दी) का संबोधन रहा। उन्होंने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, सीडीएससीओ, और एनपीपीए जैसे नियमों के बारे में विस्तार से बताया।श्री अंकुर बंसल (फार्मा सलाहकार, पूर्व सीडीएससीओ अधिकारी) ने राज्य स्तर पर लागू नियमों और नियंत्रण प्रणाली पर बात की और कहा कि उद्योग में नियमों का पालन और जागरूकता बहुत जरूरी है।



## भारत में 24.74 करोड़ विज्ञापन हटाए, 29 लाख खातों पर रोक

**नई दिल्ली।** इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने उसकी विज्ञापन नीति का दुरुपयोग करने के मामले में 2024 में भारत में 29 लाख विज्ञापनदाताओं के खाते निलंबित कर दिए और 24.74 करोड़ विज्ञापन हटा दिए। कंपनी ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कंपनी ने अपनी वार्षिक विज्ञापन सुरक्षा रिपोर्ट में कहा, वैश्विक स्तर पर गूगल ने 3.92 करोड़ से अधिक विज्ञापनदाताओं के खातों को निलंबित किया। 5.1 अरब विज्ञापन हटा दिए और 9.1 अरब से अधिक विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगा दिया। रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत में 24.74 करोड़ विज्ञापन हटाए गए और 29 लाख विज्ञापनदाताओं के खाते निलंबित कर दिए गए। भारत में लिए गए प्रमुख एक्शन29 लाख से अधिक विज्ञापनदाताओं के खाते निलंबित किए गए। 24.74 करोड़ (247.4 मिलियन) विज्ञापन हटाए गए।

## एटीएम से कैश निकालना और बैलेंस चेक करना होगा महंगा

**नई दिल्ली।** एटीएम के रख-रखाव, नकदी प्रबंधन, सुरक्षा की लागत जैसी बढ़ती परिचालन लागत के कारण एटीएम से होने वाले लेनदेन के शुल्क में वृद्धि की जा रही है। 1 मई से एटीएम से कैश निकालने या बैलेंस चेक करने के लिए आपको ज्यादा शुल्क का भुगतान करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के प्रस्ताव को मंजूरी के बाद अब दूसरे बैंक के एटीएम से ट्रांजैक्शन करना और भी महंगा हो जाएगा। आरबीआई द्वारा एटीएम से कैश निकासी और बैलेंस चेक जैसे लेनदेन के लिए इंटरचेंज फीस में वृद्धि की है, जो एक मई 2025 से लागू हो जाएगी।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** – मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** – आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** – किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## सिविल सेवा परीक्षा, आईएएस में ईरा जोरवाल ने प्राप्त की 450 वीं रैंक

**नई दिल्ली।** राजस्थान के अलवर जिले के रोनीजाथान गांव की बेटी ईरा जोरवाल ने तीसरे प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा में 450 वीं रैंक हासिल की है। इससे पहले ईरा जोरवाल ने मिराण्डा हाउस से स्नातक के बाद ही अपने पहले प्रयास में ही वर्ष 2022 में साक्षात्कार तक पहुंचकर अपनी प्रतिभा साबित कर दी थी। लॉकडाउन के दौरान कम्पलीट किया स्नातक साथ ही सिविल सर्विसेज की तैयारी पर फोकस किया कोविड महामारी के दौरान एक ओर जहां बहुत से विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं ईरा जोरवाल ने इस दौरान उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की। लॉकडाउन के कारण कॉलेज ने सबसे पहले क्लासेज ऑनलाईन की। इससे कॉलेज आवागमन बन्द हुआ और घर पर ही कॉलेज की पढाई के साथ साथ सिविल सर्विसेज की भी तैयारी शुरू की। दिन में कॉलेज की ऑनलाईन क्लासेज और इवनिंग में सिविल सर्विस की कोचिंग करते हुए स्नातक की पढाई कम्पलीट करते हुए प्रथम प्रयास में प्रीलिम्स निकल गया। साथ ही जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्याल में स्नात्कोत्तर में प्रवेश ले लिया। जेएनयू की क्लासेज भी ऑनलाईन रही और एमए करते हुए सिविल सर्विसेज, 2022 की मुख्य परीक्षा भी पास की।



## एस्ट्रम और के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए

**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी विज्ञान-आधारित विशेषज्ञ प्रतिष्ठा प्रबंधन सलाहकार संस्था एस्ट्रम और अग्रणी बहु-विषयक विश्वविद्यालय के आर, मंगलम विश्वविद्यालय (केआरएमयू), गुरुग्राम ने एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य अकादमिक कठोरता को वास्तविक दुनिया के उद्योग अंतर्दृष्टि के साथ एकीकृत करना है।इस विशेष साझेदारी के तत्वावधान में, एस्ट्रम इंटर्नशिप के माध्यम से उच्च-क्षमता वाले विश्वविद्यालय के छात्रों का पोषण करेगा और कैरियर मार्ग प्रदान करेगा, और एस्ट्रम के सहयोगी लगातार बदलते परिवेश से अवगत रहने के लिए विश्वविद्यालय में कार्यकारी शिक्षा तक पहुँच प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय-एस्ट्रम ज्ञान विनिमय को मजबूत करने के लिए, दोनों पक्ष बौद्धिक पूंजी विकसित करने के लिए सहयोगी अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएँ शुरू करेंगे जो सेवा उत्कृष्टता के मानक को बढ़ाएगी और नए उत्पादों और सेवाओं को विकमित करने के अवसर पैदा करेगी। टीम एस्ट्रम और केआरएमयू केस स्टडी भी विकसित करेगी जिसे विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में एकीकृत किया जाएगा और एस्ट्रम के सहयोगियों के लिए एक मूल्यवान शिक्षण उपकरण के रूप में काम करेगा। एस्ट्रम के संस्थापक प्रबंध साझेदार अश्विनी सिंगला ने साझेदारी पर हस्ताक्षर के अवसर पर कहा, श्यह साझेदारी न केवल कक्षा में जो पढ़ाया जाता है। और वास्तविक दुनिया में जो आवश्यक है, उसके बीच की खाई को पाटने के बारे में है, बल्कि सेवा उत्कृष्टता और नवाचार में अग्रणी होने के लिए अकादमिक शोध की कठोरता को वास्तविक दुनिया में लाने के बारे में भी है।



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शंकर, पुत्र स्व. श्री. गंगू, निवासी मकान नं. के–4/71, गली नंबर 28, गंगोत्री विहार, उत्तरी घोंडा, दिल्ली** ने **FIR No. 392/2011, U/s 354/ 354B & 10 POCSO Act, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शंकर** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **शंकर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अभियुक्त **शंकर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री शंकर नारायणन**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–01, उत्तर–पूर्व, कमरा नं. 75, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/5033/NE/2025**

## शब्द पहेली - 5845




**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5844 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ती | म | खा | ना | | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | | हा | | ना | ह | क | | र | म |
| हा | | ना | न | सें | स | | र | मा | | जा |
| नी | र | व | ता | | सु | र | | न | म | न |
| का | | खे | | अ | र | क्त | | | सी | |
| र | वा | ना | हो | ना | | पा | ल | न | हा | र |
| | ह | | | चा | ह | त | | का | | च |
| का | न | न | | र | म | | ब | र | सा | ना |
| म | | र | ज | | स | का | र | ना | | का |
| धा | र | | खि | ला | फ | | स | | भो | र |
| म | स | ख | रा | | र | म | ता | जो | गी | |








# कोहली 13, बटलर 11 और गेल-राहुल 10 बार चूके शतक से, 90+ रन पर हुए आउट


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते शनिवार को इंडियन प्रीमियर 2025 के 35वें मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जीत के लिए मिले 204 रन के लक्ष्य को जीटी ने जोस बटलर की नाबाद 97 रन की पारी की मदद से हासिल किया। इस बीच आईपीएल के इतिहास में 10 या उससे अधिक 90+ रन के स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

## इन बल्लेबाजों ने भी 10 या अधिक बार बनाए हैं 90 से ज्यादा रन

### जोस बटलर (11)

बटलर ने 11 पारियों में 90+ रन के स्कोर बनाए हैं, जिसमें 7 शतक शामिल हैं। उन्होंने अब तक के करियर में 114 मैचों में 39.36 की औसत और 148.74 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,897 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 22 अर्धशतक भी लगाए हैं। बटलर का आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर 124 रन है। वह जीटी से पहले मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की टीमों से खेल चुके हैं।



### विराट कोहली (13)

विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने 13 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए हैं। वह इस लीग में निरंतर रन बनाते हैं। वह अब तक 260 मैचों की 251 पारियों में 38.92 की औसत और 132.23 की स्ट्राइक रेट के साथ 8,253 रन बना चुके हैं। उन्होंने 113* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 58 अर्धशतक लगाए हैं।

### केएल राहुल (10)

केएल राहुल आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। राहुल ने अब तक 138 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान 45.82 की औसत और 135.70 की स्ट्राइक रेट से 4,949 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 132* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 शतक और 39 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 134* रन रहा है। वह आईपीएल 2025 में **DC** की टीम से खेल रहे हैं।



### क्रिस गेल (10)

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज क्रिस गेल अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए दुनियाभर में जाने जाते थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा विश्व भर की तमाम टी-20 लीग्स में भी गेल ने हिस्सा लिया था। आईपीएल में उन्होंने 2009 से 2021 तक 142 मैचों में 4,965 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 175* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 6 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। उन्होंने 10 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए थे।

### डेविड वार्नर (10)

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर भी आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। वार्नर ने 2009 से लेकर 2024 तक आईपीएल में कुल 184 मैच खेले, जिसमें 40.52 की औसत और 139.77 की स्ट्राइक रेट के साथ 6,565 रन बनाए थे।

खास खबर

## पूरन के छक्के से फूटा फैन का सिर बल्लेबाज ने साइन कर जर्सी की भेंट



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अपने एक नेक काम से फैंस का दिल जीत लिया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में पूरन के एक तूफानी छक्के ने स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर चोट पहुंचा दी थी। इसके बावजूद पूरन ने जो किया, उसने हर किसी को उनका मुरीद बना दिया। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले पूरन ने उस फैन से मुलाकात की और उनका हाल-चाल पूछा।

**छक्के से लगी थी फैन को चोट**
गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में निकोलस पूरन ने 34 गेंदों में 61 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी, जिसमें 7 छक्के शामिल थे, लेकिन उनकी पारी का एक छक्का स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर जा लगा। चोट गंभीर थी और फैन के सिर पर पट्टी बांधनी पड़ी। फिर भी उस फैन का जज्बा कम नहीं हुआ और वह मैच देखने के लिए स्टेडियम में ही रुका रहा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उस मैच में जीत हासिल की, जिससे फैन की खुशी दोगुनी हो गई।

### पूरन का दिल छू लेने वाला कदम

मैच के बाद एलएसजी ने वीडियो शेयर किया, जिसमें पूरन ने फैन से पूछा, सब ठीक है? फैन ने उत्साह से जवाब दिया, बढ़िया! पूरन सर ने मुझे बुलवाया। मैं आया, उनसे मिला। उन्होंने पूछा, सब ठीक है? मैं कल फिर मैच देखने आ रहा हूं। चाहे छक्का लगे, सिर फूटे, कोई दिक्कत नहीं। बस हमारी लखनऊ की टीम जीतती रहे। उस दिन हमारी टीम जीती, मुझे बहुत खुशी हुई। हमारी टीम ट्रॉफी का सपना पूरा करे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप



### शिवम दुबे उभरते खिलाड़ियों के लिए देंगे 7 लाख रुपए

**चेन्नई।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाला कदम उठाते हुए मंगलवार को तमिलनाडु के 10 उभरते हुए खिलाड़ियों को 70-70 हजार रुपये देने का वादा किया। आईपीएल में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले दुबे ने यहां तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ के पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह के दौरान यह दिल को छू लेने वाला फैसला लिया। दुबे को यह पुरस्कार टीएनएसजेए द्वारा दी जाने वाली 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति के अतिरिक्त दिया गया। दुबे ने समारोह के दौरान कहा, ''जब मैं टीम होटल से इस स्थान पर आ रहा था, तो टीएनसीए सचिव ने मुझे बताया कि यह कार्यक्रम यहां के कुछ युवाओं की मदद करने का एक प्रयास है। ऐसे में यह कदम सभी युवा एथलीटों का हौसला बढ़ायेगा।

### मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगी: कुजूर

**पर्थ।** जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब की तरफ से खेलते हुए हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम में



जगह बनाने वाली युवा मिडफील्डर अजमीना कुजूर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में मौके का फायदा उठाने के लिए बेताब हैं। भारत को 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। इसके बाद उसे एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं।

### 25 से 27 तक एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत 25 से 27 अप्रैल तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई




योगासन खेल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस चैंपियनशिप का आयोजन योगासन भारत द्वारा खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 21 एशियाई देशों के कुल 170 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच इसका हिस्सा होंगे।

## आईपीएल: मुकेश चार विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच

# राहुल व पोरेल के अर्धशतकों से दिल्ली ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

मुकेश कुमार की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अनुभवी लोकेश राहुल और सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को आठ विकेट से शिकस्त दी। 'प्लेयर ऑफ मैच' मुकेश ने चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट झटके जिससे एलएसजी की टीम एडेन मारक्रम की अर्धशतकीय पारी के बावजूद छह विकेट पर 159 रन पर रोकने के बाद राहुल और अभिषेक के प्रयास से 17.5 ओवर में दो विकेट गवां कर लक्ष्य हासिल कर लिया। राहुल ने तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 42 गेंद में नाबाद 57 रन की संयमित पारी के दौरान आईपीएल में सबसे कम पारियों में 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 130 पारियों में इस आंकड़े तक पहुंच कर डेविड वार्नर (135 गेंद) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। राहुल ने पोरेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 गेंद में 69 रन की साझेदारी करने के बाद अक्षर पटेल के साथ 36 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी की। पोरेल ने 36 गेंद में पांच चौके और एक छक्का की मदद से 51 रन बनाये जबकि दिल्ली के कप्तान अक्षर ने 20 गेंद में 34 रन की नाबाद पारी के दौरान चार छक्के और एक चौका जड़ा। एलएसजी के लिए दोनों विकेट मारक्रम ने लिये। सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने मिचेल मार्श के साथ पहले विकेट के लिए 60 गेंद में 87 रन की साझेदारी की लेकिन टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा सके। मारक्रम ने 33 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगाये जबकि मार्श ने 36 गेंद में एक छक्का और तीन चौके जड़े। आखिरी ओवर में आयुष बडोनी ने 21 गेंद में छह चौके की मदद से 36 रन बनाकर टीम के स्कोर को 160 के करीब पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए करुण नायर ने शारदुल ठाकुर के खिलाफ दो चौके जड़े तो वहीं पोरेल ने ओवर का तीसरा चौका लगाकर हाथ खोला। नायर ने चौथे ओवर में मारक्रम की गेंद को दर्शकों के पास भेजकर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गये।




## सनराइजर्स और मुंबई इंडियंस में भिड़ंत आज



**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना मुंबई इंडियंस से आज बुधवार 23 अप्रैल को हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में होगा। अंकतालिका में फिलहाल छठे पायदान पर मौजूद एमआई ने अब तक 4 मैच जीते हैं और इतने में ही हार झेली है, जबकि नौवें स्थान पर मौजूद एसआरएच ने सिर्फ 2 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है। राजीव गांधी स्टेडियम की पिच पर गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिलती है। हालांकि, तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिन गेंदबाज असरदार साबित होते हैं। ऐसे में तेज गेंदबाजों को विकेट चटकाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। एक बार बल्लेबाजों की नजरें जम जाती है तो आसानी से बड़े-बड़े शॉट लगते हैं। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 163 रन है। एक्यूवेदर के मुताबिक, 23 अप्रैल को हैदराबाद में तेज गर्मी रहने वाली है। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। बुधवार को हैदराबाद में बारिश की संभावना नहीं है।

## 100वें टूर-स्तरीय खिताब पाने मैड्रिड ओपन में खेलेंगे जोकोविच



**मैड्रिड।** पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब हासिल करने की उम्मीद में तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच को टूर्नामेंट में चौथी वरीयता दी गई है। उन्हें ड्रॉ के उसी आधे भाग में रखा गया है जिसमें स्थानीय खिलाड़ी और पिछले दो क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले कार्लोस अल्कराज भी हैं। मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन 37 वर्षीय जोकोविच ने 2022 में सेमीफाइनल में अल्कराज से हारने के बाद इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच ने अपना 99वां खिताब पिछले अगस्त में पेरिस ओलंपिक में जीता था। इसके बाद उन्हें चार टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें पिछले महीने मियामी ओपन का फाइनल भी शामिल है।

### अभी तक ये खिलाड़ी जीते हैं 100वां खिताब

जोकोविच अगर यहां चैंपियन बनते हैं तो वह टूर स्तर पर 100 खिताब जीतने वाले दुनिया के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक जिमी कॉनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) ही यह कारनामा कर पाए हैं। जोकोविच ने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीता था। उन्होंने 2016 के फाइनल में अपने कोच एंडी मरे को हराया था।

नए खुलासे से मचा हड़कंप

## राजस्थान रॉयल्स की टीम फिक्सिंग में शामिल!



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम एक बार फिर विवादों के घेरे में है. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के एक बड़े अधिकारी ने टीम पर मैच फिक्सिंग का गंभीर आरोप लगाया है। बता दें कि इससे पहले राजस्थान की टीम का इस साल प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। तो वहीं लखनऊ के खिलाफ एक आसान कैच छूटा था, जिसके बाद फैंस ने ये आरोप लगाया था कि राजस्थान की टीम ने मुकाबले को फिक्स कर लिया है।

### आखिरी ओवर में हार ने उठाए सवाल

आईपीएल के मैच नंबर 36 में राजस्थान रॉयल्स को 181 रनों का पीछा करना था। कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम को आखिरी ओवर में सिर्फ 9 रनों की जरूरत थी, और उनके पास 6 विकेट बाकी थे लेकिन हैरानी की बात यह रही कि लखनऊ के गेंदबाज आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को 2 रनों से जीत दिला दी।

### नीरज पवन ने आरोपों को बेबुनियाद बताया

बिहानी ने इसके साथ-साथ स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष नीरज के पवन पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एडहॉक कमेटी को नजरअंदाज किया जा रहा है और उन्हें इस बार मैच के लिए एक्रीडेशन कार्ड तक नहीं मिले हैं। इस पर नीरज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और बिहानी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। नीरज ने स्पष्ट किया कि फिक्सिंग जैसी चीजों पर नजर रखना बीसीसीआई का काम है।

### घरेलू मैदान में ऐसी हार, संदिग्ध : जयदीप

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने एक इंटरव्यू में कहा, हमारी टीम अपने घरेलू मैदान पर इतने कम रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी, यह समझ से परे है। यह हार संदिग्ध लगती है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के पुराने विवादों का जिक्र करते हुए 2013 के स्पॉट फिक्सिंग कांड को भी याद किया, जिसमें टीम के कुछ खिलाड़ी दोषी पाए गए थे।

## अमन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के अगले दौर में

**अम्मान।** भारतीय मुक्केबाज अमन सिवाच ने यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में किर्गिस्तान के अबुबकिर दुशीव पर कड़े संघर्ष में जीत हासिल की। पुरुषों के अंडर-17 के 63



किग्रा वर्ग में सिवाच ने महाद्वीपीय टूर्नामेंट के तीसरे दिन प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दुशीव को 4-1 से हराया। पहले दो दिनों में पुरुषों की अंडर-15 और अंडर-17 दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करके जीत हासिल की और अब सिवाच ने भी ठोस जीत हासिल करके भारत की उम्मीदों को मजबूती दी है। पुरुषों के अंडर-17 के 70 किग्रा भार वर्ग में अंशुल खासा हालांकि कजाकिस्तान के कुआनीश उरुंबसार से 0-5 से हार गए।

## पेरू विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा भारत

**विश्व कप निशानेबाजी : भारतीय दल ने जीते दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक**

एजेंसी ▶▶| लीमा (पेरू)

भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही।

### चीन रहा शीर्ष तालिका में टॉप पर

सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अमेरिका ने भी सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया लेकिन अधिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह भारत से आगे दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा।



### सुरुचि इंदर ने जीते दो स्वर्ण पदक

भारत के लिए असाधारण प्रदर्शन करने वाली 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह थी, जिन्होंने देश के लिए दोनों स्वर्ण जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल का मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी हासिल किया। सोमवार को ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में टोंडिमान और दुबे 134 का संयुक्त स्कोर बनाकर आठवें स्थान पर रहे। लक्ष्य और नीरू की अन्य भारतीय जोड़ी 128 के कुल स्कोर के साथ 13वें स्थान पर रही। केवल शीर्ष चार टीमें ही पदक दौर में पहुंची।

## शानदार रहा है रविंद्र जडेजा का आईपीएल करियर

# एक टीम के लिए 2,000+ रन और 100+ विकेट लेने वाले खिलाड़ी


एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

इंडियन प्रीमियर लीग में विश्व के तमाम बड़े ऑलराउंडर शिरकत करते हैं। वह अपने प्रदर्शन से टीम को खिताब जिताने का प्रयास करते हैं। इस लीग के इतिहास में अब तक सिर्फ 2 ऐसे ऑलराउंडर हुए हैं, जिन्होंने एक फ्रेंचाइजी की ओर से खेलते हुए बल्लेबाजी में 2,000+ रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 100+ विकेट लिए हैं।

### रविंद्र जडेजा (सीएसके के लिए)

रविंद्र जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से 180 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27.97 की औसत और 135.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,042 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 62* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 अर्धशतक लगाए हैं। दूसरी तरफ सीएसके से उन्होंने 167 पारियों में गेंदबाजी की है, जिसमें 28.21 की औसत और 7.60 की इकॉनमी रेट के साथ 138 विकेट चटकाए हैं।





### शानदार रहा है जडेजा का आईपीएल करियर

जडेजा **IPL** में 248 मैच की 192 पारियों में 27.46 की औसत और 129.60 की स्ट्राइक रेट से 3,104 रन बना चुके हैं। इसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 62 रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 219 पारियों में 30.48 की औसत से 165 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 विकेट का रहा है। वह आईपीएल में कुल 4 टीमों से खेल चुके हैं।

### आंद्रे रसेल (केकेआर के लिए)

वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल आईपीएल 2014 से कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से खेल रहे हैं। उन्होंने इस टीम से 127 मैच खेले हैं, जिसमें 28.60 की औसत और 174.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,460 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 88* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 11 अर्धशतक लगाए हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 21.05 की औसत और 9.40 की इकॉनमी रेट के साथ 119 विकेट लिए हैं।

### ऐसा है रसेल का आईपीएल करियर

रसेल आईपीएल 2012 और 2013 में दिल्ली कैपिटल्स से खेल चुके हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 110 पारियों में 27.97 की औसत और 173.53 की स्ट्राइक रेट से 2,518 रन बना चुके हैं। इसमें 11 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 115 पारियों में 22.78 की औसत और 9.44 की इकॉनमी रेट से 120 विकेट चटकाए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

कर्नाटक के सीएम ने पुलिस को दिए कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करने के निर्देश

# वायुसेना अधिकारी से जुड़े रोडरेज के मामले में जांच में सहयोग करती वायुसेना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के बेंगलुरु में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शिलादित्य बोस और एक कॉल सेंटर के कर्मचार विकास कुमार के बीच रोडरेज की घटना पर एक ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने वायुसेना के अधिकारी के खिलाफ 'हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर वायुसेना ने मंगलवार को एक बयान जारी राज्य प्रशासन को मामले में सहयोग देने की बात कही है। वायुसेना के मुताबिक, बेंगलुरु में बीते सोमवार को वायुसेना के एक अधिकारी से जुड़ा हुआ दुर्भाग्यपूर्ण मामला सामने आया है। जिसमें कानून के तहत उचित समाधान के लिए वायुसेना स्थानीय प्राधिकारियों को जांच में सहयोग कर रही है।

**पुलिस ने विंग कमांडर शिलादित्य के खिलाफ 'हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज कर शुरू की जांच**

उधर, सूत्रों ने बताया कि पुलिस की जांच खत्म होने के बाद वायुसेना, विंग कमांडर शिलादित्य बोस के संबंध में आंतरिक जांच यानी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) करेगी। लेकिन उसके लिए अधिकारी के तैनाती बेस के कमांडिंग अधिकारी (सीओ) द्वारा वायुसेना को सिफारिश किया जाना अनिवार्य है। बताते चलें कि यह पूरा मामला पिछले सोमवार सुबह का है। जिसके बारे में वायुसेना के अधिकारी ने खुद सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट कर जानकारी दी थी।

उन्होंने बताया, 21 अप्रैल को सुबह 6 बजे बेंगलुरु के केंपेगौड़ा हवाई अड्डे की तरफ अपनी पत्नी के साथ जाते वक्त कुछ कन्नड़ भाषी लोगों के एक समूह ने उनका पीछा किया और गाली गलौज के साथ मारपीट की। पोस्ट के जवाब में पुलिस ने विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन 22 अप्रैल को कॉल सेंटर कर्मचारी विकास कुमार की शिकायत पर पुलिस ने विंग कमांडर के खिलाफ हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज की।

**वायुसेना बोस के संबंध में सीओआई करेगी**



### लोगों संग सम्मान से पेश आते कर्नाटकवासी

सिद्धारमैया ने कहा, कर्नाटक में देशभर के लोगों को गले लगाने, उनके साथ सम्मान से पेश आने और उन्हें अपने लोगों की तरह स्वीकार करने की लंबी और गौरवशाली परंपरा है। इस भूमि की समावेशी भावना इतिहास में अच्छी तरह से प्रलेखित है। मुख्यमंत्री ने कुछ मीडिया आउटलेट्स की कार्यशैली के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी और पेशेवर नैतिकता की अनदेखी करते हुए एक व्यक्ति द्वारा लगाए गए निराधार आरोप को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया है, जिससे पूरे प्रदेश की गरिमा पर आंच आई और उससे हर कन्नड़ व्यक्ति को दुख और पीड़ा हुई है।

### संकीर्ण, असहिष्णु नहीं हैं कन्नड़जन

मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक्स पोस्ट में स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने पुलिस आयुक्त को मामले में शामिल व्यक्तियों के पद या रैंक की परवाह किए बगैर उनके खिलाफ कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार मामले को गंभीरता से ले रही है और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपनी पोस्ट में वायुसेना अधिकारी द्वारा घटना के बाद सोशल मीडिया में कर्नाटक और कन्नड़ लोगों के बारे में की गई टिप्पणियों को भड़काऊ और अपमानजनक बताते हुए कहा कि कन्नड़ लोगों को अपनी मातृभाषा पर गर्व है। लेकिन वह संकीर्ण और असहिष्णु नहीं हैं। भाषाई मामलों को लेकर दूसरों पर हमला करना या उन्हें गाली देना हमारी संस्कृति नहीं है। सीएम ने सभी कन्नड़ लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वह उकसावे और भावनाओं में न आएं। साथ ही कहा, कानून के पालन के साथ शांति बनाए रखें। कर्नाटक में देश के लोगों द्वारा चुनी गई सरकार का शासन है। वह न्याय, सम्मान के लिए दृढ़ता से खड़ी है।

## खबर संक्षेप

### क्रैश के बाद विमान में ब्लास्ट, पायलट की मौत




**अमरेली।** गुजरात के अमरेली के शास्त्री नगर स्थित रिहायशी इलाके में एक निजी कंपनी के प्रशिक्षण केंद्र का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे विमान के पायलट की मौत हो गई। बताया जाता है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विस्फोट हुआ था। जिससे आग लग गई थी। सूचना लगते ही अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस कर्मियों सहित एक काफिला तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, जहां उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया। विमान में फंसे पायलट को बाहर निकला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया।

### डेल्टा विमान में लगी आग बाल-बाल बचे 282 यात्री



**फ्लोरिडा।** अमेरिका के ऑरलैंडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अटलांटा जा रहे डेल्टा एयरलाइंस के एक विमान में रनवे पर आग लग गई। आग की घटना टर्मिनल में मौजूद एक यात्री के मोबाइल में कैद हो गई, जिसके चलते एयरलाइन के कर्मचारी तुरंत हरकत में आ गए। विमान में सवार 282 यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड्स के जरिये बाहर निकाला गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एफएए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। एयरलाइन ने विमान में आग की घटना के लिए खेद व्यक्त किया है। साथ ही ग्राहकों के सहयोग की सराहना की।

चीन ने अरुणाचल में जगहों के बदले नाम

# सीएम पेमा खांडू बोले-ये उनका पुराना हथकंडा हम इसकी निंदा करते



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने अरुणाचल प्रदेश में 22 जगहों के नाम बदले हैं। इस पर सीएम पेमा खांडू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये चीन का पुराना हथकंडा है। उन्होंने कहा कि चीन के अरुणाचल प्रदेश के कई जगहों के नाम बदलने की बात नई नहीं है, ये तीसरी या चौथी बार किया है। चीन की इस कार्रवाई का हम अरुणाचल की ओर से इसकी आलोचना करते हैं।

पेमा खांडू ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का असर दिख रहा है। चीन सीमा के विकास का काम काफी पहले से कर रहा है। हमने दो साल पहले इसको शुरू किया है। सीमा इलाके में सड़क बनाने का काम शुरू किया है, लोगों के जीवन स्तर को सुधारने को लेकर हम लोग तमाम काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा किफ्रांटियर हाईवे बनने का काम शुरू किया है। ये 2500 किमी का हाईवे बनेगा। इसके बनने से सेना की आवाजाही आसान होगी। साथ ही अरुणाचल के लोगों के लिए भी आसान हो जाएगा।

### नाम बदलना पॉलिटिकल स्टंट

वहीं अरुणाचल प्रदेश के पर्यटन मंत्री पीडी सोना ने कहा कि हमारे प्रदेश के कई इलाक़ों का नाम बदलना, चीन का महज पॉलिटिकल स्टंट है। हम इसकी परवाह नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा अरुणाचल प्रदेश को अपने देश का हिस्सा क्लेम करता रहा है, लेकिन यहां का कल्चर भारतीय सरकार के प्रति यहां के लोगों का समर्पण दिखाता है। चीन के बोलने से कुछ नहीं होता अरुणाचल प्रदेश के लोगों को भारतीय होने पर गर्व है। हालांकि, सरहद के उस पार यानी चीन अपने क्षेत्र में बहुत कुछ कर रहा है। लेकिन अब कुछ साल से भारत सरकार भी इन इलाकों के लिए काफी कुछ कर रही है। ऐसा विकास हो रहा है जिसके बारे में किसी ने कभी सोचा नहीं होगा।

### तोड़ा रनवे का काम शुरू

सीएम ने बताया कि मेचुका में एयरपोर्ट का एडवांस लैंडिंग ग्राउंड है, वहां भी तोड़ा रनवे का काम शुरू किया गया है। अरुणाचल प्रदेश के भारत-चीन बार्डर के मेचुका गांव में पहली बार इंटरनेशनल एडवेंचर रेस का आयोजन हुआ। इसमें मलेशिया अमरीका के अलावा देश विदेश के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। मेचुका में 100 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया है।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित बिजनेस समिट में जेडी वेंस बोले

# पीएम मोदी कठिन वार्ताकार, हम चाहते हैं कि भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण दें



एजेंसी ▶▶ जयपुर

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि भारत रक्षा में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है। अमेरिका भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण देना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम भारत को पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू युद्धक विमान देना चाहते हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार संग चार दिवसीय जयपुर दौरे पर हैं। राजधानी जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस समिट में जेडी वेंस ने कहा कि यूएस दुनिया में सबसे जुड़ा सैन्य अभ्यास करता है। भारत रक्षा में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है।

अमेरिका भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण देना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम भारत को पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू युद्धक विमान देना चाहते हैं। मोदी के कठिन वार्ताकार स्वभाव पर वेंस ने कहा कि पीएम मोदी बहुत सख्त नेगोशिएटर हैं। वे भारतीय उद्योगों के हितों के लिए दृढ़ता से लड़ते हैं। मैंने स्वयं देखा कि वे अपने देश के व्यापारिक हितों की कितनी मजबूती से रक्षा करते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मुझसे कह चुके हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी हार्ड नेगोशिएटर (कठिन वार्ताकार) हैं।

**रक्षा और उर्जा क्षेत्र में भारत के साथ साझेदारी करना चाहता है अमेरिका**

**पीएम मोदी के साथ ट्रेड एग्रीमेंट के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर अच्छी प्रगति हुई**

### ट्रंप ने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया

वेंस ने कहा कि आलोचक राष्ट्रपति ट्रंप की ट्रैरिफ़ पालिसी की आलोचना कर रहे हैं, कह रहे हैं कि ट्रंप ने ट्रेड वार शुरू कर दिया है। यह सही नहीं है, जबकि उन्होंने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका प्रशासन ट्रेड पार्टनरशिप करना चाहता है, जो संतुलित हो। वेंस ने बताया कि फरवरी में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग और समझौतों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारें ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत कर रही हैं और जल्द ही नतीजों तक पहुंचेंगी। मैंने पीएम मोदी के साथ भी चर्चा की, और ट्रेड एग्रीमेंट के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर अच्छी प्रगति हुई है।

### भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी

*वेंस ने कहा कि यह मेरी पहली भारत यात्रा है, जहां मेरी पत्नी के माता-पिता का जन्म हुआ। भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी है। भारत की प्राचीन वास्तुकला, समृद्ध इतिहास और परंपराओं ने मुझे बहुत प्रभावित किया। भारत का भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण भी प्रेरणादायक है। परंपरा और भविष्य के प्रति यह संतुलन भारत को अद्वितीय ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे वेवन की पीएम हाउस में खाना इतना पसंद आया कि उसने मुझसे कहा, डैड हमें इंडिया में ही रहना चाहिए।*

### दोनों देश बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं

वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के विजन को साकार करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमारे देशों के बीच अंतिम समझौते के लिए रोडमैप तैयार करता है। मुझे विश्वास है कि भारत और अमेरिका मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। मैं आज सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करना चाहता हूं, विशेष रूप से दोनों देश कैसे एक साथ काम कर सकते हैं।

**भारत के बाजार में पहुंच चाहते**

*जेडी वेंस ने कहा, हम भारत के लिए न्यूक्लियर रिक्टर डिजाइन करना चाहते हैं। इसलिए हम रक्षा और उर्जा में भारत के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लोग भारत के बाजार में और पहुंच एक्सेस चाहते हैं, जिसमें कटिंग एज टेक्नोलॉजी, कंस्यूमर गुड्स जैसे सेक्टर शामिल हैं। भारत और अमेरिका मिलकर कई क्षेत्रों में सहयोग से आगे बढ़ेंगे।*

### वेंस परिवार का राजस्थान सीएम ने किया स्वागत

वेंस परिवार संग मंगलवार सुबह नौ बजे जयपुर का आमेर किला देखने पहुंचे। जहां पर राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने वेंस और उनके परिवार का स्वागत किया। जयपुर के आमेर महल में जलेब चौक पर हथिनी चंदा और पुष्पा द्वारा अमेरिका के उपराष्ट्रपति का स्वागत किया गया। साथ ही यहां मौजूद लोक कलाकारों ने कच्छी घोड़ी, कालबेलिया नृत्य और बांसुरी वादन कर राजस्थानी लोक कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने आमेर महल, कांच से बने शीशमहल, पन्ना-मीना कुंड और अनोखी म्यूजियम का दौरा किया।



### खाई में गिरी वैन 16 की मौत

**इस्लामाबाद।** दक्षिणी पाकिस्तान में एक तेज रफ्तार वैन खाई में गिर गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। 30 अन्य लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना सोमवार को सिंध प्रांत के जमशोरो जिले में हुई। दुर्घटना पहाड़ी क्षेत्र में उस वक्त हुई, जब वैन के चालक ने तेज गति के कारण वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वैन खाई में गिर गई। वैन पंजाब प्रांत के लापारी से सिंध प्रांत के बादिन जा रही कोल्ही जनजाति के सदस्यों को ले जा रही थी। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे।

### पुलिस मुठभेड़ में मरा बच्चू डॉन

**जम्मू।** जम्मू पुलिस द्वारा पंजाब से लाए जा रहे वांछित अपराधी मुश्ताक अली उर्फ राज अली उर्फ बच्चू डॉन की मौत पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हो गई। आरोपी को जम्मू लाया जा रहा था, इसी दौरान उसने पुलिस पर अचानक हमला कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान किकरी मोड़, बाड़ी ब्राह्मण निवासी के रूप में की गई है। आरोपी कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था और पंजाब से हिरासत में लिया गया था। यह घटना पुलिस थाना बिश्नाह में दर्ज की गई है। जिलाधिकारी (डीएम) जम्मू ने मृतक के पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टरों का एक मेडिकल बोर्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।

# 'विकसित भारत' की यात्रा आकांक्षा नहीं, साझा राष्ट्रीय मिशन:निर्मला



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में अपने संबोधन के दौरान कहा है कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की देश की यात्रा महज एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, सस्टेनेबल और इनोवेशन से जुड़े विकास के दृष्टिकोण से संचालित एक साझा 'राष्ट्रीय मिशन' है। भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।


उन्होंने 'विकसित भारत की नींव रखना, 2047 तक विकसित भारत' शीर्षक से अपने मुख्य भाषण के दौरान उपस्थित लोगों से कहा कि कोरोना महामारी और बैंकिंग संकट के बावजूद, पिछले एक दशक में हमारी प्रगति, मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादों और स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा प्रदान करती है।

### एमएसएमई को समर्थन दे रहे

वित्त मंत्री ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण न केवल सरकार द्वारा बल्कि प्रत्येक नागरिक के सामूहिक प्रयास से होगा। घरेलू विनिर्माण के विकास के लिए छोटे और मध्यम उद्यमों का एक संपन्न नेटवर्क जरूरी है। सरकार ने एमएसएमई को समर्थन देने के लिए कई पहल की हैं, जिसमें ऋण तक पहुंच को आसान बनाना शामिल है। ,

### भारत में शानदार काम

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में किए गए कुछ काम शानदार रहे हैं, जिसका उदाहरण डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) और इसकी सफलता है। डीपीआई का इस्तेमाल कर एक अरब से अधिक डिजिटल पहचान बनाई गई हैं। इनका इस्तेमाल कर लोगों के बैंक खाते बनाए गए और कोविड-19 महामारी के दौरान एक बटन क्लिक करने के साथ सरकार ने पैसे ट्रांसफर किए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109